फाल्गुन कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 9 मार्च 2024
वर्ष -34, अंक -44, पृष्ठ -14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



पड़ोसियों की खाद्य सुरक्षा का भी ध्यान रखता है भारत 14
फिल्म ओडेला 2 में तमन्ना शिवभक्ति में लीन 13



## रोहित-गिल ने जड़े शतक

**2019** के बाद टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा नौ शतक लगाने वाले ओपनर बने रोहित, टेस्ट में 12वां शतक

**धर्मशाला।** कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल के शतकों की मदद से भारत ने आखिरी टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को विकेट जल्दी गिरने के बावजूद स्थिति मजबूत करते हुए 8 विकेट पर 473 रन बना लिए। रोहित ने 103 रन और गिल ने 110 रन बनाने के साथ ही दूसरे विकेट के लिए 171 रन की साझेदारी की। भारत ने 1 विकेट पर 135 रन से आगे खेलते हुए दूसरे दिन 255 रन की बढ़त बनाई। इंग्लैंड के शोएब बशीर ने 4 और टॉम हार्टली ने 2 विकेट लिए। 135 रन से आगे खेलते रोहित और गिल ने सुबह दो घंटे में 129 रन बनाए। रोहित ने टॉम हार्टली की गेंद पर 1 रन लेकर 12वां टेस्ट शतक पूरा किया। वहीं, गिल ने भी इस श्रृंखला का दूसरा शतक लगाया।

| इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट शतक बनाने वाले भारतीय ओपनर | |
|---|---|
| 4 | सुनील गावस्कर |
| 4 | रोहित शर्मा |
| 3 | विजय मर्चेंट |
| 3 | मुरली विजय |
| 3 | केएल राहुल |

| बतौर ओपनर सबसे ज्यादा शतक | |
|---|---|
| 49 | डेविड वार्नर |
| 45 | सचिन तेंदुलकर |
| 43 | रोहित शर्मा |
| 42 | क्रिस गेल |
| 41 | सनथ जयसूर्या |
| 40 | मैथ्यू हेडन |

13 रिक्त सीटों के लिए मैदान में 14 प्रत्याशी, राज्यसभा की तरह विधान परिषद चुनाव में भी होगी क्रॉस वोटिंग

# सपा को कमजोर करने को 11वां प्रत्याशी उतार सकती है भाजपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश में विधान परिषद की 13 सीटों के लिए चुनाव होने वाला है। इस चुनाव में भी यहां भाजपा और सपा ही आमने-सामने है। राज्य विधानसभा में विधायकों के संख्या की गणित बताती है कि भाजपा अपनी 10 और सपा 3 सीट निकाल सकती है। सपा को और कमजोर बनाने की मंशा से भाजपा राज्यसभा चुनाव की तर्ज पर कहीं एक अतिरिक्त यानि 11वां प्रत्याशी न उतार दे, इससे संशकित सपा खेमे में भी इसकी चर्चा है।



- सपा को अपने ही विधायकों के पूरे वोट मिलने की सता रही चिंता
- फिलहाल भाजपा 10 और सपा 3 सीटों आसानी से जीत सकती है

दरअसल, राज्यसभा चुनाव में जिस तरह सपा के सात विधायकों ने भाजपा प्रत्याशियों के लिए मतदान किया उससे सपा कमजोर पड़ी। अब 21 मार्च को होने जा रहे विधान परिषद चुनाव में भी सपा के लिए इम्तिहान की घड़ी होगी। अगर भाजपा इस बार सात के अलावा और भी सपा विधायकों को अपना बनाने में कामयाब रही तो सपा को पहले से ज्यादा झटका लगेगा।

समीकरण की बात की जाए तो राज्य विधानसभा के कुल 403 सदस्यों में से फिलहाल 399 सदस्य हैं। एक एमएलसी सीट के लिए 29 वोट चाहिए। भाजपा के पास 252, अपना दल के 13, रालोद के 9, निषाद पार्टी के 6, सुभासपा के 6 और इसमें राजा भैया के दो विधायकों को भी जोड़ लें तो एनडीए के पास 288 विधायक हो रहे हैं। अब मतदान के मद्देनजर देखें तो सुभासपा का एक विधायक जेल में है जबकि एक विधायक ने राज्यसभा में सपा प्रत्याशी के लिए वोट किया था। वहीं, बसपा के एकमात्र विधायक ने भाजपा प्रत्याशी को वोट किया था। इस संभावित जोड़-घटाना की नजर से देखें तो एनडीए के खाते में में कुल 287 वोट आते हैं। अब इसमें सात क्रॉसवोटिंग वाले भी जोड़ लें तो 294 वोट होते हैं। वहीं सपा के पास 108 विधायक हैं और कांग्रेस के पास दो विधायक हैं। इस तरह सपा को फिलहाल 110 विधायक का समर्थन मिलता दिख रहा है। शंका है कि जिस तरह राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग हुई है उसके चलते सपा को अपने ही विधायकों के पूरे वोट मिल भी पाएंगे या नहीं।

### सहयोगी दलों का ख्याल रखेगी भाजपा

भाजपा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपने सहयोगी दलों को साधे रखने के लिए उनके नेताओं को परिषद में प्रतिनिधित्व दे सकती है। सूत्रों का दावा है कि भाजपा अपने कोटे से अपना दल-एस, जनसत्ता दल, सुभासपा ओर रालोद से भी एक-एक नाम भेज सकती है।



पांच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
एम.के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

# महिला दिवस पर सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर में 100 रुपये घटाए

## प्रधानमंत्री मोदी ने कहा-इससे करोड़ों परिवारों का कम होगा आर्थिक बोझ

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नारी शक्ति को बधाई दी और इस अवसर पर एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की छूट की घोषणा की। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि महिला दिवस के अवसर पर आज हमने एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की छूट का बड़ा फैसला किया है। उन्होंने कहा कि इससे नारी शक्ति का जीवन आसान होने के साथ ही करोड़ों परिवारों का आर्थिक बोझ भी कम होगा। उन्होंने कहा कि यह कदम पर्यावरण संरक्षण में भी मददगार बनेगा, जिससे पूरे परिवार का स्वास्थ्य भी बेहतर रहेगा। मोदी ने कहा कि रसोई गैस को और अधिक किफायती बनाकर सरकार का लक्ष्य परिवारों की भलाई और एक स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करना भी है।



### राजनीतिक अवसरवादिता की पराकाष्ठा : टीएमसी

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा एलपीजी सिलेंडर के दाम में कटौती की घोषणा की आलोचना की। पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल ने लोकसभा चुनाव से पहले इस कदम को राजनीतिक अवसरवादिता की पराकाष्ठा करार दिया। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी ने इसे सांकेतिक कटौती और सस्ता राजनीतिक हथकंडा भी करार दिया।

### महिलाओं के सशक्तीकरण को सरकार प्रतिबद्ध



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारी सरकार शिक्षा, उद्यमिता, कृषि, प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में पहल के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने एक के बाद एक पोस्ट में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का जिक्र किया और इससे महिलाओं को मिल रहे लाभ को रेखांकित किया। पीएम स्वनिधि योजना का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि इससे गरीब से गरीब कामगारों के जीवन में भी खुशियां आई हैं। कहा कि लखपति दीदी योजना देशभर में महिलाओं को सशक्त बनाने का एक बड़ा माध्यम बन रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना का जिक्र करते हुए कहा कि एक घर सम्मान का आधार होता है। यह वह जगह है जहां सशक्तीकरण शुरू होता है और सपने उड़ान भरते हैं।

### दाम घटाने पर योगी ने प्रधानमंत्री का जताया आभार



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शुक्रवार को एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत 100 रुपए घटाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्णय पर उनका आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर अपने एक पोस्ट में इस फैसले को मातृशक्ति का सम्मान और पर्यावरण को संरक्षित करने वाली लोक-कल्याणकारी सौगात बताया है। मुख्यमंत्री ने लिखा कि आज ''महिला दिवस'' के अवसर पर एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की छूट का निर्णय करोड़ों परिवारों को आर्थिक राहत देने के साथ ही मातृशक्ति को धुंए और प्रदूषण से मुक्ति दिलाकर स्वस्थ व खुशहाल जीवन प्रदान करेगा।

# कांग्रेस ने घोषित किए 39 उम्मीदवार राहुल गांधी वायनाड से फिर प्रत्याशी

नई दिल्ली, एजेंसी

**लोकसभा चुनाव**

- वेणुगोपाल बोले-फासीवादी सरकार को केंद्र से हटाने के लिए जीतेंगे अधिक से अधिक सीटें
- अमेठी से राहुल के चुनाव लड़ने परसंशय, फैसला सीईसी की अगली बैठक में संभव



कांग्रेस ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को 39 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की, जिसमें सबसे प्रमुख नाम पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का है, जो एक बार फिर केरल की वायनाड सीट से चुनाव लड़ेंगे। पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) ने लोकसभा चुनाव के लिए गुरुवार को छत्तीसगढ़, केरल और कई अन्य राज्यों की 39 सीट के लिए उम्मीदवारों के नाम पर मुहर लगाई थी। राहुल गांधी के अलावा इस सूची में कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर समेत कई वरिष्ठ नेताओं के नाम शामिल हैं।

वेणुगोपाल केरल की अलप्पुझा, थरूर तिरुवनंतपुरम और बघेल छत्तीसगढ़ की राजनांदगाव सीट से चुनाव लड़ेंगे। वेणुगोपाल ने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चुनावी मोड में है। इस मौके पर कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन और मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा भी मौजूद थे। माकन ने कहा कि यह सूची युवाओं और अनुभवी नेताओं का शानदार मिश्रण है। यह पूछे जाने पर कि क्या राहुल गांधी अमेठी से भी चुनाव लड़ेंगे तो वेणुगोपाल ने कहा, इस सूची के बारे में सीईसी ने गुरुवार को फैसला किया था। सीईसी की अगली बैठक 11 मार्च हो होगी जिसके बाद हम सूची के बारे में बताएंगे, इंतजार करिए।

वेणुगोपाल ने एक अन्य प्रश्न के उत्तर में कहा कि कांग्रेस अधिक से अधिक सीटें जीतने की कोशिश में है ताकि केंद्र से फासीवादी सरकार को हटाया जा सके। उन्होंने कहा कि इस लोकसभा चुनाव से देश के भविष्य का फैसला होगा। कांग्रेस के संगठन महासचिव का कहना था कि आने वाली सूचियों में और भी वरिष्ठ नेताओं के नाम शामिल होंगे।

मुख्य विपक्षी दल की पहली सूची में सबसे अधिक 16 उम्मीदवार केरल से हैं। कांग्रेस केरल की कुल 20 लोकसभा सीट में 16 पर चुनाव लड़ेगी। चार सीट पर सहयोगी दल चुनाव लड़ेंगे।

### 15 सामान्य वर्ग से और 24 ओबीसी, अल्पसंख्यक

कांग्रेस उम्मीदवारों की पहली सूची में 15 उम्मीदवार सामान्य वर्ग से और 24 अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक समुदायों से हैं। 12 उम्मीदवार 50 साल से कम, आठ उम्मीदवार 50 से 60 वर्ष के बीच और 12 उम्मीदवार 61 से 70 साल के बीच के जबकि सात उम्मीदवार 71 से 76 साल के बीच के हैं।

## एक नजर

### सुधा मूर्ति राज्यसभा के लिए की गईं मनोनीत

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को शिक्षिका-लेखिका और इन्फोसिस फाउंडेशन की अध्यक्ष सुधा मूर्ति को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'एक्स' पर अपने पोस्ट में लिखा कि सामाजिक कार्य, परोपकार और शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में सुधा जी का बहुत बड़ा और प्रेरणादायक योगदान रहा है। राज्यसभा में उनकी मौजूदगी हमारी 'नारी शक्ति' के लिए शक्तिशाली प्रमाण है। कर्नाटक के शिगगांव में 19 अगस्त, 1950 को जन्मी मूर्ति इंफोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति की पत्नी और अक्षता मूर्ति की मां है। अक्षता का विवाह ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से हुआ है।

### लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरें यथावत

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है और चालू वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही के लिए देय दरें यथावत रहेगी। वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग ने आज यहां जारी एक परिपत्र में कहा कि सुकन्या समृद्धि योजना, राष्ट्रीय विकास पत्र के साथ ही इस तरह की अन्य लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों में एक अप्रैल से 30 जून 2024 तक कोई बदलाव नहीं किया गया है।

### चुनावी बॉन्ड : 11 को शीर्ष कोर्ट में होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ राजनीतिक दलों द्वारा नकदी में परिवर्तित किए गए प्रत्येक चुनावी बॉन्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए 30 जून तक समय बढ़ाने का अनुरोध करने वाली भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की एक अर्जी पर 11 मार्च को सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ एक अलग याचिका पर भी सुनवाई करेगी, जिसमें एसबीआई के खिलाफ अवमानना कार्रवाई शुरू करने का अनुरोध किया गया है।

### हिमपात के बाद बंद केदारनाथ के कपाट 10 मई को खुलेंगे

**देहरादून।** बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) ने शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर घोषणा की है कि केदारनाथ के कपाट 10 मई को सुबह सात बजे श्रद्धालुओं के खोल दिए जाएंगे। बीकेटीसी के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने उखीमठ में ओंकारेश्वर मंदिर में यह घोषणा की। इस हिमालयी मंदिर के कपाट सर्दियों के दौरान बंद कर दिए जाते हैं जब यहां हिमपात होता है। हर साल इस मंदिर में लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। महाशिवरात्रि पर लोगों को बधाई देते हुए अजय ने कहा कि पिछले यात्रा सीजन में रिकार्ड संख्या में श्रद्धालु केदारनाथ धाम पहुंचे थे तथा इस साल तीर्थयात्रियों की संख्या और बढ़ेगी।

## सार्वजनिक बैंकों के कर्मियों का वेतन 17 प्रतिशत बढ़ेगा

नई दिल्ली, एजेंसी

- शनिवार की छुट्टी के प्रस्ताव पर भी सहमति

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के वेतन में सालाना 17 प्रतिशत की बढ़ोतरी होगी। नवंबर, 2022 से प्रभावी होने वाले इस फैसले से करीब आठ लाख बैंक कर्मचारी लाभान्वित होंगे।

भारतीय बैंक संघ (आईबीए) और बैंक कर्मचारी संगठनों के बीच शुक्रवार को 17 प्रतिशत की वार्षिक वेतन वृद्धि पर सहमति बनी। आईबीए, बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के संगठनों के साथ बातचीत कर वार्षिक वेतन में संशोधन करता है। इस बीच, ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स कन्फेडरेशन ने कहा कि सभी शनिवारों को छुट्टियों के रूप में मंजूरी देने पर भी सहमति जताई गई है। लेकिन कामकाज के घंटों में संशोधन का प्रस्ताव सरकार की अधिसूचना के बाद प्रभावी होगा।

बैंक अधिकारियों के संगठन ने कहा कि नए वेतनमान का निर्धारण 8088 अंकों के महंगाई भत्ते (डीए) और उस पर अतिरिक्त भार को मिलाकर किया गया है। नए वेतन समझौते के तहत महिला कर्मचारियों को चिकित्सा प्रमाणपत्र दिए बगैर भी हर महीने एक दिन की बीमारी की छुट्टी लेने की अनुमति होगी।

**हर-हर महादेव**



महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर राजधानी लखनऊ के विभिन्न मंदिरों में भक्तों ने शिव की आराधना की। इसी कड़ी में ठाकुरगंज में कल्याणगिरी मंदिर से निकली शिव बरात में भक्तों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। इस अवसर पर झांकी भी निकाली गई जिसमें भक्तों का उत्साह देखते ही बना। ● अमृत विचार

### नमाजियों से बदसलूकी पर एसआई निलंबित

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने उत्तरी दिल्ली के इंद्रलोक इलाके में सड़क पर नमाज अदा कर रहे कुछ लोगों को कथित तौर पर लात मारने वाले उपनिरीक्षक को शुक्रवार को निलंबित कर दिया। यह घटना 'असर की नमाज' के दौरान करीब दो बजे इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन के पास की है। इस घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए सड़क अवरुद्ध कर दी थी। इस कथित कृत्य का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। कथित वीडियो में देखा जा सकता है कि एक उपनिरीक्षक सड़क पर नमाज पढ़ते हुए लोगों को लात मार रहा है।

# लखनऊ को मिली एक और वंदे भारत

- ट्रायल के दौरान पटना से लखनऊ पहुंची ट्रेन, 12 से नियमित संचालन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर लखनऊ को वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात मिली। पटना से लखनऊ के बीच इस ट्रेन का ट्रॉयल आज पूरा कर लिया गया। 12 मार्च इस ट्रेन के नियमित संचालन की तैयारी है। ट्रायल रन में वंदे भारत एक्सप्रेस ने अपना सफर निर्धारित समय से 15 मिनट पहले पूरा कर लिया। 8 घंटे 40 मिनट पर ट्रेन चारबाग रेलवे स्टेशन पहुंच गई। रेलवे के अधिकारियों के अनुसार 12 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे, तभी से उसका नियमित संचालन शुरू हो जाएगा। लखनऊ से पटना के मध्य वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन संचालन की जिम्मेदारी पूर्व मध्य रेलवे जोन को सौंपी गई है।

**15 मिनट पहले चारबाग पहुंच गई ट्रेन:** सुबह 6.05 बजे से ट्रेन पटना स्टेशन से रवाना की गई। इसके बाद दानापुर, आरा, बक्सर दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन, वाराणसी, अयोध्या होते हुए दोपहर 2.30 बजे ही चारबाग रेलवे स्टेशन पहुंच गई। ट्रेन के चारबाग पहुंचने का समय 2.45 बजे था। 15 मिनट पहले ही चारबाग के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर पहुंच गई। इस ट्रेन को हफ्ते में छह दिन चलाने की तैयारी है।

### लखनऊ से देहरादून के लिए भी वंदे भारत

लखनऊ से देहरादून के लिए भी वंदे भारत चलेगी। इसके लिए रेलवे बोर्ड से संचालन के निर्देश जारी किए गए हैं। एक ही दिन में ट्रेन से लखनऊ से देहरादून जाकर वापस लखनऊ लौटा जा सकेगा। वंदे भारत एक्सप्रेस 8 :20 घंटे में लखनऊ से देहरादून की यात्रा कराएगी। लखनऊ-देहरादून वंदे भारत एक्सप्रेस को भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 12 मार्च को वीडियो कांफ्रेंसिंग से हरी झंडी दिखा सकते हैं। लखनऊ-देहरादून वंदे भारत एक्सप्रेस का रूट सर्वे पिछले साल अक्टूबर में ही हो गया था। लखनऊ जंक्शन से यह ट्रेन प्रतिदिन सुबह 5 :15 बजे छूटेगी। ट्रेन दोपहर 1 :35 बजे देहरादून पहुंचेगी। इसी तरह वापसी में देहरादून से दोपहर 2 :25 बजे चलकर रात 10 :45 बजे लखनऊ पहुंचेगी। वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन सप्ताह में छह दिन होगा। ट्रेन का ठहराव शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, और हरिद्वार स्टेशनों पर होगा।

**लापरवाही**

अंश निर्धारण में सैकड़ों किसानों की खतौनी में गड़बड़ी, किसी का रकबा घटा तो किसी का बढ़ा

# गलती सरकारी मशीनरी की, खामियाजा भुगत रहे किसान

श्याम मिश्र, शाहजहांपुर

- एक ही व्यक्ति का नाम दो-दो बार दर्ज कर दिया गया
- सुधार के लिए अधिकारी दे रहे कोर्ट जाने की सलाह

**अमृत विचार :** सैकड़ों किसानों की खतौनी में गलत अंश निर्धारण कर दिया गया है। यह गलती तो सरकारी मशीनरी से हुई लेकिन इसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। अब खतौनी में सुधार नहीं हो पा रहा है। किसानों को कोर्ट जाने की सलाह दी जा रही है।

पिछले वर्ष सरकार ने खतौनी में सभी खाता धारकों के अलग-अलग अंश निर्धारण करवाए थे। इस दौरान प्रत्येक नाम पर जमीन का रकबा अलग-अलग दर्ज किया गया, लेकिन ऐसा करते समय सैकड़ों खतौनी में गड़बड़ी हो गई। किसी का रकबा किसी के नाम पर चढ़ गया। किसी के नाम ज्यादा जमीन चढ़ गई तो किसी के नाम घट गई। कहीं-कहीं एक ही व्यक्ति के नाम पर दो-दो जगह जमीन चढ़ गई । एक खतौनी में एक ही व्यक्ति का नाम दो-दो जगह चढ़ा दिया गया। जमीन बेटे ने खरीदी लेकिन उसके पिता का नाम भी खतौनी में दर्ज हो गया। कहीं चाचा की जमीन भतीजे और भाभी के नाम दर्ज कर दी गई। इतना होने के बावजूद सरकारी नुमाइंदे अपनी गलती मानने को तैयार नहीं हैं और खतौनियों में सुधार करने की जगह किसानों को एसडीएम कोर्ट में मुकदमा दायर कर खतौनी सही कराने की सलाह दे रहे हैं। रियल टाइम खतौनी में जिन काश्तकारों का अंश निर्धारण गलत हो गया है उन्हें रकबा ठीक कराने के लिए धारा 38 के तहत न्यायिक प्रक्रिया में उलझना पड़ेगा। जिले की हर तहसील में किसी न किसी की जमीन गलत दर्ज हुई है, लेकिन सबसे ज्यादा गड़बड़ी पुवायां तहसील में बताई जा रही है। तहसील कर्मियों-अधिवक्ताओं के मुताबिक अब तक लगभग 200 प्रकरण संज्ञान में आ चुके हैं। इसी तरह तिलहर में लगभग 50, जलालाबाद में 100, सदर में 100 और कलान में करीब 50 खतौनियों में गड़बड़ी हुई है। यह संख्या हजारों में हो सकती है।

### आनन-फानन में हुआ अंश निर्धारण...

रियल टाइम खतौनी तैयार करने के लिए पर्याप्त समय था लेकिन स्थानीय स्तर पर इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। आनन-फानन इसे तैयार कर दिया गया। हल्का लेखपाल से अद्यतन स्थिति के अनुसार गाटा संख्यावार खातेदारों का अंश निर्धारण कर रिपोर्ट मंगवानी थी। इसी के आधार पर डाटा फीडिंग कराई जानी थी। मगर गलत डाटा फीडिंग की गई।

> अंश निर्धारण में गड़बड़ी के कुछ मामले संज्ञान में आए हैं। शिकायतकर्ता से तहसील से संपर्क करने के लिए कहा गया है। हमारा प्रयास है कि किसानों को परेशानी न हो और गलती ठीक हो जाए। - **संजय कुमार पांडेय,** एडीएम प्रशासन

> राजस्व परिषद की ओर से एसओपी जारी की गई है। अगर रियल टाइम खतौनी संबंधी गलती है तो तहसीलदार को प्रार्थना पत्र देकर गलती सही कराई जा सकती है। इसके अलावा कोई अन्य गलती है तो उसके लिए अन्य माध्यम हैं। - **संजय कुमार पांडेय,** एसडीएम पुवायां

## एक नजर

### महिलाओं, बेटियों के साथ हो रहीं जघन्य घटनाएं



**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने महिला दिवस पर उप्र. की कानून व्यवस्था को कटघरे में खड़ा किया। सपा प्रमुख ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कुछ घटनाओं का उदाहरण देते हुए कहा कि, राज्य में महिलाओं, बेटियों के साथ जघन्य घटनाएं हो रही है। सपा प्रमुख के मुताबिक, हमीरपुर में दो बहनों के साथ सामूहिक दुष्कर्म और उनकी मौत की घटना से पूरा प्रदेश शर्मसार है। बच्चियों को न्याय न मिलने से अब उनके पिता ने भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सहारनपुर में नौ साल की बच्ची का अपहरण कर रेप किया गया। बच्ची की हालत गंभीर है।

### प्रो. ओंकार बने लोकपाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रोफेसर ऑफ एमिनेंस रहे प्रवक्ता प्रो. ओंकार को महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय का लोकपाल नियुक्त किया गया है। उनका कार्यकाल तीन वर्ष के लिए रहेगा। इन्हें शासन सरस्वती सम्मान से भी सम्मानित कर चुकी है। वह एक अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शोधवेत्ता है।

# आने वाले समय में प्रदेश में होंगे 100 सीबीजी प्लांट

## गोरखपुर में सीबीजी प्लांट के लोकार्पण समारोह में बोले केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश में दस सीबीजी प्लांट हैं और आने वाले समय मे उप्र. में सौ सीबीजी प्लांट होंगे। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री शुक्रवार को गोरखपुर के धुरियापार में इंडियन ऑयल के सीबीजी प्लांट के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए कहा कि योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। इससे देश को पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में उप्र. का बड़ा योगदान होने जा रहा है।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने बांसगांव लोकसभा क्षेत्र को 222 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की शुरुआत की। योगी ने यहां ने 68 करोड़ रुपये से अधिक की 20 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 154 करोड़ रुपये से अधिक की 17 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। ये परियोजनाएं पेयजल, सड़क और बाढ़ बचाव कार्यों से संबंधित हैं।

समारोह को सांसद कमलेश पासवान और विधायक राजेश त्रिपाठी ने भी संबोधित किया। इस मौके पर विधायक श्रीराम चौहान, डॉ. विमलेश पासवान, प्रदीप शुक्ल, भाजपा के जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, इंडियन ऑयल के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर शांतनु गुप्ता, अध्यक्ष श्रीकांत माधव वैद्य आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



गोरखपुर के धुरियापार में इंडियन ऑयल के सीबीजी प्लांट के लोकार्पण के दौरान केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में अन्य। अमृत विचार

- केंद्रीय मंत्री ने की मुख्यमंत्री की सराहना
- कहा, प्रदेश एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर

### दक्षिणांचल में औद्योगीकरण के युग की शुरुआत : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मौके पर कहा कि यह सीबीजी प्लांट वेस्ट को वेल्थ में बदलने और किसानों की आमदनी बढ़ाने का एक बड़ा उदाहरण है। यह आम के आम और गुठलियों के दाम कहावत को चरितार्थ करने वाला है। उन्होंने कहा कि कुछ दशक पहले धुरियापार में लगी चीनी मिल, गन्ना न मिलने से एक सत्र भी नहीं चल पाई थी। तब लोगों ने यह मान लिया और कि यहाँ कुछ हो नहीं सकता है। पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप यहां उद्योग बनकर तैयार हो गया है।

### 165 करोड़ रुपये की पूंजी से प्लांट स्थापित

इंडियन ऑयल की तरफ से यह प्लांट 165 करोड़ रुपये की पूंजी निवेश से स्थापित हुआ है। इस प्लांट में रोजाना 200 मीट्रिक टन कृषि अवशेष (धान का भूसा) 20 मीट्रिक टन प्रेसमड और 10 मीट्रिक टन मवेशियो के गोबर का उपयोग होगा। बायोगैस प्लांट में प्रतिदिन लगभग 20 मीट्रिक टन बायोगैस और 125 मीट्रिक टन जैविक खाद का उत्पादन होगा।

# राष्ट्र प्रेरणा स्थल में तीन मूर्तियां बनाने को दिए 21 करोड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गोमती किनारे 65 फीट ऊंची होंगी अटल, मुखर्जी व दीन दयाल की मूर्तियां

**अमृत विचार :** गोमती किनारे बसंत कुंज योजना के सेक्टर जे में निर्माणाधीन राष्ट्र प्रेरणा स्थल में 65 फीट ऊंची अटल बिहारी वाजपेयी, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पं. दीन दयाल उपाध्याय की मूर्तियां लगाने का रास्ता साफ हो गया है। इसके लिए शासन ने 21 करोड़ 7 लाख 10 हजार रुपये खर्च करने की अनुमति दी है। इसी के साथ संस्कृति निदेशालय से मूर्ति निर्माण समिति के माध्यम से टेंडर प्रक्रिया भी शुरू हो गई है।

शासन ने राष्ट्र प्रेरणा स्थल योजना के लिए कार्यदायी संस्था लखनऊ विकास प्राधिकरण को करीब 139 करोड़ रुपये में 5 मार्च को जारी किए थे। शासन के संयुक्त सचिव गिरीश चंद्र मिश्र की ओर से गुरुवार को प्राधिकरण के उपाध्यक्ष को जारी आदेश के मुताबिक, तीन अदद स्टैच्यू की स्थापना व क्रय हेतु संस्कृति निदेशालय द्वारा मूर्ति निर्माण समिति के मार्गदर्शन में टेंडर के आधार पर 21 करोड़ 7 लाख 10 हजार रुपये खर्च होगा। शासन ने स्पष्ट किया है कि योजना के तहत म्यूजियम क्यूरेशन के लिए 24.50 करोड़ को पास नहीं किया गया है। इसका क्रियान्वयन बाद में संस्कृति विभाग से होगा। इस म्यूजियम में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीन दयाल उपाध्यक्ष के जीवन से जुड़ी चीजें दिखायी देंगी। यह म्यूजियम डिजिटल होगा। इसमें इन महापुरुषों के भाषणों के अंश भी सुनने को मिलेंगे।

### प्रेरणा स्थल के लोकार्पण का इंतजार

65 एकड़ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल के लिए मिले 117 करोड़ मिल चुके हैं। बीते माह 27.86 करोड़ की धनराशि देकर जीबीसी के दौरान 21 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी से लोकार्पण कराना था। मगर, कार्य पूरा करके तैयारी नहीं हो पाई। यहां अन्य प्रकार की कई सुविधाओं को लेकर भी काम जारी है।

# प्रदेश में आवश्यक सेवा प्रदाता के रूप में काम करेगी सेमीकंडक्टर यूनिट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सेमीकंडक्टर पॉलिसी के अनुसार राज्य में उद्योग को आवश्यक सेवा और रख-रखाव अधिनियम (ईएसएमए) के तहत एक आवश्यक सेवा प्रदाता के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा। राज्य सरकार सेमीकंडक्टर यूनिट लगाने वाले उद्यमियों को न सिर्फ वित्तीय बल्कि गैर वित्तीय प्रोत्साहन भी देगी।

उल्लेखनीय है कि इस अधिनियम की स्थापना कुछ सेवाओं की डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए की गई थी, जिनके बाधित होने पर लोगों का सामान्य जीवन प्रभावित होगा। ऐसे में सेमीकंडक्टर यूनिट की सफलता के लिए यह राज्य सरकार का बड़ा कदम होगा। औद्योगिक प्राधिकरण 24 घंटे पर्याप्त पानी उपलब्ध कराएंगे व एसटीपी निस्तारण की सुविधा भी प्रदान करेंगे या बनाएंगे। इसके साथ ही इकाई को 'ओपन एक्सेस' के माध्यम से विद्युत प्राप्त करने की अनुमति दी जाएगी। यही नहीं इकाई को नवीकरणीय हरित ऊर्जा के लिए पॉवर बैंकिंग भी प्रदान की जाएगी। यह राज्य के विद्युत नियामक आयोग (ईआरसी) दिशा निर्देशों के अनुसार शासित होगा।

### बाधा रहित व्यवसाय प्राविधान भी होंगे लागू

इकाइयों के प्रोत्साहन के लिए बाधा रहित व्यवसाय प्राविधान भी लागू किए जाएंगे। इसके अंतर्गत सेमीकंडक्टर इकाइयों को संरक्षण दिया जाएगा, ताकि उनको अनुकूल वातावरण प्रदान किया जा सके। इकाइयों को कुछ इम्यूनिटी भी दी गई है। इसके तहत विकासकर्ता द्वारा निवेश पूर्ण करने और संबंधित प्राधिकरण से पूर्णता प्राप्त करने के साथ ही पूरा लीज रेंट भुगतान करने के बाद किसी सेमीकंडक्टर इकाई द्वारा किसी भी मानदंड उपनियम के उल्लंघन के मामले में पट्टा विलेख निरस्त करने के लिए प्राधिकरण के निदेशक मंडल की स्वीकृति एक पूर्व आवश्यकता होगी।

### 24 घंटे तीन पालियों में हो सकेगा परिचालन

सेमीकंडक्टर इकाइयों को 24 घंटे तीन पालियों में महिलाओं के रोजगार की अनुमति होगी, लेकिन इसके लिए कुछ विशेष शर्तें रखी गई हैं। इसके अनुसार जो इकाइयां महिला कर्मचारियों की सुरक्षा के संबंध में आवश्यक सावधानी पुख्ता करेंगी, उन्हें इसकी अनुमति प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त सेमीकंडक्टर इकाइयों को विशिष्ट शिकायतों के कारण होने वाले निरीक्षणों को छोड़कर कई अधिनियमों और उनके तहत नियमों के अंतर्गत निरीक्षण से छूट है।

# आचार संहिता से पहले पीडब्ल्यूडी का धनावंटन पर फोकस

## रामपुर, लखनऊ, कानपुर समेत कई जिलों को जारी हुई करोड़ों की धनराशि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोक निर्माण विभाग का बजट के अनुरूप अगले सप्ताह तक धनावंटन और 21 दिन में कार्य पूरा करने की योजना पर तेजी से काम शुरू हो गया है। शासन से रोजाना अरबों का धनावंटन हो रहा है। साथ ही, सरकार की ओर से सख्त रूख अपनाते हुए अवकाश में भी मॉनीटरिंग शुरू हो गई है। कोशिश है कि लोकसभा चुनाव की आचार संहिता प्रभावी होने से पहले धनावंटन का कार्य पूरा हो जाए, ताकि कार्य पूरा करने में कोई रुकावट न हो।

शासन ने 24 घंटे के भीतर सभी जिलों को अरबों रुपये सड़कों के नवीनीकरण, सुदृणीकरण, चौड़ीकरण आदि के लिए जारी किया है। यह सिलसिला अगले सप्ताह तक तेजी से जारी रहेगा। मार्च के दूसरे सप्ताह के आखिर में या तीसरे सप्ताह में लोकसभा चुनाव की अधिसूचना हर हाल में जारी होने की उम्मीद है, ऐसे में बजट के अनुरूप आवंटन पर फोकस है, ताकि मार्च माह में तीन दिन पहले ही छोटे-छोटे सड़कों के काम काम पूरा करके धनराशि का व्यय सुनिश्चित हो सके और अंत में मानीटरिंग के साथ जरूरी बड़े काम निपटाए जा सके।

रामपुर जनपद में विलासपुर मिलक मार्ग के किमी 18 से रासडंडिया से सिलईबड़ा भौजीपुरा मार्ग पर 11.300 किमी के कार्य की कुल लागत 37.54 करोड़ के सापेक्ष 7.50 करोड़ रुपये जारी हुआ है। जबकि कानपुर नगर, महराजगंज, जौनपुर और फर्रुखाबाद के लिए 81.64 करोड़ की स्वीकृति देते हुए 16.20 करोड़ जारी हुए हैं। इसमें कानपुर के शिवराजपुर मार्ग को दो लेन से चार लेन करने का काम भी शामिल है। हरदोई व झांसी के लिए 1.47 करोड़ समेत कई जिलों में 31 नए मार्गों के लिए 31.18 करोड़ रुपये भेजे गए हैं।

लखनऊ-कानपुर मार्ग से हरदोई मार्ग तथा हरदोई मार्ग से सीतापुर मार्ग के गोमतीनदी पर बने घैलापुर के क्षतिग्रस्त पहुंचमार्ग की मरम्मत भी तेजी से पूरा करने के लिए 1.47 करोड़ दिए गए हैं। लखनऊ में डालीगंज से निशातगंज मार्ग पर इंदिराब्रिज के विशेष मरम्मत के लिए शासन ने 46.57 लाख रुपये जारी किए हैं।



- अगले सप्ताह तक धनावंटन और 21 दिन में कार्य पूरा करने की योजना

### 61 सड़कों के लिए ऊंट के मुंह में जीरा जैसे हालात

लखनऊ, उन्नाव, अयोध्या, सुल्तानपुर, बाराबंकी, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, हरदोई, कानपुर देहात, औरैया, कन्नौज, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, बिजनौर, आदि जिलों की पीडब्ल्यूडी से बनने वाली 61 सड़कों के लिए एक-एक लाख रुपये जारी करके शासन ने ऊंट के मुंह में जीरा की कहावत चरितार्थ की है। जबकि इन नई सड़कों के लिए इस सत्र में 503.27 करोड़ का बजट पास किया गया था। सूत्रों का कहना है कि इस धनराशि से सिर्फ शिलान्यास की औपचारिकता ही पूरी हो पाएगी। काम अगले सत्र में शुरू हो पाएगा।

### नटवाडीह टीला संवारने को मिले 1.14 करोड़

लखनऊ विकास प्राधिकरण के लिए शासन ने बिजनौर रोड स्थित नटवाडीह डीला की चारदीवारी, कंक्रीट सड़क और पार्किंग का निर्माण कार्य कराने के लिए 2.29 करोड़ की प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति का शासनादेश जारी करते हुए इसकी 50 फीसदी धनराशि 1.14 करोड़ से अधिक निर्गत करने का आदेश दिया है।

# घर बैठे वोट डाल सकेंगे 85 वर्ष की उम्र से ऊपर के वोटर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारत निर्वाचन आयोग के नवीनतम दिशा-निर्देशानुसार उप्र. के सभी 85 वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर के मतदाताओं को मतदान करने के लिए पोस्टल बैलट की सुविधा मिलेगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी उप्र. नवदीप रिणवा ने बताया कि सभी 85 साल की आयु वर्ग से ऊपर के वोटर स्वेच्छा से पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान करने के लिए निर्धारित फार्म-12डी में आवेदन कर घर बैठे ही मताधिकार का उपयोग कर सकते हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि फार्म-12डी अधिसूचना जारी होने के पांच दिवसों के अन्दर सम्बन्धित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर 85 वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर के मतदाताओं को उपलब्ध कराया जाएगा और भरा हुआ फार्म-12डी प्राप्त किया जाएगा।

फार्म-12डी भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट www.eci.gov.in के होम पेज पर मेन्यू के अन्तर्गत कैंडिडेट नॉमिनेशन एण्ड अदर फॉर्म्स के लिंक पर उपलब्ध है, जहां से इसे डाउनलोड करके भरकर सम्बन्धित निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय में जमा कराया जायेगा।

- बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर उपलब्ध कराए जाएंगे फॉर्म
- पोस्टल बैलट वोट देने के लिए फार्म-12डी भरना होगा

# लोकसभा चुनाव में प्रेक्षक बनेंगे प्रदेश के 50 आईएएस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में उप्र कैडर के 50 आईएएस अधिकारी प्रेक्षक के रूप में तैनात किए जाएंगे। केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने चुनाव के संदर्भ में आवश्यक जानकारी देने के लिए 11 मार्च को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में ब्रीफिंग बैठक बुलाई है। इसमें 25 आईएएस को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहने और शेष 25 अफसरों को वर्चुअल माध्यम से हिस्सा लेने के लिए कहा गया है। नियुक्ति विभाग ने संबंधित अधिकारियों को बैठक में भाग लेने के लिए निर्देशित भी कर दिया है।

जिन आईएएस अधिकारियों को बैठक में व्यक्तिगत रूप से भाग लेना है, उनमें निदेशक उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी नीना शर्मा, सचिव बेसिक शिक्षा अपर्णा यू., सचिव खेलकूद एवं युवा कल्याण सुहास एल.वाई., सचिव महिला कल्याण बी.चंद्रकला, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ग्रेटर नोएडा संजय कुमार खत्री, निदेशक महिला कल्याण संदीप कौर, विशेष सचिव सिंचाई एवं जल संसाधन डा. हीरालाल, विशेष सचिव कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा अमरनाथ उपाध्याय, विशेष सचिव नियोजन पुलकित खरे, विशेष सचिव नगर विकास अमित कुमार सिंह शामिल होंगे।

इनके अलावा अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण श्रुति, विशेष सचिव ऊर्जा प्रशांत शर्मा, विशेष सचिव हथकरघा एवं वस्त्र उद्योग शेषमणि पांडेय, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी यूपीडा हरि प्रताप शाही, विशेष सचिव सिंचाई एवं जल संसाधन डा. अरविंद कुमार चौरसिया, विशेष सचिव आवास एवं शहरी नियोजन मनोज कुमार द्वितीय, विशेष सचिव वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन डा. चंद्रभूषण, सीईओ उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण दिव्या मित्तल, अपर आयुक्त उद्योग राजकमल यादव, मिशन निदेशक उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन दीपा रंजन, मिशन निदेशक कौशल विकास मिशन रमेश रंजन, विशेष सचिव आइटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स नेहा जैन, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ग्रेटर नोएडा मेघा रूपम, प्रबंध निदेशक पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम ईशा दुहन, विशेष सचिव सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग रवि रंजन शामिल हैं।

- 11 मार्च को निर्वाचन आयोग की बैठक में होगी ब्रीफिंग

### वर्चुअल माध्यम से जुड़ेंगे ये अधिकारी

जिन अधिकारियों को बैठक में वर्चुअल माध्यम से भाग लेना है, उनमें प्रमुख सचिव वाह्य सहायतित परियोजना पंधारी यादव, आयुक्त राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र संयुक्ता समद्दार, दुग्ध आयुक्त शशिभूषण लाल सुशील, सचिव समाज कल्याण समीर वर्मा, आयुक्त ग्राम्य विकास गौरी शंकर प्रियदर्शी, सचिव कार्यक्रम कार्यान्वयन गुर्राला श्रीनिवासुलु, महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा, सचिव उत्तर प्रदेश पुनर्गठन समन्वय अभय, सचिव चिकित्सा शिक्षा पवन कुमार, विशेष सचिव उच्च शिक्षा अखिलेश कुमार मिश्रा, सचिव एमएसएमई प्रांजल यादव, सचिव माध्यमिक शिक्षा डा. वेदपति मिश्रा, प्रभारी महानिरीक्षक निबंधन डा. रूपेश कुमार, विशेष सचिव दिव्यांगजन सशक्तीकरण भूपेंद्र एस. चौधरी, विशेष सचिव कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा ब्रजेश नरायन सिंह, सचिव रेरा प्रमोद कुमार उपाध्याय, विशेष सचिव श्रम कुणाल सिल्कू और विशेष सचिव कृषि ऋषिरेंद्र कुमार शामिल हैं।

# पांच जिलों में बनेंगे आश्रम पद्धति विद्यालय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बेहतर शिक्षा सुविधा मुहैया कराने की दिशा में समाज कल्याण निदेशालय ने एक और कदम बढ़ाया है। प्रदेश के पांच जिलों में चार नए आश्रम पद्धति विद्यालय (एटीएस) खोले जाएंगे। एक विद्यालय के निर्माण पर लगभग 40 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश के 75 जिलों में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। विद्यालय में लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। एक फरवरी को आए केंद्रीय बजट में भी छात्रावास और आश्रम पद्धति विद्यालय के लिए बजट बढ़ाया गया था। बजट को 110 करोड़ से बढ़ाकर 125 करोड़ किया गया था। समाज कल्याण विभाग ने कन्नौज, शाहजहांपुर, गौतमबुद्धनगर, शामली और बागपत में नए आश्रम पद्धति विद्यालय बनाने का प्रस्ताव भेजा था। प्रस्ताव को शासन से हरी झंडी मिल गई है। नए वित्तीय वर्ष में पांच नए आश्रम पद्धति विद्यालय का निर्माण कार्य शुरू होगा। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि आश्रम पद्धति विद्यालयों की संख्या बढ़ने का लाभ छात्रों को मिलेगा।

### एटीएस को भी ऑनलाइन करने की तैयारी

**अमृत विचार :** आश्रम पद्धति विद्यालय को भी ऑनलाइन करने की तैयारी है। पिछले माह शुरू हुए कल्याण साथी मोबाइल एप पर इसका विवरण उपलब्ध है। समाज कल्याण निदेशालय की ओर से प्रयास किया जा रहा है कि छात्रों को इस बात की जानकारी भी मिल सके कि किस आश्रम पद्धति विद्यालय में कितनी सीटें खाली हैं। समाज कल्याण निदेशक के अनुसार एटीएस का डाटा बैंक भी बनाया जाएगा। डाटा बैंक और ऑनलाइन होने के बाद जरूरतमंदों को राहत मिलेगी।

# डेबिट-क्रेडिट कार्ड का प्रयोग करने पर ही मिलेगा सेलरी पैकेज का लाभ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बैंक आफ बड़ौदा के सेलरी पैकेज में दुर्घटना बीमा दावा के नियम को या तो पुलिसकर्मी समझ नहीं पाए हैं अथवा जिम्मेदार अफसरों ने उन्हें समझाया नहीं, इसका दुष्परिणाम यह हुआ कि उनका डेबिट कार्ड पर (दस लाख) तथा क्रेडिट कार्ड (20 लाख) का अधिक बीमा धन का भुगतान अटक गया।

इस बाबत पुलिस मुख्यालय से सभी विभागाध्यक्षों और कार्यालयाध्यक्ष को पत्र भेजा है। उस पत्र में कहा गया कि इस संदर्भ में बैंक ऑफ बडौदा के महाप्रबंधक एवं आंचलिक प्रमुख की ओर से भेजे गए स्पष्टीकरण के तथ्यों से पुलिस अफसरों और कर्मचारियों को अवगत कराने हुए जागरूक किया जाए।

पुलिस महकमें के तकरीबन साढ़े तीन लाख पुलिस अफसरो और कर्मियों का वेतन पहले एसबीआई से मिलता था। बाद में बैंक आफ बड़ौदा की ओर से बेतहर सुविधा के मिले ऑफर, जिसमें पुलिसकर्मियों के ऑन ड्यूटी दुर्घटना में मौत पर एक करोड़ पांच लाख तथा ऑफ ड्यूटी दुर्घटना में मौत होने पर 90 लाख था। इसमें योद्धा डेबिट कार्ड पर दस लाख विक्रम क्रेडिट कार्ड पर 20 लाख दुर्घटना बीमा शामिल था।

इस ऑफर के बाद पुलिस महकमें का सेलरी उसमें (बैंक आफ बड़ौदा) ट्रांसफर हो गया। इधर, कुछ पुलिसकर्मियों की मौत होने पर डेबिट कार्ड तथा क्रेडिट कार्ड का अधिक बीमा धन का भुगतान नहीं होंने से पुलिस महकमें में सवाल खड़े होने लगे। उसके बाद पुलिस मुख्यालय ने बैंक के प्रबंधन से इस बाबत पूछताछ की तो उन्होंने स्थिति स्पष्ट की है।

इसके बाद पुलिस अधीक्षक भवन एवं कल्याण आशुतोष मिश्र ने पत्र लिखकर बैंक की ओर से दिए गए स्पष्टीकरण से अवगत करते हुए बताया है कि बैंक से हुए करार (एसओयू) के तहत डेबिट कार्ड दुर्घटना बीमा पाने के लिए, दुर्घटना के 30 दिन के भीतर डेबिट का प्रयोग होना आवश्यक है। इसी तरह क्रेडिट कार्ड दुर्घटना बीमा पाने के लिए क्रेडिट कार्ड जारी होने के 30 दिन के भीतर सक्रिय तथा एक वर्ष में एक बार प्रयोग होना आवश्यक हैं।

- कई मामलों में पुलिसकर्मियों का अटक गया है बीमा का वास्तविक भुगतान
- पुलिस मुख्यालय ने विभागाध्यक्षों को भेजा पत्र, कहा-सभी को करें जागरूक



माकपा कार्यालय में बैठक करते वाम दलों के प्रदेश स्तरीय नेता। अमृत विचार

# चुनावी बांड मामले में 12 को वामदल करेंगे प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एसबीआई लोकसभा चुनाव के पहले नहीं देना चाहती चुनावी बांड का विवरण-सीपीएम

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश के वामपंथी दलों की एक बैठक सीपीएम कार्यालय में हुई। वामदलों के नेताओं ने कहा कि मोदी सरकार के दबाव में स्टेट बैंक आफ इंडिया चुनावी बांड के विवरण लोकसभा चुनाव के पहले नहीं देना चाहती है। बांड के जरिये भाजपा को बेशुमार पैसा देने वालों का खुलासा हो जाएगा। चुनावी बांड का विवरण इलेक्शन कमीशन ने 6 मार्च तक देने का निर्देश दिया था। दो दिन पहले एसबीआई ने 116 दिनों का समय मांगा। जिस बैंक का सारा काम काज डिजिटल हो उसे चुनावी बांड विवरण देने के लिए इतना समय मांग रही है। इससे साफ जाहिर हो रहा है कि एसबीआई सरकार के दबाव में है। नेताओं ने कहा कि 12 मार्च को प्रदेश भर में विरोध प्रदर्शन करेंगे। बैठक में भारत की कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव डॉ. हीरालाल यादव, सचिव अरविंद राज स्वरूप, भाकपा माले रमेश सिंह सेंगर, सीपीआई सचिव मण्डल सदस्य फूलचंद यादव, फारवर्ड ब्लाक के राज्य सचिव उदयनाथ सिंह मौजूद रहे।

# मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाने की शर्तें तय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार के फैसले के बाद उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने किसानों के निजी नलकूप कनेक्शन पर मुफ्त बिजली का आदेश जारी कर दिया है। लेकिन किसानों को 31 मार्च 2023 तक के बिजली बिल बकाये को शून्य करने पर ही उन्हें इस योजना का लाभ मिलेगा। बुंदेलखंड के किसानों को प्रतिमाह 1300 और अन्य किसानों के कनेक्शन पर प्रतिमाह 1045 यूनिट बिजली मुफ्त होगी। तय सीमा से अधिक खपत पर अतिरिक्त बिजली का भुगतान करना पड़ेगा।

पावर कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार ने मुफ्त बिजली से संबंधित विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए हैं। योजना का लाभ लेने वाले किसानों को कनेक्शन पर मीटर लगाना अनिवार्य होगा। बिल के भुगतान के लिए ब्याज माफी योजना 31 मार्च 2023 से पूर्व के बकायेका भुगतान करने के लिए प्रबंधन ने अधिभार (ब्याज) माफी की योजना भी दी है। बकायेदार किसानों को 30 जून 2024 तक इसके लिए रजिस्ट्रेशन कराना पडेगा। रजिस्ट्रेशन में बकाये बिल का 30 फीसदी मूलधन एकमुश्त जमा करना होगा। इसके बाद एकमुश्त पूरी राशि जमा करने पर 100 फीसदी, तीन किश्तों में जमा करनेपर 90 फीसदी और छह किस्तों में जमा करने पर ब्याज में 80 फीसदी छूट मिलेगी।

**बिल भुगतान करने वाले किसानों को धन वापसी का जिक्र नहीं :** विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि पावर कारपोरेशन ने अपने आदेश में यह स्पष्ट नहीं किया है कि जिन आदर्श किसानों ने एक अप्रैल 2023 के बाद अपनेनिजी नलकूप पर भुगतान किया है, उसकी वापसी किस प्रकार से की जाएगी। प्रबंधन को इसे स्पष्ट करना चाहिए। उन्होंने इसके लिए आदेश जारी करने की मांग की है।

- 31 मार्च 2023 तक के बिजली बिल बकाये को शून्य करने पर ही मुफ्त बिजली का मिलेगा लाभ

### यह है किसानों को मुफ्त बिजली का गणित

यदि किसान का कनेक्शन 10 हॉर्सपावर का है तो उसे 140 यूनिट प्रति किलोवाट प्रतिमाह के उपभोग पर ही 100 प्रतिशत छूट का लाभ मिलेगा। 10 हॉर्सपावर कनेक्शन को किलोवाट में बदलने पर वह 7.46 किलोवाट होगा। जिससे 10 हॉर्सपावर के विद्युत कनेक्शन पर 1045 यूनिट बिजली की छूट मिलेगी। इसी प्रकार फिक्स चार्ज पर 10 किलोवाट तक 100 प्रतिशत छूट होगी। बुंदेलखंड क्षेत्र के किसानों को 12.5 हॉर्सपावर तक का कनेक्शन 9.32 किलोवाट का होगा। इन किसानों को 1300 यूनिट बिजली मुफ्त मिलेगी।

## शहर में आज

- लखनऊ विश्वविद्यालय में रोजगार मेला-11:00 बजे।
- रवीन्द्रालय लॉन, लखनऊ पुस्तक मेले में काव्य समारोह-11:00 बजे।
- डिप्लोमा इंजीनियर संघ भवन में उत्तर प्रदेश लेखा एवं लेखा परीक्षा सेवा एसोसिएशन की बैठक-11:00 बजे।
- ऐशबाग, तिलकनगर के अग्रसेन पार्क में श्याम निशानोत्सव- 6.00 बजे।

# सड़क पर पार्किंग, धीमी हुई रफ्तार

## निजी अस्पताल के बाहर भी खड़े रहते हैं वाहन, ऑटो और टेंपो सड़क पर ही बैठाते हैं सवारियां


कानपुर रोड की तरफ से आते वाहनों की लंबी कतार। अमृत विचार


अवध चौराहे पर निजी अस्पताल के बाहर खड़े वाहन। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ चौराहे पर पूरा दिन बनी रहती है दुर्घटनाओं की आशंका

**अमृत विचार :** अवध चौराहे से आलमबाग बस स्टेशन की तरफ आधी सड़क पर अवैध पार्किंग ने यातायात पटरी से उतार दिया है। चौराहे के पास स्थित निजी प्रतिष्ठित अस्पताल के वाहन भी सड़क पर खड़े रहते हैं। ऑटो-टेंपो और ई-रिक्शा भी सड़क पर ही सवारी बैठाते हैं। इन अव्यवस्थाओं के कारण चौराहे पर पूरा दिन जाम लगा रहता है।

अवध चौराहे पर कानपुर, दुबग्गा, वीआईपी रोड और चारबाग से गाड़ियां आती-जाती है। चौराहे पर प्रतिदिन हजारों गाड़ियां गुजरती हैं। इन गाड़ियों को इस चौराहे पर अधिक समय के लिए खड़ा होना पड़ता है। ऑटो-टैंपो और ई-रिक्शा चालक मुख्य चौराहे पर ही सवारियां उतारते और भरते हैं। चालक चौराहे के सवारी देखते ही रिक्शा मोड़ देते हैं। इससे दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। ऑटो-टैंपो और ई-रिक्शा बीच चौराहे पर ही सवारियां भरते हैं, लेकिन यातायात पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती है। सबसे ज्यादा ट्रैफिक कानपुर की तरफ से आने वाली गाड़ियां का होता है। सर्विस लेन में ठेले वालों ने अतिक्रमण कर रखा है। इससे गुजरने वाले राहगीरों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

### बिना पार्किंग के बने अस्पताल व कॉम्पलेक्स

चौराहे के आसपास बिना पार्किंग के कई अस्पताल व कॉम्पलेक्स बने हैं। इनमें रोजाना 300 से 500 लोगों की आवाजाही रहती है। इनके वाहन बीच सड़क पर खड़े होते हैं। इस चौराहे की यातायात व्यवस्था को ध्वस्त करने के पीछे इन भवनों की भूमिका है। यहां पर कार्रवाई करने से एलडीए, नगर निगम और पुलिस भी कतराती है। हर बार नया अधिकारी आता है, तो वह अपनी योजना शुरू करता है, लेकिन इनके हटते ही योजना भी उनके मातहत ठंडे बस्ते में डाल देते हैं।

### शहर में कई जगह रही जाम की स्थिति

**अमृत विचार, लखनऊ :** महाशिवरात्रि के अवसर पर शहर के तमाम शिवालयों के आसपास रूट डायर्वट कर वैल्कपिक मार्गों चयनित किए गए थे। सुबह से ही राजधानी में कई इलाकों में रूट डायर्वजन के चलते वैकल्पिक मार्गों में जाम की स्थिति दिखाई। तंग-गलियों में सुबह से लेकर देर रात तक गाड़ियों की आवाजाही बनी रही। दरअसल, बुधवार को डीसीपी ट्रैफिक सलमान ताज पाटिल ने महाशिवरात्रि के अवसर शहर के प्रमुख शिवालयों के आसपास वैकल्पिक मार्गों का चयन करते हुए एक रूट प्लान तैयार किया था। ताकि श्रद्धालुओं की उमड़ती भीड़ के साथ राहगीरों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में कोई दिक्कत न हो। महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या से रूट डायवर्जन की व्यवस्था लागू की गई थी। मनकामेश्वर मंदिर पर डालीगंज इक्का तांगा स्टैंड चौराहा व बंधा रोड होते हुए हनुमान सेतु मंदिर तिराहे की ओर आवाजाही बंद थी। वैकल्पिक मार्ग आईटी चौराहे और डालीगंज पुल ट्रैफिक का काफी दबाव था। जिस वजह से इन मार्गों पर राहगीरों के वाहन रेंगते रहे। इसके अलावा आईटी चौराहा या सुभाष चौराहा पर भी जाम की स्थिति दिन भर बनी रहीं। बुद्धेश्वर मंदिर की तरफ आवाजाही बंद रही। वैकल्पिक मार्ग बुद्धेश्वर ओवरब्रिज, मोहान मोड से तिकोनिया तिराहा, और दुबग्गा तिराहा से तिकोनिया तिराहा/बाराबिरवा चौराहा पर भी जाम की स्थिति देर शाम तक बनी रही। इसके अलावा, ठाकुरगंज के कल्याणगिरी मंदिर से निकली शिव बरात के कारण पुराना शहर चोक हो गया। बालगंज, ठाकुरगंज, तहसीनगंज, चौक और सआदतगंज क्षेत्र की तंग गालियों में राहगीर वाहनों के साथ दिखाई पड़े।

# दुस्साहस: छात्र को पीटा पिलाया नाली का पानी

▶▶ मां का आरोप शिकायत करने पर भी पुलिस ने नहीं की कार्रवाई

**अमृत विचार, लखनऊ:** आशियाना थानाक्षेत्र अंतर्गत साहेलनगर में पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोसियों ने एक छात्र की पिटाई कर दी। जिसके बाद दबंगों ने जबरन छात्र को नाली का पानी पिलाया। यह आरोप लगाते हुए छात्र की मां ने आशियाना थाने में लिखित शिकायत की। बावजूद इसके पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। इसके बाद महिला ने आलाधिकारियों से कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर मदद की गुहार लगाई है। साहेलनगर कॉलोनी निवासी कांती ने तहरीर में बताया कि उनका बेटा (14) नौवीं कक्षा में पढ़ता है। एक मार्च को बेटा घर के बाहर खड़े एक ई-रिक्शे पर बैठकर नमकीन खा रहा था। आरोप है कि इस बीच रंजिश को लेकर पड़ोसियों ने बेटे की बेरहमी से पीटा। बचाने आई कांती के साथ भी मारपीट की। हमलावरों ने बेटे को जबरन नाली का पानी भी पिलाया। आरोप है कि थाने में शिकायत दी लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। पड़ोसी की तहरीर पर कांती के चार बच्चों पर एफआईआर दर्ज कर ली गई। शुक्रवार को पीड़िता ने आलाधिकारियों से शिकायत की। प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह ने बताया कि महिला की तरफ शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# जिला समाज कल्याण अधिकारी निदेशालय से संबद्ध

**अमृत विचार, लखनऊ :** रायबरेली के जिला समाज कल्याण अधिकारी को समाज कल्याण निदेशालय से संबद्ध कर लिया गया है। उन्होंने गुरुवार को निदेशालय में कार्यभार संभाल लिया। पूरे मामले की जांच रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि फरवरी में रायबरेली में समाज कल्याण विभाग की एडीओ प्रगति वर्मा (डलमऊ ब्लाक) को वृद्धावस्था पेंशन के लाभार्थियों से पेंशन स्वीकृत के बदले रिश्वत मांगने के आरोप में निलंबित कर दिया गया था। एडीओ पर आरोप है कि प्रति लाभार्थी उन्होंने 500-500 रुपयों की मांग की थी। दोनों को लिखित में अपना पक्ष रखने के लिए भी समय दिया गया था। समाज कल्याण निदेशक ने पूरे मामले की जांच उपनिदेशक अयोध्या को सौंपी थी, अब जांच रिपोर्ट का इंतजार है। जांच रिपोर्ट आने के बाद शासन के निर्देशानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिला समाज कल्याण अधिकारी रायबरेली वैभव त्रिपाठी ने गुरुवार को निदेशालय में कार्यभार संभाला।

## एक नजर

### आज और कल खुले रहेंगे काउंटर, जमा करें गृहकर

**अमृत विचार, लखनऊ :** गृहकरदाताओं की सुविधाओं के लिए अवकाश के दिन नगर निगम कैश काउंटर खोलेगा। 9 वा 10 मार्च को सभी जोनल कार्यालय पर कैश काउंटर खुलेंगे। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने अपील की। अधिक की संख्या में गृहकर जमा करें। वर्तमान में बकाया गृहकर का एसएमएस अलर्ट भेजने के साथ मोबाइल पर भुगतान लिंक सहित ई-बिल प्रेषित किए जा रहे है। भवन स्वामियों को कार्यालय में नगद व चेक द्वारा भुगतान के अतिरिक्त कैश काउंटर पर स्थापित पेटीएम क्यूआर कोड द्वारा यूपीआई के माध्यम से गृहकर जमा करने की सुविधा शुरू की गई है। नगर निगम लखनऊ की वेबसाइट पर ऑनलाइन बैंकिंग/क्रेडिट व डेबिट कार्ड या पेटीएम पर गृहकर भुगतान की सुविधा उपलब्ध है। साथ ही नजदीकी एचडीएफसी व आईसीआईसीआई बैक शाखा के काउंटर पर भवन स्वामी गृहकर का भुगतान कर सकते है।

### 1250 ने स्पॉन्सरशिप योजना में किया आवेदन

**अमृत विचार, लखनऊ :** अनाथ बच्चों के लिए शुरू की गई स्पान्सरशिप योजना में 1250 ने आवेदन किया है। 175 पात्रों का सत्यापन कराया जा चुका है और उनके खाते में राशि भेजी जा रही है। ग्रामीण क्षेत्र में 72 हजार और शहरी क्षेत्र में 96 हजार रुपये प्रतिवर्ष की कमाई वाले लोगों को ही योजना का लाभ मिल रहा है। हालांकि किसी बच्चे के माता-पिता और वैध संरक्षक दोनों नहीं है तो उस पर आय सीमा का मानक लागू नहीं होगा। चार हजार रुपये प्रतिमाह पढ़ाई के लिए दिया जा रहा है। जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास सिंह ने बताया कि 1250 लोगों ने आवेदन किया है और 175 पात्रों का सत्यापन हो चुका है। उन्होंने बताया कि शेष आवेदनों के सत्यापन की प्रक्रिया चल रही है और विभागीय कर्मियों को लगाया गया है। इस माह सत्यापन प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।

# परिषदीय स्कूलों में परीक्षा की तैयारी

अमृत विचार लखनऊः परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों की कमी के कारण विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षा की तैयारी पर असर पड़ रहा है। असल में परिषदीय शिक्षकों की ड्यूटी बोर्ड परीक्षा में लगी होने से समस्या आ रही है। परिषदीय विद्यालयों की वार्षिक परीक्षाएं 16 मार्च से शुरू होनी हैं। इधर विभाग की ओर से परीक्षा कार्यक्रम भी जारी कर दिया गया है। सचिव परिषद प्रताप सिंह बघेल की ओर से जारी आदेश के मुताबिक परीक्षा का शेड्यूल जारी हुआ है। इसके साथ ही प्रश्नपत्र का भी माड्यूल दिया गया है। उसी के अनुसार प्रश्नपत्र तैयार किए जायेंगे। इसके साथ ही प्रत्येक बीआरसी पर प्रश्नपत्र पहुंचा दिये जायेंगे। यहां से खंड शिक्षा अधिकारियों की जिम्मेदारी होगी कि वह विद्यालयों तक प्रश्नपत्र समय से पहुंचायें।

# व्यापारी ने रिवॉल्वर से कनपटी में गोली मार कर दी जान

## हुसैनगंज क्षेत्र की घटना, कमरे में मौजूद पत्नी को पानी लाने के बहाने बाहर भेजा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हुसैनगंज इलाके में शुक्रवार दोपहर कैंसर की आशंका और कारोबार ठंडा पड़ने के अवसाद में स्टेशनरी विक्रेता ने लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली मारकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मौके पर जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

स्टेशनी विक्रेता सुनील कुमार जेटली (65) पुत्र हीरालाल जेटली पुराना किला स्थित डायमंड अपार्टमेंट में फर्स्ट फ्लोर पर रहते थे। बड़ा बरहा निवासी साले अभिषेक भट्ट ने बताया शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे जीजा सुनील और दीदी लिली जेटली कमरे में थी। सुनील ने लिली को पानी लेने के लिए कमरे के बाहर भेज दिया। वह पानी भर रही थी, तभी कमरे से गोली चलने की आवाज आई। वह भाग कर अंदर पहुंचीं, वहां सुनील खून से लथपथ पड़े मिले। गोली कनपटी के आरपार हो गई थी। लिली की चीख सुनकर दूसरे कमरे में मौजूद बेटी प्रियंका भी पहुंच गई।

सूचना मिलने पर अभिषेक घर पहुंचे और सुनील को सिविल अस्पताल ले गये, जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। अभिषेक ने बताया कि सुनील ने लाइसेंसी रिवाल्वर से अपनी दाहिनी कनपटी पर गोली मारी थी।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। इंस्पेक्टर हुसैनगंज ने बताया घटना स्थल का निरीक्षण किया है। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजन बीमारी से अवसाद में आकर आत्महत्या की बात कह रहे हैं। इंस्पेक्टर ने बताया रिवाल्वर कब्जे में ले लिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी। परिजन किसी आरोप से इनकार कर रहे हैं।

**पार्टनर ने हथिया लिया स्टेशनरी स्प्लाई का काम :** अभिषेक का कहना है कि प्रदेश की एक बड़े शिक्षण संस्थान के सभी स्कूलों को सुनील जेटली स्टेशनरी की सप्लाई करते थे। कुछ वर्ष से उनके पार्टनर ने स्कूलों में बुक प्लाई का काम हथिया लिया। इनके पास एक ही स्कूल बचा था। कारोबार भी प्रभावित होने से भी वह तनाव में थे।

### तीन भाइयों में सबसे छोटे थे सुनील


सुनील जेटली

सुनील जेटली तीन भाइयों में सबसे छोटे थे। इनकी आलमबाग के आनंद नगर में जेटली बुक डिपो के नाम से स्टेशनरी की दुकान है। बड़े भाई विनय जेटली गैस का कारोबार करते हैं। जबकि दूसरे नंबर के अनुज जेटली पीडब्लूडी से रिटायर्ड कमी हैं। सभी भाई अपने-अपने परिवार के संग अलग-अलग रहते हैं।

### बेटी, दामाद व नातिन रहती हैं साथ

सुनील की इकलौती बेटी प्रियंका है। उसकी शादी बरहा निवासी युवक से हुई थी। एक वर्ष की बेटी प्यालू है। जिसका 21 मार्च को जन्मदिन था। सुनील उसका पहला जन्मदिन धूमधाम से करने की बात दो दिन पहले कर रहे थे। दामाद एयरपोर्ट पर सिक्योरिटी ऑफिसर है। साले अभिषेक भी इसी कंपनी में काम करते हैं।

### कैंसर की आशंका

अभिषेक ने बताया कि सुनील की जीभ में इनफेक्शन हो गया था। एक सप्ताह पहले एक निजी अस्पताल में उनका आपरेशन कराया था। इसके बाद से वह कुछ खा नहीं पा रहे थे। पेय पदार्थों का ही सेवन कर रहे थे। उन्हें कैंसर होने की आशंका थी। इसी के चलते खुदकुशी का कदम उठाने की आशंका है।

# लखनऊ से चित्रकूट का हवाई सफर 1048 रुपये में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ/सरोजनीनगर

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना उड़ान को सफल बनाने के लिए लखनऊ से पांच जिलों के लिए सस्ती उड़ान सेवा दस मार्च को शुरू हो सकती है। इसकी शुरुआत फ्लाई बिग एयरलाइंस करेगी।

लखनऊ से चित्रकूट, आजमगढ़, अलीगढ़, मुरादाबाद और श्रावस्ती के लिए उड़ाने शुरू होंगी। दस मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल इसका शुभारंभ कर सकते हैं। एयरलाइंस प्रशासन 19 सीटर का डी- हेवीलैंड डीएससी 6-400 एयरक्राफ्ट का इस्तेमाल करेगा। इसके लिए टिकटों की बुकिंग फ्लाई बिग की वेबसाइट पर की जा सकती है। इन जिलों के लिए किराया सिर्फ 1048 से पंद्रह सौ रुपये के बीच होगा। शनिवार को एयर ट्रैफिक कंट्रोलर पांच जिलों में भेजे जाएंगे।




▶▶ 10 मार्च को पांच जिलों के लिए शुरू हो सकती है विमान सेवा

▶▶ एयरलाइंस प्रशासन 19 सीटर का डी- हेवीलैंड डीएससी 6-400 एयरक्राफ्ट का इस्तेमाल करेगा

### ये है विमान सेवा का शेड्यूल

- **लखनऊ से श्रावस्ती :** विमान एस 9-337 दोपहर सवा तीन बजे उड़ान भरकर शाम चार बजे श्रावस्ती पहुंचेगी और एस9-340 शाम 4:20 पर उड़ान भरकर लखनऊ शाम 5:10 पर पहुंचेगी।
- **लखनऊ से चित्रकूट :** विमान एस9-333 सुबह 11:40 पर उड़ान भरेगी और दोपहर 12:35 पर चित्रकूट पहुंचेगी। चित्रकूट से एस9-334 दोपहर 12:25 पर उड़ान भरकर दोपहर 2:05 पर लखनऊ पहुंचेगी।
- **लखनऊ से अलीगढ़ :** विमान एस9-315 लखनऊ से 12:10 पर उड़ान भरेगी और 1:10 पर अलीगढ़ पहुंचेगी। जबकि एस9-316 दोपहर 1:30 बजे उड़ान भरेगी दोपहर 2:40 पर अमौसी पहुंचेगी।
- **लखनऊ से आजमगढ़ :** विमान एस 9-331 लखनऊ से सुबह 8:55 पर उड़ान भरेगा और सुबह 9:50 पर आजमगढ़ पहुंचेगा। एस9-332 सुबह 10:10 पर उड़ान भरेगा और 11:10 पर लखनऊ पहुंचेगा।
- **लखनऊ से मुरादाबाद :** विमान एस 9-327 लखनऊ से सुबह 8:45 पर उड़ान भरेगा और सुबह 10:05 पर मुरादाबाद पहुंचेगा। एस9-330 सुबह 10:25 पर उड़ान भरेगा और 11:30 पर लखनऊ पहुंचेगा।

# एयरपोर्ट टर्मिनल 3 के उद्घाटन में शामिल होंगे रक्षा मंत्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह दो दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ आ रहे हैं। रक्षा मंत्री दस मार्च को चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर तीसरे नए टर्मिनल के उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शनिवार की शाम 5:05 पर लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहां से कालिदास मार्ग आवास जाएंगे। 10 मार्च को सुबह 11:20 पर चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे और नवनिर्मित टर्मिनल 3 के उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे। उद्घाटन समारोह के बाद अपराह्न 1:00 बजे लखनऊ विश्वविद्यालय खेल परिसर में आयोजित कौशल महोत्सव रोजगार मेले में शामिल होंगे। दोपहर 3:00 बजे अटल कन्वेंशन सेंटर चौक में लखनऊ कायस्थ परिवार की ओर से आयोजित अभिनंदन समारोह में भाग लेंगे कार्यक्रम के बाद एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान करेंगे और शाम 04:20 पर दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे।

# महिला आरक्षी ने कोतवाल पर लगाए गंभीर आरोप

▶▶ पुलिस आयुक्त ने डीसीपी सेंट्रल को सौंपी जांच

**अमृत विचार, लखनऊः** कृष्णानगर कोतवाली में तैनात महिला सिपाही ने कोतवाल पर गंभीर आरोप लगाए हैं। प्रभारी निरीक्षक पर ड्यूटी के दौरान सिपाही से अमर्यादित व्यवहार करने का आरोप है। महिला सिपाही ने इसकी शिकायत आलाधिकारियों से की है। मामले की जांच कराई जा रही है। महिला सिपाही का कहना है कि कोतवाल ने उसकी ड्यूटी अपने साथ हमराही के तौर पर लगा रखी है। आरोप है कि प्रभारी निरीक्षक उस पर गंदी नियत रखता है। इसी बीच प्रभारी निरीक्षक ने उससे गलत हरकत भी की। विरोध करने पर अमर्यादित व्यवहार करने के साथ ही चरित्र पर टिप्पणी कर सामाजिक छवि धूमिल करने का प्रयास किया। आहत महिला सिपाही ने मामले की शिकायत पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर से की है। उन्होंने मामले की जांच विशाखा कमिटी प्रभारी डीसीपी सेंट्रल रवीना त्यागी को सौंपी है। एडीसीपी दक्षिणी शशांक सिंह ने बताया कि महिला सिपाही के आरोपों की जांच कराई जा रही है। दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

# एक भी विस्थापित ने नहीं कराया पंजीयन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अकबर नगर में ध्वस्तीकरण से पहले विस्थापितों को आवास देने के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने शुक्रवार को तीन विशेष शिविर लगाए। तीनों शिविर में लोग आए तो लेकिन जानकारी लेकर लौटते रहे। सुबह से शाम तक आवास के लिए एक भी पंजीयन नहीं हुआ। हाईकोर्ट ने 31 मार्च तक पूरा अकबर नगर खाली करने का आदेश दिया है।

कोर्ट के आदेश पर एलडीए यहां के लोगों को विस्थापित करने के लिए शहरी आवास योजनाओं के अंतर्गत आवास देने के लिए पंजीयन कर रहा है। दूसरी तरफ, अकबर नगर प्रथम और द्वितीय में कई परिवार अभी भी डटे हैं। इसमें कुछ मकान खाली करने के साथ अन्य सामान समेटते रहे।


अकबर नगर में एलडीए द्वारा आयोजित आवास पंजीयन शिविर में जानकारी लेते लोग। अमृत विचार

▶▶ अकबर नगर में एलडीए ने आवास पंजीकरण के लिए लगाए तीन शिविर

▶▶ हाईकोर्ट ने 31 तक पूरा क्षेत्र खाली करने का दिया है आदेश

**गली-गली अनाउसमेंट, खाली करें मकान :** कोर्ट के आदेश पर अकबर नगर में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई रुकी है। सुरक्षा की दृष्टि से पूरे क्षेत्र में पुलिस, पीएसी तैनात है। शुक्रवार को मोहल्ले में सन्नाटा छाया रहा। प्रवर्तन दल ने पुलिस व पीएसी के साथ गली-गली मार्च कर अनाउसमेंट कर लोगों को कार्रवाई की जानकारी देकर जल्द घर और दुकानें खुद से खाली करने की अपील की। विस्थापितों को आवास के पंजीयन कराने की भी जानकारी दी।

# यहां धरती को मिलता है मां का दर्जा : खर्कवाल

कार्यालय संवाददाता, अमृत विचार,

**लखनऊः** इस देश एवं सनातन में महिलाओं का सर्वोच्च स्थान दिया गया है। हम अपनी धरती, देश, नदियों आदि तक को मां का दर्जा देते हैं। ये बात लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित समारोह में बतौर मुख्यमंत्री ने कही। उन्होंने महिलाओं को शुभकामनाएं दीं।

सीएसआईआर-एनबीआरआई में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अदिति गुप्ता ने बताया कि एक समय इस दिन को राजनीतिक विरोध के लिए मनाया जाता था, लेकिन समय के साथ साथ अब इसे उन महिलाओं के संघर्षों का सम्मान करने के लिए मनाया जाने लगा है। समारोह के अंत में संस्थान की आंतरिक शिकायत समिति की अध्यक्ष एवं प्रधान वैज्ञानिक डॉ. शुचि श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर संस्थान में कार्यरत महिला वैज्ञानिक एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।



महापौर को मोमेंटो देते सीएसआईआर-एनबीआरआई के निदेशक। अमृत विचार

▶▶ एनबीआरआई में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

**बरगद के पेड़ के बारे में दी जानकारी**-संस्थान के निदेशक डॉ. ए के शासनी ने कहा कि यह गर्व का विषय है कि हमारे संस्थान के वनस्पति उद्यान में आज भी वही बरगद का पेड़ संरक्षित है, जो 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में उधा देवी के बलिदान की याद दिलाता है।

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

## एक नजर

### अक्शदीप के खेल से एलडीए कोचिंग सेमीफाइनल में

**अमृत विचार, लखनऊ :** मैन ऑफ द मैच अक्शदीप नाथ ( 99 रन, एक विकेट ) के हरफनमौला खेल की बदौलत एलडीए कोचिंग सेंटर ने सुबोध मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जीत दर्ज की और सेमीफाइनल में जगह बनाई। एलडीए स्टेडियम में शुक्रवार को खेले गए मैच में एलडीए कोचिंग सेंटर ने यूथ क्रिकेट क्लब को 188 रनों से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एलडीए कोचिंग सेंटर ने 40 ओवर में 2 विकेट खोकर 325 रनों का स्कोर बोर्ड पर टांगा।

### अगले साल पूरा होगा केदारेश्वर मंदिर का निर्माण

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने उम्मीद जताई है कि उनके गृह जिले में बन रहा केदारेश्वर महादेव मंदिर अगले साल तक बनकर तैयार हो जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दी। उन्होंने निर्माणाधीन मंदिर का एक वीडियो भी एक्स पर पोस्ट किया है। सपा प्रमुख ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा कि आशा है अगले वर्ष की महाशिवरात्रि तक इटावा के निर्माणाधीन केदारेश्वर महादेव मंदिर का अतिदिव्य स्वरूप पूर्ण रूप में साकार हो जाएगा और समस्त शिवभक्तों के लिए आस्था, आशीर्वाद और मनोकामना पूर्ति की नवीन त्रिवेणी बनेगा।

# एसएसबी, देवरिया, प्रयागराज और सुल्तानपुर की टीमें अगले दौर में

## राज्य स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

**अमृत विचार :** महाराणा प्रताप चैरिटेबल ट्रस्ट खरगापुर की देखरेख में शुक्रवार से शुरू हुई दो दिवसीय वॉलीबाल प्रतियोगिता में एसएसबी, देवरिया, प्रयागराज और सुल्तानपुर की टीमों ने अपने-अपने मुकाबले जीत कर अगले दौर में जगह बनाई। इससे पहले प्रतियोगिता का उद्घाटन उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। विशिष्ट मुख्य अतिथि सांसद बृज भूषण सिंह ने महिला खिलाड़ियों को खेल के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने महिलाओं के लिए दर्जनों योजनाएं शुरू की हैं। महाराणा प्रताप चैरिटेबल ट्रस्ट के संरक्षक और परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने भी इस मौके पर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। ग्राम विकास राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने कहा कि योगी सरकार प्रयास कर रही है कि हर गांव में खेल का मैदान बने।

**▸▸ एसएसबी ने महाराणा प्रताप को दोनों सेटों में हराया**

आज खेले गए उद्घाटन महिला मैच में एसएसबी ने महाराणा प्रताप को दोनों सेट 15 -11 व 15-14 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई। पुरुष वर्ग में पहले मैच देवरिया ने बांदा को लगातार दोनों सेट 25-23 और 25-22 से हरा कर जीता। दूसरे मैच में प्रयागराज ने एसबी सिंह लखनऊ 25-21और 25-24 अंकों से हराया। अन्य मुकाबलों में सुल्तानपुर ने मिर्जापुर को 25-22 और 25-24 से हराया। आजमगढ़ ने चंदौली को 25-20 व 25 21 से शिकस्त दी।

कार्यक्रम में शामिल अतिथियों को गोरखपुर मंडल भाजपा की कोषाध्यक्ष रितु शाही ने बुके व स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. जितेंद्र प्रताप राव, मनी सिंह, कमलेश सिंह, ब्लाक प्रमुख अयोध्या शिवेंद्र सिंह के साथ अन्य लोग मौजूद रहे।

## शामली ने उत्तर प्रदेश पुलिस को हराया

**अमृत विचार, लखनऊ :** केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बहुद्देशीय हॉल में शुक्रवार से शुरू हुई सीनियर पुरुष राज्य सुपर कबड्डी चैंपियनशिप लीग में शामली की टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस जैसी मजबूत टीम को 41-26 अंकों से हराया। इस लीग का उद्घाटन डेयर डेवलपमेंट फाउंडेशन के विनायक त्रिपाठी ने किया।

पहले दिन तकरीबन दर्जन भर हाइवोल्टेज मुकाबले देखने को मिले। अन्य मुकाबलों में जौनपुर ने आजमगढ़ को 40-22 से हराया। गाजियाबाद ने बिजनौर को 50-34 अंकों से शिकस्त दी। गाजीपुर और अमेठी हॉस्टल के बीच कांटे का मुकाबला हुआ। इसमें गाजीपुर ने सिर्फ एक अंक के अंतर यानी 41-40 से अमेठी को शिकस्त दी। पूर्वोत्तर रेलवे ने भदोही को एकतरफा मुकाबले में 21-6 से पराजित किया। गौतमबुद्धनगर ने सहारनपुर को 39-25 से, वाराणसी ने बलिया को 45-25 से पराजित किया। इस मौके पर सचिव जिला कबड्डी संघ के अनूप शुक्ला, पूर्व सचिव सी जी शुक्ला, शराफत अली, प्रेम सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।

# आईपीएल, डेयरडेविल्स, चार्जर शालीमार सेमीफाइनल में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**आज के परिणाम**
- ▸▸ बीबीडी रेंजर्स ने हराया मुलीगेटर्स को 4-1 से
- ▸▸ राम स्वरूप ने हराया पीआर जो रॉयल्स को 3.5-1.5 से
- ▸▸ आईपीएल वॉरियर्स ने हराया इकाना टाइटन्स को 3.5-1.5 से

**अमृत विचार :** लखनऊ गोल्फ लीग में शुक्रवार को खेले गए लीग मुकाबलों के बाद सेमीफाइनल की तस्वीर साफ हो गई। सेमीफाइनल में आईपीएल वॉरियर्स और दबंग डेयरडेविल्स के बीच मुकाबला होगा जबकि शालीमार स्ट्राइकर्स के सामने स्पीड चार्जर्स की चुनौती होगी। लीग के आखिरी मुकाबलों में आईपीएल वॉरियर्स, राम स्वरूप टाइगर्स और बीबीडी रेंजर्स ने अपने-अपने मुकाबले जीते।

लखनऊ गोल्फ क्लब में खेली जा इस लीग में आईपीएल वॉरियर्स ने लीग के आखिरी मुकाबले में इकाना टाइटन्स को 3.5-1.5 से पराजित किया और ग्रुप-ए के लीडरबोर्ड पर शीर्ष पर पहुंचकर सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। आईपीएल वॉरियर्स के विक्रम सब्बरवाल एवं टीपी पाठक, विश्वास स्वरूप एवं नितिन खन्ना और संदीप दास एवं अनूप कुमार की जोड़ियों ने अपने-अपने युगल मुकाबले जीते। वहीं इकाना टाइटन्स के लिए एसके तिवारी ने एक मात्र मुकाबला जीता। एक अन्य एकल में इकाना के विकास टंडन ने आईपीएल के अजित सिंह से ड्रा खेला।

बीबीडी रेंजर्स ने लीग के अपने आखिरी मैच में शानदार किया और मुलीगेटर्स को 4-1 से हराया। इस मुकाबले में मुलीगेटर्स के राकेश सेठ ने बीबीडी के टीपी खरे को एकल में पराजित कर अपनी टीम को 1-0 से बढ़त दिलाई। इसके बाद बीबीडी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया और चारों मैच जीतकर मुकाबला जीत लिया।

मुलीगेटर्स के लिए रनधीर ने एकल, विनोद कुमार सिंह एवं आनंद कुमार, डा. सृष्टि धवन एवं अविराज कृष्ण रस्तोगी, नवीन चरन एवं संतोष कुमार ने अपने-अपने युगल मुकाबले जीते। एक अन्य मुकाबले में राम स्वरूप ने पीआर जो रॉयल्स को 3.5-1.5 से शिकस्त दी।

## सार-संक्षेप

### भाषा के इनोवेशन पर राज्यपाल का 'वेरी गुड'

**अमृत विचार, लखनऊ :** भाषा विश्वविद्यालय का नया शोध फिलवक्त किसानों ही नहीं आमजन के लिए भी संजीवनी बनने जा रहा है। नए इनोवेशन को लेकर राज्यपाल ने छात्रों के कार्य और उनके शोध की सराहना की है। ऐसे में विवि के कुलपति द्वारा इनोवेशन को लेकर छात्रों से फीडबैक लिया गया है। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय के कंप्यूटर साइंस तथा बायोटेक्नोलॉजी विभाग के छात्रों ने एक ए आई एवं सौर्य ऊर्जा पर आधारित उपकरण का प्रोटोटाइप तैयार किया। जिसको अमृत विचार ने अल्ट्रासोनिक – इंफ्रोरेड तरंगे करेंगी पशुओं से फसल की सुरक्षा शीर्षक से प्रकाशित किया था। इनोवेशन की जानकारी राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को मिली तो उन्होंने छात्रों द्वारा तैयार किये गए इनोवेशन की सराहना की। शोधार्थियों को भी प्रोत्साहित किया। ऐसे में कुलपति प्रो. एनबी सिंह द्वारा शोधार्थियों को बुलाकर एक बार फिर फीडबैक लिया। कुलपति द्वारा प्रोटोटाइप उपकरण से जुड़ी सार्थकता को भी प्रामाणिकता के आधार पर जांचा गया। डॉ. ममता शुक्ला ने बताया कि इनोवेशन में खास सहयोग संकाय निदेशक प्रोफेसर एसके त्रिवेदी का रहा। इनोवेशन तैयार करने वाली टीम में सह आचार्य डॉ. ममता शुक्ला के अलावा छात्र सूर्यांश मिश्रा, दीपक मौर्य, शाम्भवी मिश्रा, वैष्णवी मिश्रा शामिल रहे।

### एमिफोरिया इवेंट रॉक फीस्ट में गीतों की प्रस्तुतियां

**अमृत विचार, लखनऊ :** तीन दिन पहले मिस और मिस्टर एमिटी प्रतियोगिता के साथ शुरु हुए एमिफोरिया इवेंट रॉक फीस्ट में गीतों की प्रस्तुति के साथ समापन हो गया। रॉक फीस्ट में प्रसिद्ध म्यूजिक ग्रुप इक्लिप्स नोवा और डीजे ट्रैकर ने अपनी प्रस्तुतियों और हाई फीवर डीजे परफार्मेंस से एमिटी परिसर को जोश और उत्साह से भर दिया। इसके पूर्व समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व न्यायाधीश, इलाहाबाद उच्च न्यायालय और रेरा ट्रिब्यूनल के प्रथम चेयरमैन जस्टिस देवेन्द्र कुमार अरोड़ा, उप प्रति–कुलपति, एमिटी विवि लखनऊ परिसर, सेवानिवृत्त विंग कमांडर डॉ. अनिल कुमार तिवारी, डीन छात्र कल्याण और चेयरपर्सन एमीफोरिया प्रो. मंजू अग्रवाल, डीन एकेडमिक्स डॉ. राजेश तिवारी और हेल्प यू ट्रस्ट के हर्षवर्धन अग्रवाल और एमीफोरिया 2024 आयोजन समिति सदस्य डॉ. राजीव वर्मा उपस्थित रहे। वसुधैव कुटंबकम पर आधारित फैशन शो में फैशन टैक्नोलाजी के छात्रों ने स्वयं के डिजाइन परिधानों का प्रर्दशन किया। इसमें तृतीय वर्ष वर्ग में छात्र राहुल शुक्ला को प्रथम और वंदिता कुमारा फर्स्ट रनर अप व आयुषी गुप्ता को सेकेंड रनर अप का पुरस्कार मिला। द्वितीय वर्ष छात्र वर्ग में अनीषा मातीयानी को प्रथम पुरस्कार व सानिया चौरसिया फर्स्ट रनरअप और जया यादव सेकेंड रनर अप रहीं।


प्रतियोगिता के दौरान प्रस्तुति देते छात्र। अमृत विचार

### नामचीन गायकों ने भजनों से बांधा समां

**अमृत विचार, लखनऊ :** श्याम ज्योत मंडल द्वारा ऐशबाग के तिलकनगर स्थित महाराजा अग्रसेन पार्क में सजाये गए बाबा श्याम के भव्य राजमहल में श्याम निशानोत्सव शुरू हुआ। बड़ी संख्या में श्याम भक्त बाबा के दरबार में अपनी हाजिरी लगाने पहुंचे। ग्यारह पुरोहितों ने आचार्य संतोष शास्त्री और गिरिजाशंकर के मार्गदर्शन में गणेश पूजन कर सकुशल कार्यक्रम सम्पन्न कराने की प्रार्थना की। इसके बाद दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत कार्यक्रम शुरू हुआ। हिसार हरियाणा से आये विजय मोहन और साथियों ने बाबा श्याम की आरती एवं वंदना की। विजय मोहन ने बाबा श्याम को बुलाते हुए कहा :– आओ पास हमारे, अजी बैठो म्हारे सागे, कि जी न लगे, कीर्तन की है रात, बाबा आज तुमको आना है जैसे भजनों से बाबा के चरणों में स्वरांजली अर्पित की गई। अनुपम मित्तल ने बताया कि श्याम निशानोत्सव में पहली बार उज्जैन, कोलकाता, महाराष्ट्र के 50 कलाकारों के ने महाशिवरात्रि पर्व पर शिव पार्वती का फ्यूजन नृत्यों की श्रंखला एवं महाआरती का आयोजन किया है। शहनाई सांवरे के अगले सोपान में नई दिल्ली के शीतल पाण्डेय ने अपनी ओजस्वी वाणी में ना देना चाहे कुबेर का धन, मगर सलीका सहूर देना, उठा के सर जी सकूं जहां में, बस इतनी इज्जत जरूर देना जैसे भजनों की सरिता प्रवाहित की। कोलकाता के संजय शर्मा ने अपनी खनकती अवाज में होली आयी होली आयी होली आयी, मस्ती छायी मस्ती छायी मस्ती छायी, चुप क्यों बैठयो हो बाबा, बोलो तो कुछ तो बोलो जैसे फागुन के मस्ती भरे भजनों पर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्याम भक्ति सागर में डूबे भक्तों ने बाबा के भजनों के साथ रंग बिरंगे फूलों की होली खेल फागुन की मस्ती में हिलोरें उठा दीं।

### ताल यात्रा में बिखरा फ्यूजन संगीत का आनंद

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद एवं उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मासिक सांस्कृतिक श्रृंखला क्षितिज के तहत शुक्रवार को संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में ताल यात्रा समूह द्वारा फ्यूजन संगीत का आनंद बिखरता दिखाई दिया। ताल यात्रा हिंदुस्तानी शास्त्रीय एवं लोक गायन और ताल वाद्ययंत्रों की एक सामूहिक प्रस्तुति है। जिसे हिंदुस्तानी शास्त्रीय, लोक, आदिवासी और आधुनिक संगीत के संयोजन से तैयार किया गया है। ताल यात्रा समूह ने शेख मोहम्मद इब्राहीम के निर्देशन में शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत किया। यह समूह अब तक देश के विभिन्न मंचों पर 50 से अधिक शो कर चुका है। ताल यात्रा ने आईसीसीआर मुंबई, प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, जी–20, खोलो इंडिया, आज़ादी का अमृत महोत्सव, ताज महोत्सव, लखनऊ महोत्सव और अंतरराष्ट्रीय आदिवासी दिवस आदि में संगीत का झंडा फहराया है। इस समूह ने यहां राग किरवानी, राग जोग, राग दरबारी कन्हाडा, राग कलावती, राग यमन के साथ–साथ कजरी, दादरा, दुमरी, बन्ना और होली आदि प्रस्तुत की। कार्यक्रम में शेख मुहम्मद इब्राहीम तबला, मादल, चंदा, सिम्बल, मरकस, दुन्देरुम, शंख एवं घंटा आदि में समां भाव से आनंद बिखेरते नजर आए।

# यूपी के कुलदीप का मीट रिकॉर्ड, मिला दुबई का टिकट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ यूपी की अनुष्का, अनुराग और नंदिनी ने भी किया क्वालीफाई**

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश के कुलदीप ने शुक्रवार को साई सेंटर में दमदार प्रदर्शन करते हुए जहां नया मीट रिकार्ड बनाया, वहीं इसके साथ ही उन्होंने दुबई में होने वाली अंडर-20 एशियाई चैंपियनशिप का टिकट हासिल कर लिया। कुलदीप ने पोल वाल्ट में नए मीट रिकार्ड के साथ 5.10 मीटर की ऊंचाई अपने नाम की।

आज आयोजित हुई स्पर्धाओं के बाद हैमर थ्रो में स्वर्ण पदक जीतने वाली यूपी की अनुष्का यादव और रजत पदक विजेता नंदिनी, शाटपट में रजत पदक जीतने वाले उत्तर प्रदेश के अनुराग सिंह ने भी दुबई का टिकट हासिल किया।

साई सेंटर में शुक्रवार को शुरू हुई राष्ट्रीय जूनियर अंडर-20 फेडरेशन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में कुलदीप ने पिछले चैंपियन और रिकार्डधारी मध्य प्रदेश के देव मीना को पछाड़कर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। उन्होंने देव मीना के वर्ष 2023 में बनाए गए 5.00 मीटर के रिकार्ड को तोड़ा। इसके अलावा पहले दिन उत्तर प्रदेश को दूसरा स्वर्ण अनुष्का यादव ने दिलाया। उन्होंने 56.49 मीटर का थ्रो लगाया। 56.30 मीटर थो के साथ नंदिनी ने रजत पदक जीता।

अमरदीप ने 10000 मीटर की दौड़ और अनुराग सिंह ने शाटपट में उत्तर प्रदेश के लिए रजत पदक जीते। आकाश यादव ने शाटपट में ही उत्तर प्रदेश को कांस्य पदक दिलाया। चैंपियनशिप में आज पहले दिन सात स्वर्ण पदकों का फैसला हुआ। उत्तर प्रदेश के अलावा महाराष्ट्र गौरव भारद्वाज ने 3000 मीटर, मध्य प्रदेश विनोद ने 10000 मीटर, राजस्थान के ने शाटपट और कर्नाटक की पवाना नागराज ने लांग जम्प में स्वर्ण पदक जीते।

**चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने वाले खिलाड़ी**

कुलदीप कुमार–यूपी (पोलवाल्ट), अनुष्का यादव–यूपी (हैमर थ्रो ), नंदिनी यूपी (हेमर थ्रो), अनुराग सिंह यूपी (शाटपट), गौरव भारद्वाज–महाराष्ट्र (3000 मीटर), विकास बिंद–मध्य प्रदेश (3000 मीटर), साउद हसन– मध्य प्रदेश (3000 मीटर), देवमीना–मध्य प्रदेश (पोलवाल्ट), सिद्धार्थ चौधरी राजस्थान (शाटपुट)।

# आरटीई : 100 प्रतिशत चयनित बच्चों को प्रवेश दिलाने का लक्ष्य

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ मनमानी करने वाले विद्यालयों पर कसेगा शिकंजा**

**अमृत विचार :** शिक्षा का अधिकार अधिनियम आरटीई के तहत प्रवेश न लेने वाले सभी विद्यालयों का ब्योरा इस बार सार्वजनिक होगा। जो विद्यालय मनमानी करेंगे उनके खिलाफ आरटीई एक्ट उल्लघंन के तहत कार्रवाई की जायेगी। इस बार बेसिक शिक्षा विभाग ने शैक्षिक सत्र 2024-25 में अधिक से अधिक बच्चों को निशुल्क प्रवेश दिलाने का लक्ष्य रखा है।

अधिकारियों ने बताया कि हर साल ये देखा गया है कि आरटीई तहत प्रवेश देने में मंझोले निजी विद्यालय तो प्रवेश देते हैं लेकिन हाई प्रोफाइल विद्यालय चयनित बच्चों को प्रवेश नहीं देते हैं। अब बच्चों को प्रवेश न देने वाले निजी स्कूलों का ब्योरा सार्वजनिक होगा। वहीं प्रवेश देने वाले स्कूलों को प्रोत्साहित भी किया जायेगा। बेसिक व माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ महेन्द्र देव ने कहा कि आरटीई के तहत प्रवेश के लिए सभी आवेदक गरीब परिवार से होत हैं।

सभी डाक्यूमेंट्स की प्रक्रिया पूरी करने के बाद जब बच्चे का चयन हो जाता है और जो स्कूल अलाट किया जाता है वहां प्रवेश देना स्कूल प्रंबधन की जिम्मेदारी है। नहीं तो ये आरटीई अधिनियम का खुला उल्लघंन माना जायेगा।


शुक्रवार को दिल्ली में राहत आयुक्त कार्यालय, उप्र और भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के बीच एमओयू साइन के दौरान पदाधिकारी। अमृत विचार

### आपदाओं पर रहेगी पैनी नजर, लगेंगे चार डॉप्लर रडार

**अमृत विचार, लखनऊ :** जलवायु परिवर्तन के कारण पूरी दुनिया समेत उत्तर प्रदेश में भी प्राकृतिक आपदाओं जैसे अतिवृष्टि, बाढ़, ओलावृष्टि, आकाशीय बिजली, आंधी और तूफान का खतरा बना रहता है। इसकी वजह से धनहानि के साथ–साथ जनहानि भी होती है, जिसको न्यूनीकृत करने के लिए योगी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। अब प्रदेश को भविष्य में आने वाली प्राकृतिक आपदाओं के संबंध में पहले ही सटीक जानकारी मिल जाएगी। इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर शुक्रवार को दिल्ली में राहत आयुक्त कार्यालय, उत्तर प्रदेश और भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के बीच प्रदेश में चार डॉप्लर रडार स्थापित करने के लिए एमओयू साइन किया गया। इससे सरकार को आपदा से पहले अलर्ट जारी करने और प्रबंधन में आसानी होगी। एमओयू के दौरान आईएमडी के महानिदेशक डॉ. मृत्युंजय महापात्रा और राहत आयुक्त जीएस नवीन मौजूद रहे।

# आज समाप्त हो जाएगी यूपी बोर्ड परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ सभी अहम विषयों की परीक्षा दे चुके हैं परीक्षार्थी**

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के सभी अहम विषयों की परीक्षा समाप्त हो चुकी हैं। वहीं ट्रेड व कृषि से जुड़े विषयों की आज परीक्षा के बाद बोर्ड परीक्षा पूर्ण रूप से समाप्त हो जायेगी। परीक्षा समाप्त होते ही संकलन केंद्रों से कॉपियों को मूल्यांकन केन्द्र तक भेजने की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। इस बारे में अधिकारियों ने बताया कि परीक्षा के दौरान राजधानी में अभी तक कोई भी नकल करते हुए नहीं पकड़ा गया है न ही किसी प्रकार से गड़बड़ी की शिकायत रही है।

माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव दिब्यकांत शुक्ला ने बताया कि शनिवार को यूपी बोर्ड परीक्षा के क्रम में अंतिम प्रश्नपत्र हैं। उन्होंने बताया कि प्रातः 8:30 बजे से 11:45 बजे तक गुजराती, उर्दू, पंजाबी, बंगला मराठी, आसामी, उड़िया, कन्नड़ कश्मीरी, सिंधी, तमिल, तेलगू, मलयालम, नेपाली में हाई स्कूल के परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। वहीं सुबह पाली इंटरमीडिएट में फल एवं खाद्य सरंक्षण, पाक शास्त्र, परिधान रचना, रेडिया एवं रंगीन टेलीविजन सहित करीब 40 से अधिक ट्रेड विषयों की परीक्षा होगी। इसी तरह से दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे तक दसवीं में इलेक्ट्रीशियन आपदा प्रबंधन, सोलर सिस्टम रिपेयर, प्लंबर विषय की परीक्षा दसवीं के परीक्षार्थी देंगे। इसी तरह से दोपहर इंटरमीडिएट में कृषि गणित तथा प्रारंभिक संख्याकी व कृषि रसायन विज्ञान की परीक्षा आयोजित होगी।

बता दें कि यूपी बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटर की परीक्षा 22 फरवरी से शुरू हुई थी। पर नौ मार्च तक कुल 16 दिन तक यह परीक्षा चली। हालांकि परीक्षा के दौरान कई दिन गैप भी रहा। शनिवार को प्रथम पाली हाईस्कूल में गुजराती, उर्दू, पंजाबी आदि विषयों की परीक्षा 3409 केंद्रों एवं इंटर की व्यवसायिक वर्ग के विषयों की परीक्षा 1091 परीक्षा केंद्रों पर होगी। इनमें हाईस्कूल में 63508 एवं इंटर में 32,475 समेत कुल 95983 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं।

### सरोजनी नगर दक्षिण द्वितीय मंडल की जीत

**अमृत विचार, लखनऊ :** खेल सामाजिक समरसता को बढ़ाता है। व्यक्ति को फिजिकली फिट और मेंटली अलर्ट रखने के लिए खेल सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। यह कहना था विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह का। उन्होंने शुक्रवार को 3 दिवसीय 'भाजपा युवा मोर्चा अंतर–मंडल क्रिकेट चैंपियनशिप' की शुरुआत की। उन्होंने बल्लेबाजी में हाथ आजमाएं। आज पहला मैच रोजनीनगर मंडल और सरोजनीनगर दक्षिण तृतीय मंडल के मध्य खेला गया। रोमांचक मैच में सरोजनीनगर दक्षिण तृतीय मंडल ने 5 विकेट से विजय हासिल की। दूसरे मैच में अर्जुनगंज मंडल और सरोजनी नगर दक्षिण द्वितीय मंडल की टीम आमने–सामने थी, जिसमें सरोजनी नगर दक्षिण द्वितीय मंडल ने जीत दर्ज की। डॉ. राजेश्वर सिंह ने चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाले भाजपा युवा मोर्चा के सभी खिलाड़ियों को ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

**पूर्वोत्तर रेलवे**
**निविदा निरस्तीकरण सूचना**
ई–टेंडरिंग खुली निविदा सूचना सं. 12/2024 दिनांक 01.03.2024 के अंतर्गत क्रमांक 01 एवं 02 पर अंकित निविदा जो दिनांक 27.03.2024 को खोली जानी थी, प्रशासनिक कारणों से निरस्त की जाती है। ई–निविदा का विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाइट पर www.ireps.gov.in पर देखें।
मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजी.), इज्जतनगर
मुजाधि/डब्ल्यू-575
ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा
सैक्स समस्याएं!!
मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष
सेक्स में कमी, निःसन्तान दम्पत्ति अवश्य मिलें
प्रातः 10 बजे से सायं 07 बजे तक
सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।
राना डिस्पेंसरी
9919792325
9415810891
हुसैनगंज चौराहे से लालकुँआ रोड, (पुल के पास) लखनऊ

VARUN ARJUN UNIVERSITY
NH-2, Banthra, Shahjahanpur
Direct Admission Open for Session-2024-25
D. Pharm | B. Pharm
DMLT | X-Ray
Special Features
100% Placement, Qualified Faculty, Wi-Fi Campus
24 Hrs. Security, Light, Water, AC & Non AC Hostels
For any query Contact : Mr. Rajendra Gupta
Contact No. : 9455113105 (Calling Time - 10 AM to 6 PM)

**लखनऊ नगर निगम**
लालबाग, टी.एन. रोड, लखनऊ–226001 (उ.प्र.)
ई–मेल : nnlko@up.nic.in
पत्रांक: 16857/पी./उ.वि. दिनांक: 07.03.2024
**शुद्धि पत्र**
कृपया उद्यान विभाग द्वारा निविदा बॉक्स के माध्यम से आमंत्रित 01 कार्य की निविदा सूचना पत्र सं.: 16688/पी./उ.वि. दिनांक: 26.02.2024 जो दिनांक 07.03.2024 को आमंत्रित की गई थी को अपरिहार्य कारणों से अब दिनांक 12.03.2024 को आमंत्रित की जा रही है, जिसके फार्म दिनांक 11.03.2024 तक अपरान्ह 2 बजे तक फार्म कीपर कार्यालय से प्राप्त किये जा सकेंगे। शेष शर्तें पूर्ववत् रहेंगी।
अधीक्षक उद्यान–1,2,3,4,5,6,7,8

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा बी.एस.सी. प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय वर्ष सत्र 2017–2019 अनुक्रमांक 1740800041806 का अंकपत्र वास्तव में खो गया है। **शिखा पुत्री सुरेश कुमार मिश्र ग्राम ओरीपुर नौगीर, प्रतापगढ़, उत्तर प्रदेश।**

**सूचना**
सूचित हो कि मैंने अपना नाम MOHAMMAD SHAKIL से बदलकर MOHAMMAD SHAKEEL QURESHI रख लिया है भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाये। MOHAMMAD SHAKEEL QURESHI S/O: MOHAMMAD BASHEER, R/O: 435, BUTCHER MOHAL, SADAR BAZAR, CANTT, LUCKNOW

**सूचना**
सूचित हो कि मैंने अपना नाम अब्दुल अजीज खान से बदलकर अजीज खान रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। **अजीज खान पुत्र नन्कऊ, निवासी– ग्राम– दर्जिनपुरवा, महादेवा सलारपुर, पोस्ट– डान्डे कुइया,थाना–हरदत्त नगर गिरंट, जनपद–श्रावस्ती**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरी हाईस्कूल जिसका रोल नं0– 2245163 वर्ष 2000 एंव इण्टरमीडियट रोल नं0– 0671111 वर्ष 2006 की मार्कशीट एंव सर्टिफिकेट वास्तव में खो गये हैं। जिसे भी मिले कृपया मो.नं. 7521073903 पर सम्पर्क करे। **रोहित सिंह पुत्र बृजलाल भारती, निवासी– एम0एम0एस 2/75बी, सेक्टर– सी, जानकीपुरम् थाना– विकासनगर, लखनऊ**

इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD
अंचल कार्या. : गोण्डा निकट बस स्टैण्ड, बहराईच रोड, गोण्डा-271001
**सूचना**
आगामी वित्तीय वर्ष (2024-25) में ऋण वसूली कार्य हेतु नए एजेंसी के आवेदन आमंत्रित कर रहा हैं। इच्छुक एजेंसी/व्यक्ति / कंपनी अपना बायोडाटा व आवेदन ऋण वसूली विभाग को जमा कर सकते हैं।
नियम व शर्तें लागू

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल का मूल अंकपत्र सहप्रमाण पत्र जिसका अनुक्रमांक 212611992 वर्ष 2021 है जो कि उ0प्र0मा0शि0परि0 प्रयागराज द्वारा निर्गत था। वास्तव में कहीं खो गया है। **मोहम्मद हुसैन पुत्र श्री मो0 युसुफ ग्राम गढ़ी, पोस्ट– दुर्जनपुर पचूमी थाना वजीरगंज, तहसील तरबगंज जनपद गोण्डा।**

**पं. ओंकार नाथ महाविद्यालय**
बखत का पुरवा बस्तीदेई गौरीगंज जनपद अमेठी
(सम्बद्ध– डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या)
**आवश्यकता है**
संस्था में संचालित बी.ए., एम.ए. एवं बी.एड्. पाठ्यक्रम में निम्न स्टाफ की– प्रवक्ता बी.ए. – हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, चित्रकला, मध्यकालीन इतिहास एवं भूगोल प्रत्येक विषयो के लिए 01 पद। प्रवक्ता एम.ए.– शिक्षा शास्त्र एवं गृहविज्ञान में 02–02 पद। प्रवक्ता बी. एड्.– 04 पद। योग्यता– यू.जी.सी./राज्य सरकार/ विश्वविद्यालय के मानकानुसार। वेतन– राज्य सरकार के स्ववित्तपोषी शासनादेश के अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर आवेदन करें।
प्रबन्धक– डॉ. श्रीमती गीता पांडेय
मो0– 8004232988

**कार्यालय उपनिदेशक (निर्माण)**
**राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद उत्तर प्रदेश**
तृतीय तल, किसान मण्डी भवन, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ
पत्रांक : नि0ख0 / लखनऊ / ई–निविदा / 2024–मेमो दिनांक 08 / 03 / 2024
**शुद्धि पत्र**
इस कार्यालय पत्रांक : नि0ख0 / लखनऊ / ई निविदा / 2024–2332 दिनांक 29.02.2024 द्वारा अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रित की गई थी जिसमें त्रुटिवश दिनांक –11.03.2024 को अपरान्ह 5.00 बजे तक आमंत्रित हो गया है जिसको 5.00 बजे के स्थान पर 1.00 बजे पढ़ा जाये। एवं क्रम संख्या–12 पर "द" –श्रेणी के स्थान पर "स"–श्रेणी पढ़ा जाये। शेष नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगी।
उपनिदेशक (निर्माण) लखनऊ


महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर कल्याणगिरि मंदिर से निकली शिव बारात में नाचते-गाते शिव भक्त। अमृत विचार


मनकामनेश्वर मंदिर के बाहर दर्शन के लिए खड़े शिव भक्त। अमृत विचार


महाशिवरात्रि के मौके पर बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन करने पहुंचे लोग। अमृत विचार

# हर-हर महादेव के जयकारे से गूंजे राजधानी के शिवालय

## मनकामेश्वर, बुद्धेश्वर, लोधेश्वर मंदिर में शिवरात्रि पर लगा मेला, ठाकुरगंज से निकली भोले बाबा की बरात

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** महाशिवरात्रि के मौके पर मनकामेश्वर मंदिर में भोले बाबा पर जलाभिषेक के लिए मध्यरात्रि से ही लोगों की लाइनें लग गई थीं। इस मंदिर में लखनऊ ही नहीं आसपास के भी हजारों भक्त पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे थे।

देवों के देव महादेव का आशीर्वाद पाने के लिए लोग हाथों में दूध, बेलपत्र और धतूरा आदि लेकर पंक्ति में खड़े होकर अपनी बारी आने का इन्तजार कर रहे थे। भक्तों ने यहां महंत देव्या गिरि के मार्गदर्शन में पूजा-अर्चना की।

मनकामेश्वर मंदिर में पहुंचने वाले हजारों लोगों की संख्या को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने डालीगंज से मनकामेश्वर मंदिर की तरफ जाने वाली सड़क को बैरीकेडिंग लगाकर वाहनों के लिए बंद कर दिया था। इस रास्ते पर सिर्फ पैदल चलने वालों को ही छूट थी। शिव भक्तों की भीड़ मनकामेश्वर मंदिर से लेकर उपासना स्थल तक नजर आ रही थी। वहीं महाशिवरात्रि के अवसर पर निरालानगर स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में जेसी फाउंडेशन और धर्म रक्षा समिति सप्तर्षि कुलम की ओर से तीन दिवसीय शिव-पार्वती विवाहोत्सव का आयोजन किया गया। शुक्रवार की शाम को वरयात्रा निकाली गई।

शिव-पार्वती विवाहोत्सव के पहले दिन बुधवार को मंडप स्थापना, मंगल गीत, शिव भजन, वेद मन्त्रों का पाठ और यज्ञ किया गया। गुरुवार को हल्दी, तेल और पितृ पूजन के साथ भजन संध्या का आयोजन किया गया। शुक्रवार को केशव नगर के गंगेश्वर महादेव मंदिर से गाजे-बाजे के साथ जयकारों के बीच मुख्य पूजन स्थल निरालानगर के जेसी गेस्ट हाउस स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पहुंची, जहां पुष्प, फल और मिष्ठान का वितरण किया गया।

छितवापुर स्थित शिव प्रसाद संस्कृत महाविद्यालय के बटुकों ने आरती व पूजन का कार्य किया। भक्तों ने दूध और जलाभिषेक के साथ धतूरा, बेलपत्र, और फल अर्पित किये। भक्तों को प्रसाद के रूप में ठंडाई और खीर मिली। प्रीतिलाल ने इस मौके पर भजन सुनाये। कृष्णा साहू, अशोक अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, पूनम कुमारी, चन्द्रलता अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, नमन व आराधना आदि मौजूद रहे।


डालीगंज क्षेत्र के महाशिवरात्रि पर्व पर लम्बेश्वर महादेव पर जलाभिषेक करते शिव भक्त।

### मंदिरों पर सफाई, फूल व बेलपत्र किए निस्तारित

**अमृत विचार, लखनऊ:** महाशिवरात्रि पर पंचायती राज विभाग ने ग्रामीण इलाकों पर सभी मंदिरों की साफ-सफाई कराई। इस विशेष अभियान में फूल और बेलपत्र व अन्य पूजन सामग्री की एकत्र की गई। सम्मान पूर्वक मंदिर परिसर में मिट्टी में दबाकर निस्तारित की गई। जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशू शेखर ठाकुर ने बताया कि शनिवार को भी सफाई कराएंगे। इससे पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा और पूजन सामग्री का सम्मानपूर्वक निस्तारण होगा। इससे मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ेगी।

### कल्याण गिरि मंदिर से निकली शिव बरात

महाशिवरात्रि के अवसर पर ठाकुरगंज स्थित कल्याणगिरि मंदिर से शंकर जी की बरात निकाली गई। इस बरात में पचास हजार से ज्यादा श्रद्धालु शामिल हुए। बरात का स्वागत चौक चौराहे पर चौक के व्यापारियों ने किया। इस मौके पर चौक के पार्षद अनुराग मिश्रा, सराफा एसोसिएशन के विनोद महेश्वरी, आदीश जैन, आनंद रस्तोगी, पंकज अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, अतुल गुप्ता, डॉ. राजकुमार वर्मा, ओमप्रकाश दीक्षित, दीपक महेश्वरी, राधे तिवारी, पवन अग्रवाल, आशीष मिश्रा, अनूप मिश्रा, गौरव मिश्रा, दीपू खत्री, हिमांशु वर्मा और राजेश शुक्ला आदि ने भोलेनाथ की आरती उतारी।


शिव बरात के साथ समिति के सदस्य व अन्य। अमृत विचार

### लोधेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि उमड़े

लोधेश्वर महादेव मंदिर पर महाशिवरात्रि का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। जिसमें सभी शिव भक्तों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। इस अवसर पर बरात व झांकी निकाली गई व मंदिर पर भंडारे की व्यवस्था की गई। समिति के अध्यक्ष दिवाकर सिंह, टीम कल्याणपुर से सर्वेश व मंदिर समिति के अन्य सदस्यों ने कार्यक्रम में योगदान दिया। यह महापर्व प्रतिवर्ष हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। मुख्य अतिथि अमित टंडन एवं शंकर पुरवा प्रथम के पार्षद पंकज यादव उपस्थित रहे।

### बुद्धेश्वर महादेव में लगी रहीं भक्तों की कतारें

**अमृत विचार, काकोरी:** महाशिवरात्रि पर शिवालयों में दर्शन और पूजन के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने दूध और जल से महादेव का अभिषेक किया। सुबह से शाम तक शिवालय हर-हर, बम-बम के जयकारों से गूंजते रहे। पारा क्षेत्र के प्रसिद्ध बाबा बुद्धेश्वर महादेव मंदिर को फूलों और बिजली की झालरों से सजाया गया। भूत भावन शिव के दर्शन पूजन के लिए सुबह से ही भक्तों की कतारें लग गई। भक्तों ने शिव लिंग का दूध व जल से अभिषेक कर बेलपत्र, धतूरा, गन्ना, जौ की बाली, फूल और मिष्ठान आदि अर्पित किए। शाम को आलमनगर के पाल तिराहा मंदिर से शिवजी की बरात चलकर बुद्धेश्वर धाम पहुंची। सेवादारों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। एसीपी काकोरी शकील अहमद, पारा प्रभारी बृजेश कुमार वर्मा, कई थानों की पुलिस फोर्स, पीएसी,आरआरएफ तथा यातायात पुलिस मुस्तैद रही। बुद्धेश्वर विकास महासभा के अध्यक्ष राजेश शुक्ला, सुखपाल सिंह, एसपी पाण्डे, संरक्षक राम शंकर राजपूत, व्यापार मंडल अध्यक्ष पिंटू गुप्ता, पार्षद धर्मेन्द्र सिंह, भाजपा नेत्री ज्योती सिंह, हिमांशू गुप्ता, डीसी गुप्ता आदि सेवादार शामिल रहे।

### जल से शिव का अभिषेक कर भक्तों ने मांगी मुराद

**अमृत विचार, बख्शी का तालाब:** महाशिवरात्रि का पर्व बख्शी का तालाब क्षेत्र में स्थापित सभी शिव मंदिर धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत शिवपुरी में स्थित पुराने मुक्तेश्वर महादेव मंदिर समेत क्षेत्र के कई पुराने शिव मंदिरों से जहां भगवान भोले शंकर की भव्य बारातें निकाली गई वही क्षेत्र व शहर से आए हजारों शिव भक्तों ने मां चंद्रिका देवी मंदिर स्थित पवित्र सुधन्वा कुंड में विराजमान भोले शंकर सहित आदि गंगा गोमती नदी के किनारे स्थित अति प्राचीन शिव मंदिर बीकेटी के ठाकुरद्वारा में नागेश्वर शिव मंदिर सहित 1 दर्जन से अधिक शिव मंदिरों में महाशिवरात्रि पर भगवान शिव को फल फूल बेल पत्र आदि चढ़ाकर दूध से भगवान का अभिषेक कर पूजा अर्चना कर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

### ऋणमुक्तेश्वर में कराया गया शिव विवाह

**अमृतविचार, निगोहां:** ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर को एलईडी लाइटों व फूलों से सहाया गया। सुबह से मंदिर में भक्तों की भीड़ जमा हो गई और देर शाम तक दर्शन-पूजन चलता रहा। मंदिर प्रांगण में हवन पूजन के साथ शिव विवाह का आयोजन भी किया गया। इसके बाद भंडारे में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। शाम को भजन संध्या और भव्य आरती हुई। ऋणमुक्तेश्वर धाम के मुख्य पुरोहित विजय सोनी, राहुल गुप्ता, लाला, बाबू गुप्ता, केशु गुप्ता, सुजीत चौरसिया, ग्राम प्रधान अभय कांत दीक्षित, सपा नेता अमरपाल सिंह और भाजपा नेता संजीव शुक्ला आदि मौजूद रहे। रेलवे स्टेशन रोड स्थित उमा महेश्वर मंदिर में भी भक्तों का तांता लगा रहा।


निगोहां में लगे भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते लोग। अमृत विचार

## एक नजर

### धोखाधड़ी कर पांच लोगों से 21 लाख ठगे

**अमृत विचार, लखनऊ:** साइबर अपराधियों ने पांच लोगों से करीब 21 लाख की ठगी कर ली। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। गोमतीनगर के विराम खंड -5 निवासी वृद्ध राजेंद्र प्रसाद त्रिवेदी के व्हाट्सएप पर पार्ट टाइम नौकरी का मैसेज आया। वह टेलीग्राम से जुड़े, जहां युवती ने झांसे में लेकर 3.39 लाख निवेश कराकर हड़प लिये। उधर, अलीगंज निवासी रामबचन सिंह से संगम कुमार सिंह ने जमीन बेचने के नाम पर 16.55 लाख ठग लिए। इधर, निरालानगर निवासी ज्ञानेंद्र सिंह से दस हजार इनाम जीतने के नाम पर 79 हजार की ठगी हो गई। ने गुडंबा निवासी गंगाराम की बेटी के खाते से 31 हजार व अलीगंज के सेक्टर -जे निवासी शिवाय गुप्ता से ओएलएक्स पर सामान बेचने के नाम जालसाजों ने 75, हजार 500 रुपये हड़प लिए। पुलिस के मुताबिक सभी मामलों में एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है।

### राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत लगा विशेष शिविर

**अमृत विचार, लखनऊ:** मुमताज पीजी कॉलेज और कला एवं शिल्प महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। इसमें शुक्रवार को स्वयं सेवकों ने मनकामेश्वर वार्ड में मतदाता जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान मतदान के बारे में जानकारी दी। शिविर पिछले पांच दिन से चल रहा है। दोपहर बाद स्वयं सेवकों ने श्रमदान किया और प्रांगण की सफाई की। शिविर में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अब्दुल मोईद सिद्दीकी, डॉ. आमिर हुसैन सिद्दीकी और डॉ. अमरनाथ गौड़ मौजूद रहे। इनके निर्देशन में साक्षरता रैली, सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली, विकसित भारत की थीम पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# लोहिया में जल्द शुरू होगी रोबोटिक सर्जरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ बैठक में डॉक्टरों के सुझाव पर निदेशक ने दी सहमति

**अमृत विचार:** डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में रोबोटिक सर्जरी होगी। जल्द ही संस्थान में रोबोट खरीदा जाएगा। इससे मरीजों को आधुनिक इलाज की सुविधा मिल सकेगी। अभी पीजीआई में ही रोबोटिक सर्जरी हो रही है।

संस्थान के एकेडमिक ब्लॉक प्रेक्षागृह में डॉक्टरों के साथ बैठक कर निदेशक डॉ. सीएम सिंह ने बैठक ली। इसमें डॉक्टरों ने रोबोटिक सर्जरी शुरू करने का सुझाव दिया। निदेशक ने रोबोटिक सर्जरी शुरू कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि जल्द ही रोबोटिक सर्जरी का प्रस्ताव तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेजा जाएगा। इससे गरीब मरीजों को भी आधुनिक इलाज का लाभ मिल सकेगा।


बैठक में शामिल निदेशक डॉ. सीएम सिंह व अन्य। अमृत विचार

**बीएससी नर्सिंग के 40 सीटों की मिली मान्यता:** डॉ. सीएम सिंह ने बताया कि संस्थान में बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम की 40 सीटों को इंडियन नर्सिंग काउंसिल से मान्यता मिल गई है। इस पर डॉक्टरों ने तमाम समस्याएं गिनाईं। निदेशक ने समस्याओं का नियमानुसार निस्तारण करने का आश्वासन दिया।

इस मौके पर डीन डॉ. प्रद्युमन सिंह, सीएमएस डॉ. एके सिंह, रजिस्ट्रार डॉ. ज्योत्सना अग्रवाल, प्रवक्ता डॉ. एपी जैन, कॉर्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. भुवन चन्द्र तिवारी, ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुब्रत चंद्रा, यूरोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. ईश्वर रामदयाल, न्यूरो सर्जरी विभाग के अध्यक्ष डॉ. डीके सिंह, एनाटमी विभागाध्यक्ष डॉ. राजन भटनागर व मीना जौहरी मौजूद रहीं।

### डॉक्टरों ने रखीं प्रमुख मांगें

- पीजीआई व एम्स की भांति संकाय सदस्यों को प्रोन्नति प्रदान की जाए। पहली जुलाई से प्रोन्नत पद के वेतनमान का पुराना एरियर भुगतान किया जाए
- डॉक्टरों के आवास की मरम्मत व विस्तार किया जाए।
- अनुसंधान और शोध के क्षेत्र में संस्थान को उत्कृष्ट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जाए।

### ग्रामीण सीएचसी में 300 चश्मे रोजाना बांटने का लक्ष्य

**अमृत विचार, लखनऊ:** स्वास्थ्य विभाग ने ग्रामीण क्षेत्र की सभी सीएचसी को प्रतिदिन 300 चश्मे वितरण करने का लक्ष्य दिया गया है। विभाग ने ये व्यवस्था जिलाधिकारी की नाराजगी के बाद की है। सूत्रों का कहना है कि निर्धारित समय पर लक्ष्य को पूरा करना आसान नहीं है।

जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने 28 फरवरी को स्वास्थ्य समिति की बैठक ली थी। जिसमें चश्मा वितरण का लक्ष्य पूरा न होने पर नाराजगी जताई थी। उन्होंने निर्धारित समय पर लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश दिये थे। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने सीएचसी का प्रतिदिन का लक्ष्य तय कर दिया है। निर्देश हैं कि सीएचसी अधीक्षक स्कूलों में आरबीएसके की टीम के साथ जाकर बच्चों की आंखों का जांच करें। साल भर में 4598 स्कूली बच्चों को चश्मा बांटने का लक्ष्य है। अभी 2300 चश्मे बांटने बाकी हैं। ये लक्ष्य 20 मार्च तक पूरा करना है। इसकी रिपोर्ट रोजाना स्वास्थ्य विभाग को सौंपने के भी आदेश हैं।

# लापरवाह वेलनेस सेंटर के प्रभारियों को नोटिस जारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**खबर का असर**

▸▸ निर्धारित समय से पहले बंद मिले थे हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर

▸▸ संतोषजनक जवाब न मिलने पर की जाएगी कार्रवाई

**अमृत विचार:** हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (आयुष्मान मंदिर) में ताला लगाकर गायब रहने वाले डॉक्टरो को सीएमओ कार्यालय की ओर से नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

दरअसल वेलनेस सेंटर खुलने का समय सुबह 10 से शाम चार बजे तक का है। लेकिन यहां कार्यरत डॉक्टर निर्धारित समय से पहले ही बंद करके चले जाते हैं। इसको लेकर अमृत विचार ने बुधवार को 3 से 4 बजे के बीच फैजुल्लागंज के हनुमंत पुरम, गाजीपुर बलराम और सत्यलोक कॉनोनी स्थित वेलनेस सेंटरों का निरीक्षण किया था। तीनो सेंटर बंद मिले थे। खबर प्रकाशित होने के बाद सीएमओ कार्यालय की ओर से नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। सीएमओ मनोज ने बताया कि जवाब संतोषजनक न मिलने पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# विशेषज्ञ करेंगे फेफड़े की बीमारियों पर मंथन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ केजीएमयूके रेस्परेटरी मेडिसिन विभाग के तत्वावधान में कांफ्रेंस आज

**अमृत विचार:** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के रेस्परेटरी मेडिसिन विभाग के तत्वावधान में केजीएमयू के कलाम सेंटर में पीजी छात्रों के लिए दो दिवसीय कांफ्रेंस आयोजित की जाएगी। इसका शुभारंभ शनिवार को केजीएमयू की कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद करेंगी।

कांफ्रेंस में नार्थ जोन के नौ राज्यों के करीब 200 पीजी छात्र शामिल होंगे। यूपी चैप्टर ऑफ इंडियन चेस्ट सोसायटी के सहयोग से आयोजित होने वाली इस कांफ्रेंस में विभिन्न राज्यों के प्रख्यात चिकित्सक छात्रों को टीबी और सांस से जुड़ीं अन्य बीमारियों की बारीकियों के बारे में बताएंगे। नार्थ जोन टीबी टास्क फोर्स के चेयरमैन, इंडियन चेस्ट सोसायटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व केजीएमयू के रेस्परेटरी मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. सूर्यकांत ने इस मेगा एकेडमिक इवेंट के बारे में जानकारी दी।

डॉ. सूर्यकांत ने बताया कि यह कांफ्रेंस देश के भावी चिकित्सकों की जानकारी बढ़ाने के साथ ही लोगों को बेहतर इलाज मुहैया कराने में भी सहायक साबित होगी। देश को टीबी मुक्त बनाने में भी यह चिकित्सक अहम् भूमिका निभाने के लिए तैयार किये जा रहे हैं। कांफ्रेंस में एम्स दिल्ली, एम्स ऋषिकेश, एम्स जोधपुर, पीजीआई चंडीगढ़, पीजीआई रोहतक, एसजीपीजीआई लखनऊ और सीएमसी वेल्लोर के फैकल्टी मेम्बर शामिल होंगे।

# नवनियुक्त निदेशक और सीएमएस ने ग्रहण किया पदभार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ निदेशक ने कहा, आईसीयू को बनाएंगे और बेहतर

**अमृत विचार:** बलरामपुर अस्पताल के नवनियुक्त निदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण और सीएमएस डॉ. एनबी सिंह ने शुक्रवार को अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। दोनों अफसरों की तैनाती के संबंध में स्वास्थ्य विभाग से दो दिन पहले घोषणा हुई थी।

दोनों अफसरों ने अस्पताल को और बेहतर बनाने, पुरानी योजनाओं व कामों का क्रियाशील रखने की बात कही। इस मौके पर चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने निदेशक से शिष्टाचार भेंट की। दोनों अधिकारियों ने ऑक्सीजन प्लांट और सेमी डीलक्स वार्ड समेत अन्य जगह का निरीक्षण किया। ऑक्सीजन प्लांट सही तरीके से संचालित मिला। बीते दिनों अस्पताल का एक ऑक्सीजन प्लांट खराब चल रहा था, जिससे मरीजों को दुश्वारियां झेलनी पड़ रही थी। निदेशक डॉ. पवन ने कहा कि वह अस्पताल में आईसीयू को बेहतर बनाएंगे। वहीं, चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने निदेशक और सीएमएस डॉ. एनबी सिंह से भेंट की। महासंघ के प्रधान महासचिव अशोक कुमार, जिलाध्यक्ष कपिल वर्मा, एलटी महासंघ के महामंत्री कमल कुमार, सुनील कुमार, सत्यप्रकाश, रजत कुमार, नेत्र परीक्षण अधिकारी सर्वेश पाटिल आदि मौजूद रहे।


निदेशक को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत करते चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ के पदाधिकारी।

# पीएफ व वेतन हड़पने वाली कंपनी हटाई गई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ लोकबंधु अस्पताल के कर्मचारियों ने कंपनी पर लगाया था आरोप

**अमृत विचार:** लोकबंधु अस्पताल में कर्मचारियों का पीएफ व वेतन हड़पने वाली कंपनी को हटा दिया गया है। अब इसकी जिम्मेदारी नई कंपनी को मिलेगी। नई कंपनी के चयन के लिए जेम पोर्टल पर आवेदन मांगे गए हैं। इसमें तीन कंपनियां मानकों पर खरी उतरी हैं। इसमें एक कंपनी का चयन अस्पताल करेगा। वहीं पुरानी कंपनी के खिलाफ श्रम विभाग व बैंक को पत्र भेजा गया है।

लोकबंधु अस्पताल में बीएस कंस्ट्रेक्शन कंपनी को मैनपॉवर का जिम्मा बीते साल मिला था। कंपनी के अधीन करीब 65 कर्मचारी तैनात हैं। कंपनी के जरिए हर माह पीएफ कटौती की जा रही थी,लेकिन पैसा कर्मचारियों के खाते में जमा नहीं किया गया। मई से जनवरी माह तक एक भी रुपए पीएफ में कंपनी ने जमा नहीं किए। इतना ही नहीं कंपनी ने ईएसआई की कटौती बाद भी कार्ड नहीं बनाया गया है। कर्मचारियों ने पूर्व में कई बार मामले की शिकायत दर्ज कराई थी। जांच में कंपनी दोषी पाए जाने पर उसे हटा दिया गया है।अस्पताल प्रशासन ने इसी महीने मैनपॉवर कंपनी का चयन के लिए जेम पोर्टल पर टेंडर किया। इसमें 189 कंपनियों ने भाग लिया। इसमें तीन कंपनी चुनी गई हैं। आटो रन में एक कंपनी का चयन होना है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय शंकर के मुताबिक, नई कंपनी के चयन के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कराई जा रही है।

### दो दोस्तों पर चाकू से हमला प्राथमिकी दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ:** गोमतीनगर थानाक्षेत्र अंतर्गत बाजार जाते समय दबंगों ने युवकों पर चाकू से हमला कर दिया। जिसमें एक युवक को कान फट गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। प्रभारी निरीक्षक दीपक पांडे के मुताबिक, मूलरूप से जालौन जनपद निवासी दीपेंद्र दोस्त अजय और राम नरेश के साथ विनीत खंड-एक में किराए के मकान में रहते हैं। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि गुरुवार शाम 5 बजे वह दोस्तों के संग खाने का सामान खरीदने जा रहा था। रास्ते में तीन दबंगों ने पीछे से चाकू से वार कर दिया। हमले में उसका कान फट गया। शोर मचाने पर हमलावर धमकी देते हुए भाग निकले।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# लिव-इन में रहने वाले युवक ने की महिला की गला घोंटकर हत्या

## घरेलू खर्च के रुपये नशेबाजी में उड़ाने को लेकर हुआ विवाद, गोमतीनगर के उजरियांव गांव का मामला, हिरासत में आरोपी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गोमतीनगर इलाके में लिव इन में रह रही महिला को युवक ने दुपट्टे से गला घोंट कर हत्या कर दी। छह साल की बेटी रोते हुये दादी के पास पहुंची तब घटना की जानकारी हुई। नशेबाजी में रुपये उड़ाने का लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की है।

थाना अंतर्गत उजरियांव निवासी फरहान ने शुक्रवार को लिवइन में रहने वाली नसरीन (42) की दुपट्टे से गला घोंट कर हत्या कर दी। घटना सुबह करीब 5 बजे की बताई जा रही है। एसीपी गोमतीनगर अंशु जैन ने बताया कि घर के समीप से आरोपी फरहान को हिरासत में ले लिया गया है। बताया कि पूछताछ में सामने आया कि घटना के बाद छह वर्षीय बेटी रोते हुये कमरे से बाहर निकल दादी के पास पहुंची। जब दादी अंदर पहुंचीं तो नसरीन के गले में दुपट्टा लिपटा मिला और उसकी मौत हो गई थी। उन्होंने आनन-फानन पुलिस को मामले की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घर के बाहर मौजूद आरोपी को हिरासत में ले लिया। इंस्पेक्टर ने बताया पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजन की तहरीर व पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### आए दिन दोनों के बीच होता था विवाद

एसीपी ने बताया कि आरोपी ऑटो चलाकर घरेलू खर्च चलाता था। लेकिन पिछले काफी समय से वह शराब के नशे का आदी हो गया था। इसके चलते वह घरेलू खर्च के रुपये भी शराब में उड़ा देता था। इसी बात को लेकर दोनों में आये दिन विवाद होता था। घटना से पहले भी दोनों के बीच इसी बात को लेकर विवाद हुआ था।

इंस्पेक्टर दीपक कुमार पांडेय ने बताया कि नसरीन की पहली शादी से एक बच्चा है। मूल रूप से बाराबंकी जिले की रहने वाली थी। उनके परिजन को सूचना दी गई है। उनकी तरफ से मिली तहरीर के आधार पर कार्रवाई होगी। फोरेंसिक टीम के संग घटना स्थल का निरीक्षण किया है।

### ऑटो में दोनों के बीच हुई दोस्ती, तो साथ रहने लगे

फरहान ऑटो चलता था। छह साल पहले फरहान नसरीन को रोजाना लेकर आता-जाता था। दोनों में दोस्ती हो गई। इसके बाद नसरीन पहले पति को छोड़कर बिना निकाह किये छह वर्षीय बेटी के साथ फरहान के संग लिवइन में रहने लगी थी। पहले दोनों किराये के कमरे में रहते थी। आर्थिक हालत बिगड़ने पर तीन माह पहले ही फरहान अपनी मां के घर रहने आया था।

## एक नजर

### शादी में शामिल होकर निकले युवक पर हमला

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में शादी में शामिल होकर निकले युवक को पीट कर गाड़ी में तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। काकोरी के मेंहदीनगर निवासी पीड़ित शुभम यादव ने बताया वह सरोजनीनगर के राधा कृष्ण मैरिज लॉन में एक परिचित की शादी में आया था। समारोह में शामिल होकर वह बाहर निकल अपनी चार पहिया गाड़ी की तरफ जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आये मेंहदीनगर निवासी सूरज व अनमोल ने हमला कर लात घूंसों से पीट कर गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया। शोर सुन आसपास के लोग पहुंचे तो आरोपी भाग निकले। पीड़ित ने तहरीर दी है। इंस्पेक्टर सरोजनीनगर शैलेंद्र गिरी ने बताया दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### 13 वर्षीय छात्र घर से लापता अनहोनी की आशंका

**अमृत विचार,लखनऊ :** बाजार खाला क्षेत्र से 13 वर्षीय छात्र घर से लापता हो गया। पिता ने अनहोनी की आशंका जताते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। ऐशबाग निवासी पीड़ित पिता रामदयाल ने बताया कि रोज की तरह गुरुवार सुबह करीब 7 बजे बजे वह लकड़ी मंडी में काम करने निकल गया। 13 वर्षीय बेटा शिवा घर पर था। शाम करीब 5 बजे वह घर लौटे तो बेटा घर से लापता था। काफी देर तक वह नहीं लौटा तो खोजबीन की, लेकिन उसका सुराग नहीं लगा। मोहल्ला निवासी यूसुफ ने बताया कि शिवा स्कूल नहीं गया था। उसका स्कूल बैग भी घर पर रखा है। पीड़ित ने बेटे के अपहरण की आशंका जताते हुये पुलिस से बरामदगी की गुहार लगाई है। इंस्पेक्टर बाजार खाला संतोष कुमार आर्या ने बताया छात्र की तलाश के लिये पुलिस कर्मियों को लगाया गया है। जल्द ही उसे सुरक्षित बरामद कर परिजन को सौंप दिया जायेगा।

## आग से झुलसी महिला की मौत, जलाकर मारने का आरोप

- पिता ने दामाद और उसकी बहन पर दर्ज कराई रिपोर्ट
- चिनहट क्षेत्र के नंद विहार कॉलोनी का मामला



**अमृत विचार, लखनऊ :** चिनहट इलाके में गुरुवार को आग से झुलसी महिला की मौत हो गई। पिता ने दामाद और उसकी बहन पर दहेज की मांग पूरी नहीं होने के बेटी की जलाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। थाना अंतर्गत नंद बिहार कॉलोनी निवासी मधुरिमा सिंह पत्नी जयदेव सिंह की गुरुवार रात आग से झुलस कर मौत हो गई थी। पिता जगवीर सिंह ने बताया बेटी मधुरिमा की शादी वर्ष 2017 में जयदेव से की थी। शादी के बाद से ही जयदेव व उसकी बहन मिक्की इनोवा कार की मांग को लेकर बेटी को मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगे थे। घटना वाली रात दामाद ने उनको फोन पर बताया कि घर में आग लगने से झुलस कर मधुरिमा की मौत हो गई है। वह मौके पर पहुंचे तो घर का सारा सामान सुरक्षित मिला, जबकि आग से जलने से मृत मिली। उन्होंने दामाद व उसकी बहन पर बेटी को जिंदा जलाकर मारने का आरोप लगाया है। इंस्पेक्टर चिनहट अश्वनी कुमार ने बताया दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### दहेज के लिए महिला को जिंदा जलाने का प्रयास

**अमृत विचार, लखनऊ/ ठाकुरगंज :** ससुरालवालों और पति के खिलाफ दो महिलाओं ने थाने में तहरीर दी है। एक महिला ने दहेज के लिए प्रताड़ित करने व जिंदा जलाने की कोशिश का आरोप लगाया है। दूसरे महिला ने पति पर भाई के साथ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। चिनहट थाने में एक महिला ने ससुराल पक्ष वालों पर दहेज उत्पीडन का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि ससुराल वालों ने उसे जिंदा जलाने की कोशिश की। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। वहीं, बाजारखाला थानाक्षेत्र अंतर्गत बहन से मिलने ससुराल आए भाई को बंधक बनाकर पीटा गया। चिनहट थानाक्षेत्र के काशीराम कालोनी, लौलाई निवासी शायरा बानो का निकाह वर्ष 2021 में गोसांईगंज के अमेठी कस्बा निवासी मो. सुल्तान से हुआ था। आरोप है कि दहेज की मांग को लेकर उसे तरह-तरह की यातनाएं दी जाती थी। विरोध करने पर ससुराल वालों ने उसे जिंदा जलाने का प्रयास किया। प्रभारी निरीक्षक अश्वनी चतुर्वेदी ने बताया कि तहरीर के आधार पर विवाहिता के पति समेत पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। बाजारखाला थानाक्षेत्र के टिकैतगंज में किराए के मकान पर रहने वाली मुस्कान की शादी सात माह पूर्व दिलीप से हुई थी। लिखित शिकायत में महिला का आरोप है कि पति दिलीप उस पर शक कर मारपीट करता है। मिलने आई भाई को कमरे में बंद कर पति ने पीट दिया। प्रभारी निरीक्षक संतोष आर्या ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### बाइक सवार छात्रा व भाई पर हमला, जान से मारने की दी धमकी

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोसाईंगज इलाके में परीक्षा दिला कर बाइक से लौट रहे युवक और उसकी बहन पर रंजिश में हमला करने का मामला सामने आया है। जमालपुर कुर्मियान निवासी अल्पेश कुमार गुरुवार को सुबह बहन को परीक्षा दिलाकर बाइक से घर लौट रहा था। रास्ते में ग्राम शिवलर निवासी दीपा, दुर्गेश, मनीषा और समशेर वर्मा ने घेरकर दोनों को रोक कर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने दोनों पर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। मामले की जानकारी पर भाई राम सुमिरन व अन्य पहुंचे तो आरोपियों ने उन्हें भी पीट दिया। हमले में गंभीर चोटें आने से राम सुमिरन मरणासन्न हालत में पहुंच गया। आसपास के लोगों को आया देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुये भाग निकले। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### पड़ोसी ने किशोरी से की दुष्कर्म की कोशिश

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** रहीमाबाद थानाक्षेत्र अंतर्गत एक गांव में घर में घुसे पड़ोसी ने एक किशोरी से जबरदस्ती दुष्कर्म का प्रयास किया। किशोरी के चीखने-चिल्लाने पर दादी मौके पर पहुंची। जिसके बाद पड़ोसी उन्हें धक्का देकर वहां से भाग निकला। हालांकि, परिजनों ने आरोपी के खिलाफ रहीमाबाद थाने में लिखित शिकायत देते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक अनुभव सिंह के मुताबिक, क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी (15) के परिजन ने पड़ोसी सुनील के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में किशोरी के पिता ने बताया कि शुक्रवार को वह पत्नी के साथ बहन के घर गए थे। घर पर बेटी मां के संग मौजूद थी। आरोप है कि मौके का फायदा उठाते हुए पड़ोसी सुनील उनके घर में जबरन घुस आया। फिर बेटी को अकेला देख जोर-जबरदस्ती करने लगा। बेटी के चीखने-चिल्लाने पर उनकी मां वहां पहुंची। तब पड़ोसी उनकी मां को धक्का देकर जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग निकला। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### बीए की छात्रा समेत तीन लोगों ने की खुदकुशी



तमन्ना सिंह

**अमृत विचार, लखनऊ:** वजीरगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गुईन रोड पर बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा तमन्ना सिंह (21) का शव घर में फंदे से लटकता मिला। वहीं, काकोरी के आबिदखेड़ा गांव में मनीष (35) और गोसाईंगंज के सीफत नगर में इंदलेश कुमार (35) ने एक धार्मिक स्थल के पीछे धोती का फंदा बना खुदकुशी कर ली। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से पूछताछ कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वजीरगंज प्रभारी निरीक्षक डीसी मिश्र के मुताबिक मूलरूप से बहराइच जनपद के लक्खा रामपुर अमराई गांव निवासी मनोज सिंह प्राइवेट नौकरी करते हैं। उनकी बेटी तमन्ना अमीनाबाद कॉलेज से बीए द्वितीय वर्ष की पढ़ाई कर रही थी। वह गुईन रोड पर किराए के मकान में रहती थी। शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे बेटी की रूम पार्टनर मंदिर चली गई थी। उसके जाने के बाद बेटी ने अंदर से रूम बंद कर लिया। लगभग दो घंटे के बाद रूम पार्टनर के कमरे पर पहुंची तो दरवाजा भीतर से बंद था। आवाज देने पर भी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। जिसके बाद रूम पार्टनर ने फौरन पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने दरवाजा तोड़ा तब छात्रा का शव पंखे के हुक से दुपट्टे के फंदे से लटकता पाया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि कमरे से कोई भी सुसाइड नोट नहीं मिला है। काकोरी प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आबिदखेड़ा गांव निवासी मनीष ने सुबह करीब 6 बजे दिवंगत चाचा राजू के घर पर पंखे के कुंडे से नायलॉन की रस्सी का फंदा आत्महत्या कर ली। मनीष अपने घर के सामने ही अण्डे का ठेला लगाता था। वहीं, गोसाईंगज के सीफत नगर मजरा रहमतनगर निवासी इंदलेश का शव गांव में एक धार्मिक स्थल के पीछे पेड़ से धोती का फंदे से लटकता मिला। मनीष पुरोहित था।

### शादी का झांसा दे नाबालिग को ले गया युवक, मां ने जताई हत्या की आशंका

**अमृत विचार, लखनऊ :** गाजीपुर इलाके में रहने वाली नाबालिग को युवक शादी का झांसा देकर ले गया। मूलत: आजमगढ़ निवासी पीड़िता ने बताया कि उसके पति की मौत हो गई थी। वह गाजीपुर इलाके में नाबालिग बेटी के साथ रहती है। बेटी से लवकुश नगर निवासी ऋतिक मोबाइल पर बातें करता था। उसने बेटी को प्रेम प्रसंग में फंसाया और शादी का झांसा देकर बुधवार सुबह करीब 11 बजे बहला- फुसला कर ले गया। जब वह आरोपी के घर पहुंची तो बेटी को भूल जाने की धमकी देते हुये गाली गलौज कर उसे घर से भगा दिया। विधवा ने बेटी की हत्या की आशंका जताई है। इसके अलावा खुद की जान को खतरा बताते हुये सुरक्षा की गुहार लगाई है। इंस्पेक्टर गाजीपुर ने बताया कि आरोपी के खिलाफ अपहरण समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### पत्नी से बच्चा छीनने का प्रयास

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** मलिहाबाद कोतवाली में एक महिला ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि पति ने उसकी बेल्ट से पिटाई कर उससे बच्चा छीनने का प्रयास किया है। मूल रूप से बाराबंकी के गांधीनगर, देवां रोड निवासी सोनम की शादी वर्ष 2022 में मलिहाबाद कसमंडी कला निवासी रवि से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित किया जाता था। विरोध करने पर उसके संग मारपीट की जाने लगी। पूर्व में उसने ससुराल पक्ष वालों के खिलाफ सम्बन्धित थाने में तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने दंपती के बीच समझौता करा दिया। बावजूद इसके महिला को यातनाएं जाती थी। महिला का कहना है कि मांग पूरी न होने पर पति ने उसकी बेल्ट से पिटाई कर उससे बच्चा छीनने का भी प्रयास किया। इसके बाद महिला ने एडीसीपी पश्चिम से शिकायत की। जिनके निर्देश पर मलिहाबाद पुलिस ने महिला के पति समेत तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है।



महा शिव रात्रि के मौके पर अमीनाबाद क्षेत्र के मस्तेश्वर महादेव मंदिर के बाहर नृत्य करते कलाकार। अमृत विचार

# सर्राफ की दुकान से 12.5 किलो सोने और चांदी के गहने चोरी

संवाददाता, मलिहाबाद

- शटर काट कर दो दुकानों से करीब 12 लाख का सामान समेट ले गए चोर
- रहीमाबाद कोतवाली का मामला, पुलिस गश्त पर उठाए सवालिया निशान

**अमृत विचार :** रहीमाबाद कस्बा में गुरुवार रात चोरों ने कोतवाली से महज सौ मीटर पर स्थित सर्राफ दुकान को निशाना बनाया। शटर काट कर अंदर घुसे चोर नकदी, आभूषण और कपड़ों सहित करीब 11 लाख का सामान समेट ले गये। व्यापारी की सूचना पर पुलिस घटना स्थल की जांच कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

कस्बा निवासी वहाज की मुख्य चौराहे पर सोने-चांदी व कपड़े की दुकान है। इससे करीब सौ मीटर पर ही रहीमाबाद कोतवाली है। देर रात चोर दो दुकानों के शटर काट कर अंदर घुसे। इसके बाद सामान समेट ले गये। इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी ले गये। मुख्य चौराहे पर चोरी की घटना को अंजाम देकर आरोपी फरार हो गये। पुलिस को भनक नहीं लगी। ज्वैलरी शॉप के दुकानदार वहाज हुसैन सुबह घटना की जानकारी हुई। उन्होंने बताया चोर साढ़े 12 किलो चांदी के आभूषण और 10 ग्राम सोना चोरी कर ले गये। जिसकी कीमत करीब 10 लाख 76 हजार व कपड़े की दुकान से एक लाख की नकदी समेट ले गये हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज की। आरोपियों की सुरागरसी के लिये इंस्पेक्टर ने डॉग स्क्वाड व फोरेंसिक टीमों के साथ साक्ष्य एकत्रित किये। वहीं खोजी कुत्ता की मदद से चोरों की निशानदेही का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। वारदात से व्यापारियों ने पुलिस गश्त पर सवालिया निशान उठाते हुये नाराजगी जताई है।

## सार-संक्षेप

### मिठाई विक्रेता पर हमला कर दुकान से लूटी नकदी

**अमृत विचार, बीकेटी :** बीकेटी थानाक्षेत्र अंतर्गत संसारपुर में शुक्रवार सुबह दुकान खोल रहे मिठाई विक्रेता पर दबंगों ने धारदार हथियार से वार कर दुकान के गल्ले से पचास हजार की नकदी और तीन लाख रुपये का अन्य सामान लूट लिया। पीड़ित विक्रेता ने दबंगों के खिलाफ सम्बन्धित थाने में लिखित शिकायत देते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की है। बीकेटी थानाक्षेत्र अंतर्गत मिठाई विक्रेता बब्लू की कस्बे में दुकान है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे वह दुकान खोल रहा था। आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर नारायन, सोनू, कुलदीप, संदीप सूरज, विनय, अजय, मोनू, उमेश व जयपाल ने अपने सात अज्ञात साथियों के साथ मिलकर उस पर धारदार हथियार से पीछे से हमलाकर दिया। इस वार से पीड़ित गश खाकर गिर पड़ा। जिसके बाद दबंगों ने उस पर लात-घूंसों और बेल्ट से पिटाई कर दी। इसी बीच दबंग पीड़ित की दुकान में घुस आया और गल्ले में रखी पचास हजार की नकदी समेत तीन लाख रुपये का अन्य सामान लेकर भाग निकले। स्थानीय लोगों की मदद से पीड़ित बीकेटी थाने पहुंचा। जहां, उसने दबंगों के खिलाफ लिखित शिकायत देते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की। प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश सिंह ने बताया कि हमलावरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सभी की तलाश की जा रही है।

### फूड डिलीवरी ब्वॉय पर चढ़ाई स्कॉर्पियो, चालक गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** सुशांत गोल्फ सिटी थानाक्षेत्र अंतर्गत इकाना स्टेडियम के पास गुरुवार देर रात तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने फूड डिलीवरी ब्वॉय की बाइक पर टक्कर मार दी। स्कॉर्पियो के पहिए में फंसकर डिलीवरी ब्वॉय 100 मीटर तक सड़क पर गाड़ी के संग घसीटता चला गया। फूड डिलीवरी ब्वॉय की लिखित शिकायत पर पुलिस ने स्कॉर्पियो चालक के खिलाफ हत्या के प्रयास की धारा में एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक अंजनी मिश्र के मुताबिक, मूलरूप से बाराबंकी जनपद के फतेहपुर निवासी मनोज कुमार ने स्कॉर्पियो चालक राघवेंद्र मिश्र के खिलाफ हत्या की प्रयास की धारा में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि गुरुवार रात करीब 10 बजे भाई अमित बाइक से खाना डिलीवर कर बाइक से घर लौट रहा था। इकाना स्टेडियम के पास तेज रफ्तार स्कार्पियो ने बाइक पर टक्कर मार दी थी।बाइक सवार को टक्कर मारने के बाद स्कार्पियो में आग लग गई। जबकि स्कार्पियो में फंसने से भाई करीब 100 मीटर तक तक घिसटते चला गया। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने भाई अमित को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसका इलाज चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस ने चिनहट के अनोरा निवासी राघवेंद्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। राघवेंद्र जमीन की खरीद-फरोख्त का काम करता है।

### नाटक अपराजिता ने की लड़कियों से होने वाले भेदभाव पर बात

**अमृत विचार लखनऊ:** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर केन्द्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान (सीडीआरआई) में नुक्कड़ नाटक अपराजिता की प्रस्तुति की गई। इस नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पितृसत्तात्मक सोच, समाज की दोहरी मानसिकता और महिलाओं के प्रति भेदभावपूर्ण रवैये को व्यंग्यात्मक शैली में प्रस्तुत किया गया। इसके जरिये यह संदेश दिया गया की लड़कियों की पूजा भले न करिए लेकिन उनको अधिकार दीजिए। नुक्कड़ नाटक में लल्लन तिवारी अपने बेटे गुल्लू को कॉन्वेंट में एडमिशन कराता है और बेटी चिंकी को प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने भेजता है। चिंकी को मिले विद्या कन्या धन के पैसे को वह गुल्लू की मेडिकल कोचिंग में लगा देता है। चिंकी अपनी मम्मी बबली के सहयोग से घर पर ही मेडिकल परीक्षा की तैयारी करती है। परिणाम आने पर पता चलता है कि गुल्लू फेल हो गया और चिंकी टॉप कर गई। इस नाटक ने यह सन्देश दिया कि समाज आशीर्वाद देने के लिए मुंह खोलेगा, हमेशा पुत्रवती भव ही बोलेगा। सोच बदलिए और बोलिए पुत्रीवती भव। नाटक के लेखक एवं निर्देशक व्यंग्यकार पंकज प्रसून ने नाटक के अंत अपनी कविता लड़कियां बड़ी लड़ाका होती हैं को भी शामिल किया : -लड़की जब घर से निकलती है तो उसे लड़ना होता है गलियों से राहों से सैकड़ों घूरती निगाहों से। कार्यक्रम में केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान की निदेशक डॉ. राधा रंगराजन और संस्थान के तमाम वैज्ञानिक, अधिकारी और विद्यार्थी मौजूद रहे।

### चोरों ने चार बंद घरों व कार से सामान चुराया

**अमृत विचार, लखनऊ :** चोरों ने निजी बैंक कर्मचारी सहित चार बंद घरों व खड़ी कार से लाखों का सामान चुरा लिया। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। बीबीडी इलाका निवासी निजी बैंक के कर्मचारी भूपेंद्र सिंह के घर से चोरों ने सामान पार कर दिया। भूपेंद्र की पत्नी मायके में थी। वह बैंक से शाम को घर पहुंचे तो गेट व कमरे में रखी अलमारी के ताले टूटे मिले। चोर लाखों के जेवरात चुरा ले गए। इसके अलावा पुलकित मोहन के महानगर स्थित घर से चारों ने सामान पार कर दिया। उधर, गाजीपुर के प्रकाश कॉलोनी निवासी समीर नकवी की खड़ी कार का शीश तोड़कर चोरों ने अंदर रखा कैमरा चुरा लिया। इधर बीकेटी में अस्ती रोड निवासी पूनम देवी ने सीतापुर निवासी रिश्तेदार पर घर से जेवर चोरी करने का आरोप लगाया है। उधर, नगराम के दुल्हापुर हुसैनाबाद गांव निवासी महिला सुदामा के घर से चोर एलईडी टीवी चुरा ली। पुलिस ने मामलों की जांच कर आगे की कार्रवाई की बात कही है।

# फेसबुक लाइव पर युवक ने की खुदकुशी की कोशिश

संवाददाता, ठाकुरगंज

- कीटनाशक दवा के साथ युवक का वीडियो वायरल
- वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने शुरू की कार्रवाई

**अमृत विचार :** सआदतगंज कोतवाली अंतर्गत कर्ज से परेशान युवक ने फेसबुक लाइव पर चूहा मार दवा का सेवन का खुदकुशी करने का प्रयास किया। युवक का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा। युवक की पहचान कर उसकी तलाश की जा रही है।

दरअसल, शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर फेसबुक लाइव पर एक युवक का चूहा मार दवा के सेवन के साथ खुदकुशी करने का वीडियो तेजी से वायरल हुआ। वायरल हो रहे वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं कर रहा है। वायरल हो रहा वीडियो सआदतगंज कोतवाली क्षेत्र के यासीनगंज रामनगर का बताया जा रहा है। इस वीडियो एक शख्स साफ तौर पर यह कह रहा है कि वह कर्ज से काफी परेशान है। उसकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। जिस वजह से वह समय पर लोगों से लिए गए कर्ज को चुका पाने में असमर्थ है। इस वीडियो में युवक चूहा मार दवा के साथ दिखाई पड़ है।



फेसबुक लाइव के दौरान युवक

खासतौर आत्मघाती कदम उठाए जाने से पूर्व युवक वीडियो में साझेदार असलम को अपने घर की जिम्मेदारी संभालने की बात कहता दिखाई पड़ रहा है। सआदतगंज प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार ने बताया कि वायरल वीडियो आधार पर युवक की पहचान फैजान के रूप में हुई है। पूछताछ में उसकी बहन ने बताया कि फैजान ने व्यापार करने के लिए लोगों से कर्ज लिया था, लेकिन व्यापार में घाटा होने पर सारा पैसा डूब गया। जिससे वह काफी परेशान था।

# मच्छर भगाने के क्वायल से लगी आग, जिंदा जला युवक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- माल एवेन्यू में क्रिश्चियन कब्रिस्तान के पास की घटना

**अमृत विचार:** हजरतगंज इलाके झोपड़ी में सो रहे युवक में सो रहे युवक की जिंदा जलकर मौत हो गई। एफएसओ रामकुमार रावत का कहना है कि आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। शुरुआती जांच में मच्छर भगाने वाले क्वायल से आग लगने की बात सामने आ रही है।

कोतवाली अंतर्गत माल एवेन्यू में आवास विकास कॉलोनी क्रिश्चियन कब्रिस्तान के पास टिन शेड के किनारे झोपड़ी में शुक्रवार तड़के आग लग गई। जिसकी चपेट में आकर अंदर सो रहे अनिल चरण (48) जिंदा जल गये। एफएसओ ने बताया कि झोपड़ी में आग लगने की सूचना मिली थी। दमकल कर्मियों ने एक गाड़ी से आग पर काबू पा लिया। अंदर देखा तो अनिल का शव बिस्तर पर पड़ा था। जिनकी जलने से मौत हो गई थी। अनिल मूलतः सीतापुर के सिधौली का रहने वाला था। भाई सुनील के बताया अनिल अविवाहित था। अकेले ही रहता था। कुछ दूरी पर वह भी रहता था। आग कैसे लगी पता नहीं है। इंस्पेक्टर गौतमपल्ली ने बताया अनिल नशे का आदी था।

# ऐतिहासिक इमारतों में महिलाओं को मिली फ्री इंट्री

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर हुसैनाबाद ट्रस्ट ने एतिहासिक इमारतों में महिलाओं को फ्री इंट्री दी। छोटा व बड़ा इमामबाड़ा के अलावा पिक्चर गैलरी में जाने वाली महिलाओं को आज टिकट नहीं खरीदना पड़ा। छोटा इमामबाड़ा, बाड़ा इमामबाड़ा और पिक्चर गैलरी की प्रसिद्धि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर है। लखनऊ आने वाले पर्यटक इन इमारतों को देखे बगैर नहीं जाते। हुसैनाबाद ट्रस्ट के अधीन यह इमारतें सरकार को करोड़ों रुपये का राजस्व देती हैं। ऐसा निर्णय पहली बार किया गया कि इमामबाड़ा व पिक्चर गैलरी का भ्रमण करने आई महिलाओं को नि:शुल्क प्रवेश दिया गया।

### एचसीएल (ए) टीम ने एसीएल (बी ) टीम को हराया

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ :** लखनऊ फुटबॉल एसोसिएशन और टेक्ट्रो क्लब की देखरेख में महिला दिवस के उपलक्ष्य पर फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित किया गया। इसमें एचसीएल (ए) टीम ने एसीएल (बी ) टीम को फाइनल मैच हराकर चैंपियन होने का गौरव हासिल किया। इस टूर्नामेंट में 8 टीमों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में चौक के पार्षद अनुराग मिश्रा (अनु), लखनऊ फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव कन्हैयालाल और राष्ट्रीय खिलाड़ी पान सिंह मौजूद रहे। चौक पार्षद अनुराग मिश्रा (अनु) ने उत्तर प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करने वाली लखनऊ की पांच खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया। इन पांच खिलाड़ियों को फुटबॉल बूट देकर सम्मानित किया गया।

**आयोजन** टीकननाथ पासी जन्मोत्सव में हुआ सामूहिक विवाह समारोह

# बौद्ध रीति से सात जोड़े विवाह बंधन में बंधे

संवाददाता,बख्शी का तालाब

**अमृत विचार :** बख्शी का तालाब अंतर्गत महाराजा टीकननाथ पासी के किले पर महाराजा का जन्मोत्सव और महाशिवरात्री पर्व शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान सात कन्याओं का विवाह भी कराया गया।

पट्टी ढिलवासी अमानीगंज स्थित आयोजन महाराजा टीकन नाथ पासी किला ट्रस्ट और अखिल भारतीय पासी समाज संगठन लखनऊ यूनिट ने कार्यक्रम का आयोजन किया। यूनिट के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरए प्रसाद ने बताया कि बौद्ध रीति से सात कन्याओं का विवाह कराया गया। महिला शाखा की राष्ट्रीय अध्यक्षा शकुंतला प्रसाद ने नव दम्पत्तियों को उपहार में दैनिक उपयोग की सामग्री प्रदान की। महिलाओं ने मंगल विवाह गीत गाए। खेलकूद एवं म्यूजिक चेयर प्रतियोगिता भी हुई।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दहेज रहित विवाह करने, कुरीतियां व नशा छोड़ने की पील की। सामूहिक भोज भी हुआ। प्रदेश अध्यक्ष विक्रम राम राजेश, मीडिया प्रभारी कुशल कुमार, जिला अध्यक्ष मास्टर सियाराम, महासचिव राम कृपाल, रंजीत रावत, दिवाकर, राजेश शिक्षा मित्र, रंजीत रावत प्रधान, रामपाल रावत, बालक राम रावत और डॉ. राम सुरेश रावत आदि उपस्थित रहे।



वर-वधू का बौद्ध रीति से विवाह कराते धर्म गुरु। अमृत विचार



**आंदोलन**

कालीदास मार्ग स्थित केशव प्रसाद मौर्या के आवास के बाहर नियुक्त की मांग को लेकर प्रदर्शन करते 6800 के शिक्षक अभ्यर्थी ।


अमृत विचार कार्यालय में महिला दिवस के अवसर पर आयोजित परिचर्चा में शामिल विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत महिलाएं। अमृत विचार

# विचारों के मंथन में एकजुट हुई आधी आबादी

## संस्कार अच्छे होंगे तो कूड़े में नहीं मिलेंगी बेटियां

## विचार मंथन में संस्कार पर जोर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पुरुष और महिला में न करें तुलना
- महिला किसी से नहीं है कमतर

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर शुक्रवार को 'अमृत विचार' कार्यालय में विचारों के मंथन में 'आधी आबादी' जुटी तो सभी का जोर संस्कारों पर रहा। चूंकि घर और माता पहली गुरु है ऐसे में घर में बचपन से ही 'संस्कारों की पाठशाला' शुरू हो तभी बात बनेंगी। संस्कार सीख समाज में उतरेंगे तो न केवल महिला आगे बढ़ेगी बल्कि समाज भी आगे बढ़ेगा। पुरुष और महिला में तुलन न करें। महिला किसी से कमतर नहीं है। लेकिन माताओं को अपने घरों में बेटियों और बेटों दोनों को अच्छे संस्कार देने होंगे। एक नारी के उत्थान से पूरे परिवार और समाज का उत्थान होता है। किसी ने संस्कार तो किसी ने नवाचार पर बल दिया।

शिक्षा और उद्यम के क्षेत्र में भी कुछ खास करने का संकल्प लेने पर अपनी राय दी। परिवार और समाज के मानसिक स्तर को बेहतर बनाने के लिए विचार मंथन में तमाम सुझाव भी आए।

### महिला शब्द का अर्थ समझाया, अपने आप में है ताकतवर

दरअसल महिला शब्द का मर्म ज्यादातर आधी आबादी नहीं जानती है। महिला शब्द अपने आप में ताकतवर है। व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि महिला यानी 'म' मातृत्व व ममता, 'ह' से हिम्मत और 'ल' से लज्जा है। यह शब्द उन्हें संवैधानिक ताकत प्रदान करता है। बस उसे अहसास होना चाहिए। मातृत्व भाव से ही समृद्ध समाज की स्थापना होती है। हिम्मत उसे सेना और लड़ाकू विमानों की ओर ले जाती है और लज्जा उसका गहना होता है। भावार्थ यह है कि इन तीनों चीजों के एकत्र होने से ही महिला का सर्वांगीण निर्माण होता है। वह आगे बढ़ अपना और परिवार का विकास करती है। साथ ही समाज में आदर्श स्थापित करती है। अब जरूरत है तो नई पीढ़ी को इस ओर प्रेरित किये जाने की, तभी परिणाम सुखद और सफल होंगे।

**–पूजा मिश्रा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य महिला मोर्चा**

### परिवार में शिक्षा के स्तर में रखे समानता

कई परिवारों में देखा जाता है कि बेटों को तो पढ़ाई के लिए तमाम संसाधन और व्यवस्था करा दी जाती है लेकिन बेटियों के लिए हाथ तंग रहते हैं। उन्हें सीमित पढ़ाई और संसाधन ही उपलब्ध कराए जा पाते हैं। जबकि आज समाज के पास बेटियों के उच्चतम शिखर पर परचम फहराने के कई उदाहरण हैं। आज देश की बेटियां सेना और इसरो जैसे महत्वपूर्ण जगहों पर अपना मुकाम बना चुकी हैं। नाम रोशन कर रही इन बेटियों के प्रति सोच बदलने की जरूरत है। शहरों में तो अब धीरे-धीरे सुधार आ रहा है। लेकिन जागरूकता की कमी ग्रामीण क्षेत्रों में अभी देखने को मिलती है। लड़कियों के अधिकारों को लेकर एक जागरूकता अभियान चलाना चाहिए।

**–सुषमा गर्ग, इनर व्हील क्लब**

### दिव्यांग बेटियों को सड़क से रेस्क्यू करा सुरक्षित स्थान पहुंचाया

समाज के लिए हर इंसान का कर्तव्य तय है। बस इसी विचार को अपने जीवन में अपनाने का प्रयास करना चाहिए। 1987 में बनारस से लखनऊ आने पर पढ़ाई के साथ ठेले पर काम करने वाले पांच बच्चों के माता-पिता से बात कर उन्हें स्कूल में प्रवेश दिलाया। उन्हें पढ़ाने की छोटी सी शुरुआत की। आज लगभग 350 बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने तक पहुंच चुकी है। नागरिक सुरक्षा से जुड़ी तो सेवा कार्य की भावना और बलवती हो गई। चीफ वार्डन अमरनाथ मिश्र ने जोड़ा तो कोविड काल में कई लोगों की मददगार बनीं। इसके अलावा लगभग 20 लोगों की जान बचाने में सफलता पाई है। मानसिक दिव्यांग बच्चियां दिखीं तो सड़क से रेस्क्यू करवा प्रशासन से सहयोग लेकर उन्हें सुरक्षित जगह प्रदान कराई। लगभग 3 वर्षों से 50 बच्चियों के लिए राशन का सहयोग किया। कैंसर पीड़ित एक छोटी बच्ची को बचाने के लिए कोशिशें रंग लाईं और आज वह बच्ची पूरी तरह स्वस्थ है।

**–ज्योति खरे, सेक्टर वार्डन, सिविल डिफेंस**

### अभी तो इतिहास रचना बाकी है

हमें महापुरुषों के प्रसंगों से प्रेरणा लेनी होगी। ये प्रेरक प्रसंग हमें अपने परिवार के बच्चों और करीबियों में साझा करने होंगे। आजादी के पूर्व जिस तरह महिलाओं ने पुरुषों के साथ कंधे से कंधा जोड़कर कार्य किया था कुछ इसी तरह की अनूठी पहल करनी होगी। कहती हैं कि बच्चों में भी बचपन से संस्कार डालने होंगे। बेटा हो या बेटी संस्कार शुरुआत से ही उनमें पिरोने होंगे। तभी वह आगे बढ़ेगा और निर्णायक हालातों में मजबूती से कदम रखेगा। खुले आसमान की तरह ही हर क्षेत्र महिलाओं के लिए खुला है। उन्हें आगे बढ़ना है और इतिहास रचना होगा।

**–ओम सिंह, वरिष्ठ मनोवैज्ञानिक**

### जमीं से लेकर आसमान तक दिख रहा महिलाओं का जलवा

सेना, खेल, विज्ञान के साथ ही अन्य क्षेत्रों में फहरा रहा महिलाओं का परचमएक भी ऐसा क्षेत्र नहीं हैं जहां पर महिलाओं का दखल नहीं है। पेट्रोल पंप कर्मी की जिम्मेदारी से लेकर पायलट बन आसमान का सीना चीर महिलाएं ऊंची उड़ान भर रही हैं। घर की बागडोर के साथ ही समाजिक मंच पर भी महिलाएं आगे आ रही है। अब वह दिन नहीं रहे जब इन्हें अबला कहा जाता था। यह कहना है पूर्व अंतरराष्ट्रीय भारत्तोलक स्वाति सिंह का। प्रदेश के सर्वोच्च पुरस्कार रानी लक्ष्मी बाई अवार्ड से सम्मानित स्वाति सिंह ने कहा कि सरकारी संस्थानों के साथ ही आज कारपोरेट कार्यालय में महिलाएं छाई हुई है। वर्ष 2014 में ग्लासगो में आयोजित राष्ट्रमंडल खेलों में भारत्तोलन में रजत पदक जीतने वाली अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी कहती हैं महिलाएं लगातार प्रगति के पथ पर अग्रसर है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू हमारे देश में महिला सशक्तिकरण का प्रतीक है। अंतरिक्ष में छोड़े गए चंद्र यान में भी महिलाओं की विशेष भागीदारी रही।

### घरों से मिलें अच्छे संस्कार

जहां-जहां महिलाओं का सम्मान होता है वहां लक्ष्मी निवास करती है। लेकिन हमें अपनी बेटियों को भी अच्छे संस्कार देने होंगे तभी एक अच्छे समाज की स्थापना की जा सकती है। माता पिता का फर्ज है कि वह बेटा-बेटी में कोई अंतर न रखें। बेटियों को भी पढ़ाये लिखायें और अच्छी शिक्षा प्रदान करें। एक अच्छे समाज की स्थापना में हम सबको मिलकर संयुक्त पहल करनी होगी। महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों को भी रोकना होगा। कोई भी महिला या बेटी हो उसकी सुरक्षा का दायित्व पूरे समाज का होता है।

**–रीना त्रिपाठी, अध्यक्ष सर्वजन हिताय संघर्ष समिति**

# हमने मन में ठाना है, देश को विकास पथ पर लाना है

महिलाओं का सशक्तीकरण उनके भीतर के स्व की गहराई से जोड़ने से शुरू होता है। अपने आपकी आंतरिक शक्ति और अद्वितीय पहचान को पहचानना हमारे खुद, परिवार और समाज की सकारात्मक प्रगति के लिए आवश्यक है।

**डॉ. मानिनी श्रीवास्तव, समन्वयक महिला अध्ययन संस्थान, लविवि**

हाईटेक शिक्षा का असर व्यवस्था और प्रबंधों पर पड़ता है। आज प्राइवेट सेक्टर में भी तेजी से महिलाएं आगे आई हैं। चाहे वो बैंक सेक्टर हो या फिर कोई उद्यम, निरंतर आगे बढ़ रही हैं। घरों से सही संस्कार देकर उन्हें आगे बढ़ने का रास्ता दिखाएं, कोई नहीं रोक पाएगा।

**सैय्यद उजबा, संस्थापक यूएसए स्टॉक**

विद्यालय में ब्यूटीशियन, सिलाई, कढ़ाई, कंप्यूटर से जुड़े कोर्स निर्धन और निराश्रित छात्राओं को पढ़ाकर उन्हें रोजगार के लिए प्रेरित करने की कोशिशें मूर्तरूप ले चुकी हैं। नि:शुल्क कोर्स उन्हें आगे ले जा रहे हैं। बस हिम्मत दिखाएं और स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़े। बड़ी संख्या में महिलाओं को रास्ता दिखाया जा रहा है।

**डॉ. रचना श्रीवास्तव, प्राचार्य एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स कालेज**

आर्थिक स्थितियों को ध्यान में रखते हुए कुछ अलग करने के लिए सोचा। बच्चों की पढ़ाई का अतिरिक्त बोझ करीबियों के परिवारों पर भी दिखाई दिया। कहती हैं कि पहले अकेले घर के बाहर कदम रखकर म्युचुअल फंड से जुड़े कार्यों में प्रयास किये। फिर एलआई सहित अन्य क्षेत्रों में भी कदम रखे। एक वर्ष के भीतर लखनऊ और आसपास एक बड़ा समूह भी बना डाला।

**आरती गुप्ता, एलआईसी**

बेटियां कूड़े के ढेर और पॉलीथिन में रखकर फेंकने की चीज नहीं है। ये नव देवियों का रूप है। इसे हम आपको समझना होगा। तभी नई पीढ़ी इस सम्मान को बरकरार रखेगी। आज हर क्षेत्र में महिलाओं को सहभागिता करते हुए देखा जा सकता है।

**डॉ. अंजू वार्ष्णेय**

अमूमन लोग परिवार, घर और करीबियों को सुधारने के लिए ही प्रयास करते हैं। समाज और देश के लिए लोग कम ही सोचते हैं। ये तभी हो सकता है जब हम इस ओर कोई ठोस प्रयास करें। महिला को अहसास है वह अबला नहीं सबला है।

**ऊषा विश्वकर्मा, संस्थापक रेड ब्रिगेड**

बेटियों के स्वास्थ्य को लेकर जागरूक होने की जरूरत है। ग्रामीण क्षेत्रों में इसकी भारी कमी है। जन्म के बाद से ही इनके साथ दोहरा रवैया शुरू हो जाता है। खानपान को लेकर बेटों पर अधिक ध्यान दिया जाता है। इससे लड़कियां शारीरिक तौर पर कमजोर हो जाती हैं। आगे चलकर अर्थराइटिस जैसी कई बीमारियों की शिकार हो जाती हैं।

**डॉ. अर्चना श्रीवास्तव, चिकित्सक**

बच्चियां फेंकने की नहीं सजाने की जरूरत है। अगर हम अपनी संस्कृत और संस्कृति को समझ लेंगे तो ये सारे विकार स्वत: ही समाप्त हो जाएंगे। इसके लिए जरूरी है कि परिवार, घर और समाज में धार्मिक व्यवस्थाओं को मजबूत किया जाए। जिससे स्वस्थ संस्कारों का आदान-प्रदान घर से ही शुरू हो जाए।

**-डॉ. संगीता शर्मा, सदस्य नेशनल आर्ट्स कालेज**

शहरों ही क्यों गांव - गांव महिला सशक्तीकरण को लेकर जागरूकता चलाई जानी चाहिए। अगर घरेलू हिंसा के आंकड़ों पर नजर डालें, तो एक बड़ा भाग शहर के आसपास और ग्रामीण क्षेत्रों से प्रभावित दिखाई देगा।

**डॉ. रुचिता सुजय चौधरी, प्रवक्ता, ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय**

तमाम स्थानों पर महिलाओं को पुरुषों के समान अवसर और सम्मान नहीं मिल पाता। ऐसे में हम सबको एकजुट होकर संकल्प लेने की जरूरत है। इसके सहारे ही इस भेदभाव को समाप्त कर सकते हैं।

**वर्तिका शुक्ला, जिला समन्वयक**

महिला ही महिला की दुश्मन है। ये कहावत सरासर झूठी है। समाज के हर क्षेत्र में देखें तो महिला एक दूसरे को आगे बढ़ा रही है। इस क्रम को मुख्य धारा में लाने की आवश्यकता है। समाज में दिख रहे बदलाव इसका प्रत्यक्ष प्रमाण हैं।

**-बीनू मिश्रा, महामंत्री महिला इकाई अभा उद्योग व्यापार मंडल**

हमें अपने और आसपास लोगों के लिए जागरूक रहना होगा। कई बार अनभिज्ञता में बड़े हादसे हो जाते हैं और हम चाहकर भी मदद नहीं कर पाते। ऐसे में संबंधों को बनाए रखना आवश्यक है। इससे रिश्ते ही नहीं समाज में भी मजबूती आती है। सकारात्मक सोच ही हमें आगे ले जाती है लिहाजा इस ओर गंभीर ध्यान देना होगा।

**नेहा सिद्दीकी, सिविल डिफेंस**

आर्थिक रूप से सबल बनने के लिए आवश्यक है कि हम उस स्तर तक अपने बच्चों को शिक्षित करें। एक शिक्षित समाज ही सभ्य समाज की स्थापना करता है। इन दिनों तेजी से बढ़ी नई तकनीकियों ने युवाओं को नए नवाचार और उद्यम दिये हैं।

**रेनू अग्रवाल, उद्यमी**

आज महिलाओं ने देश के हर पद पर अपना कदम बढ़ाने का प्रयास किया है। बस उन्हें समझने की जरूरत होती है। आज महिला सशक्तिकरण अभियान चलाकर सरकार ने सराहनीय कदम उठाया है। महिला सुरक्षा, महिला स्वास्थ्य पर काम करने की आवश्यकता है।

**वर्तिका प्रिया सिंह एमए, अंग्रेजी दिल्ली यूनिवर्सिटी**

वे रोज नई पीढ़ी के बीच काउंसलिंग करती हैं। इससे मानसिक स्तर में बढ़ोतरी होती है। इस दिशा की ओर सभी को मनन करने की आवश्यकता है। महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति उन्हें जागरूक करने के लिए निरंतर कोशिश रहती है कि वह समझें और आगे बढ़ें।

–श्रुति शांडिल्य, सामाजिक कार्यकर्ता

महिलाएं आज घर परिवार चलाने के साथ-साथ रोजगार के क्षेत्र में भी कदमताल कर रही हैं। हालांकि अभी भी महिलाओं को संघर्ष करना पड़ रहा है लेकिन हिम्मत न हारें और आगे बढ़ती रहें। नारी अब कमजोर नहीं रही। न हौसला कम है न आगे बढ़ने की ललक, फिर कौन रोक सकता है।

**–मीनाक्षी उपाध्याय समाज सेवी**

बेटियों और महिलाओं को अपने निर्णय स्वयं लेने की छूट देनी चाहिए। इसके लिए महिलाओं का शिक्षित होना जरूरी है। आज महिलायें हर क्षेत्र में अपना योगदान दे रही हैं। देश की सुरक्षा से लेकर सेना के लड़ाकू विमान तक उड़ा रही हैं लेकिन जो सम्मान मिलना चाहिए उसमें अभी हम पीछे हैं।

**–श्रुति प्रिया सिंह एमए पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन**

सरकार बेटियों के लिए बेहतर कार्य कर रही है। लेकिन अभी और सुधार की जरूरत है। जब एक बेटी शिक्षित होती है तो वह अपने घर को भी शिक्षित करती है। बेटी की जागरुकता समाज को आगे बढ़ाने का काम करती है। आज महिलाएं किसी की मोहताज नहीं हैं। अपना रास्ता चुनने में समर्थ हैं।

**–नीलम मौर्या सहायक अध्यापक बेसिक शिक्षा विभाग**

जरूरत है ग्रामीण क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था पर तेजी से फोकस करने की। ग्रामीण क्षेत्र की बेटियां व महिलाएं अभी जागरुक होने की ओर हैं। इस ओर तेजी दिखानी होगी। समय-समय पर सरकार की ओर से अभियान चला महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है। लेकिन इस निंरतर काम करने की जरूरत है।

**–विमलेश मौखरी प्रधानाध्यापक व जिला उपाध्यक्ष पीएसपीएसए**

अगर हम सभी मिलकर काम करें तो महिला किसी भी स्तर में कम नहीं है। हम लोगों को बेटी को आत्मनिर्भर बनाना होगा ताकि वह निर्भीक होकर समाज में आगे बढ़े और दिशा देनें का काम करें।

**–अन्नू यादव, बाल मंच सेंटर**

आज के समय में महिलाएं कंधे से कंधा मिलाकर समाज में एक अहम भूमिका निभा रही है और बदलाव की दिशा में कार्य कर रही हैं। तमाम जिम्मेदारियों एवं चुनौतियों का सामना करते हुए निरंतर कार्य कर रही हैं। शिक्षा एवं संस्कार के माध्यम से हम बदलाव का कार्य करते रहे और एक सुदृढ़ समाज की स्थापना करें।

**–रीता सिंह सेक्रेटरी मुक्ति फाउंडेशन**


कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने एक दूसरे को गुलाल लगा कर खुशी जाहिर की।

# नृत्य-संगीत ही मेरा जीवन: प्रो.मांडवी

- शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में भी भारतीय महिलाओं ने पूरी दुनिया में परचम लहराया

**अमृत विचार:** नृत्य व संगीत का मानव जीवन में अहम स्थान है। समस्त भावों का पूरा सरगम ही है संगीत। इससे ही मानव अस्तित्व का गठन होता है। जिस मनुष्य में संगीत के प्रति उदासीन भाव हो, मधुर ध्वनि के स्वर उसे प्रेरित न कर पाएं। उसका जीवन अंधेरी रात के समान नीरस माना जाता है। शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में भी भारतीय महिलाओं ने पूरी दुनिया में परचम लहराए हैं। महान अंग्रेज नाटककार शेक्सपियर ने तो यहां तक लिख-कह दिया कि संगीत से प्रेम न करने वाले व्यक्ति पर भरोसा ही नहीं किया जा सकता, वह सर्वथा अविश्वसनीय माना जाता है।

उक्त उद्गार भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह के हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अमृत विचार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वे परिचर्चा में बोल रही थीं। प्रो. मांडवी ने कहा कि संगीत ने मेरे मन और जीवन को इतना तृप्त किया है कि मैं बिना अभ्यास तो रह नहीं सकती। शिक्षा के साथ अभ्यास



जुड़ा हुआ है तो यह तो चलता ही रहेगा, तभी मैं कुछ रचनात्मक कार्य समाज के लिए कर पाऊंगी। महिलाओं का सही विकास न होने से बच्चों पर प्रभाव पड़ता है। संगीत इस दिशा में कैसे मदद कर सकता है, इस पर हमने पहले भी काम किया है। स्वरों का ज्ञान, मंत्रों का उच्चारण करने से महिलाओं के स्वास्थ्य में सकारात्मक प्रभाव दिखे।

यहां भी गर्भाधान संस्कार को संगीत शिक्षा से जोड़कर काम कर रही हूं। प्रो.मांडवी ने यह भी कहा कि महिलाएं समाज का अहम अंग हैं। उनके लिए समान अधिकार, सुरक्षा व प्रगति की बात ही सबकुछ नहीं। समय आ गया है कि वे समाज में चेतना लाएं, अपनी सार्थक भूमिका का निर्वहन करें।


ट्रेन मैनेजर की जिम्मेदारी संभालती महिला कर्मचारी।


ठेलिया चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करने वाली महिला। अमृत विचार


चारबाग से ट्रेन लेकर रवाना होती महिला लोको पायलट। अमृत विचार

## ट्रेन लेकर रवाना हुई महिला लोको पायलट

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ऐशबाग जं. स्टेशन से गोंडा जं. तक डाउन बापू मोतिहारी मालगाड़ी का पूर्ण रुप से संचालन महिला कर्मचारियों को सौंपा गया। लोको पायलट समता कुमारी, सहायक लोको पायलट आंचल गुप्ता और ट्रेन मैनेजर अर्चना राठौर ने दक्षता पूर्वक कार्य किया गया। इस ट्रेन को बादशाहनगर स्टेशन पर कार्यरत महिला स्टेशन अधीक्षक वर्षा श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखा कर आगे रवाना किया गया। इसमें टिकट निरीक्षक मीरा यादव, वाणिज्य अनीता विक्रम एवं स्वर्णिमा सिन्हा, मुख्य आरक्षण पर्यवेक्षक अल्का भट्ट, कनक श्रीवास्तव, रेलवे सुरक्षा बल की उप निरीक्षक सुषमा और ज्योति ड्यूटी पर कार्यरत थीं। इस अवसर पर पोस्टर, रंगोली और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। मंडल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार एवं अध्यक्षा पूर्वोत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन लखनऊ रूबी राय एवं अन्य सदस्याओं की गरिमामयी उपस्थिति मौजूद रही। वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी डॉ. शिल्पी कन्नौजिया के निर्देशन में किया गया। इस कार्यक्रम में महिला कर्मचारियों को मंडल रेल प्रबंधक ने पुरस्कृत किया।

## महिला दिवस पर एसिड अटैक पीड़ितों को दी उड़ान


शीरोज कैफे में काम करतीं महिलाएं, साथ में पदाधिकारी। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ :** महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में स्वेज फाउंडेशन इंडिया ने एक और कदम बढ़ाया है। शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सपनों की उड़ान फाउंडेशन के सहयोग से एसिड अटैक पीड़िताओं के लिए आंबेडकर पार्क के पास शीरोज कैफे पर ट्रेनिंग सेंटर खोला गया। इसका उद्घाटन महापौर सुषमा खर्कवाल ने किया। फाउंडेशन की ओर से एसिड अटैक पीड़िताओं को चिकनकारी कढ़ाई जैसे कामों से रोजगार के अवसर दिए। महापौर ने इस पहल की प्रशंसा की। कहा, इन महिलाओं के बीच कौशल विकास और आर्थिक स्वतंत्रता बढ़ाना है, जिन्होंने बेहद नकारात्मक परिस्थितियों का सामना किया है। परियोजना निदेशक राजेश मठपाल ने कहा कि इसके लोगों में संदेश जाएगा कि विकास और वित्तीय स्वतंत्रता की दिशा में बाधा नहीं डाली जा सकती है। केंद्र पर 30 जरूरतमंद महिलाओं का चयनित किया गया।

# संभाली ट्रेन व स्टेशन व्यवस्था की कमान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**नारी शक्ति**

- ट्रेन नंबर 12419 को पिंक ट्रेन के रूप मे किया गया संचालित
- मानक नगर और मल्हौर स्टेशनों को बनाया गया पिंक स्टेशन

**अमृत विचार:** रेलवे प्रबंधन ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जहां ट्रेनों के संचालन की जिम्मेदारी महिला लोको पायलट को दी वहीं दो पिंक स्टेशन के प्रबंधन की जिम्मेदारी भी महिलाओं ने बखूबी निभाई।

उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के चारबाग रेलवे स्टेशन पर ट्रेन नंबर 12419 गोमती एक्सप्रेस संचालन महिलाओं ने किया। इस ट्रेन में सहायक लोको पॉयलट और ट्रेन मैनेजर जैसे महत्वपूर्ण कार्य महिला कर्मचारियों को दिए गए जिन्होंने उन्हे बखूबी उनके निभाये। इसमें महिला कर्मी सहायक लोको पॉयलट के रूप में प्रीति प्रिया और ट्रेन मैनेजर के रूप में राधा यादव ने कार्य संभाला।

मंडल के मानक नगर स्टेशन पर इस विशेष दिन पर स्टेशन कार्य की पूरी बागडोर महिला कर्मियों को सौंपी गई।

इसमें स्टेशन मास्टर एकता सिंह, पॉइंट्समैन निगार बानो, मुख्य वाणिज्य लिपिक नीलम कनौजिया, मुख्य आरक्षण पर्यवेक्षक उपमा गुप्ता और अंजनी वर्मा ने ट्रेन संचालन से जुड़े सभी कार्य किए। मल्हौर स्टेशन पर सीनियर सीसीटीसी ज्योति दुबे, स्टेशन मास्टर सुभानी सिंह, पॉइंट्समैन में लज्जावती एवं गेटमैन सलमा आगा बेग ने कमान संभाली।

मंडल के अन्य स्टेशनों और विभागों में भी इस दिवस के तहत महिला कर्मियों ने पूर्णरूप से कार्यभार संभाला। मंडल रेल प्रबंधक एसएम शर्मा ने इन सभी महिला कर्मचारियों को प्रोत्साहित कर उनका उत्साहवर्धन किया। इसके अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक ने चारबाग रेलवे स्टेशन तथा मंडल कार्यालय में कार्यरत महिला कर्मियों के साथ बातचीत कर उन्हें प्रोत्साहित किया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संगीता सागर एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रेखा शर्मा सहित समस्त विभागों की अनेक महिलाकर्मी उपस्थित रहीं।

मंडल रेल प्रबंधक एसएम शर्मा ने महिला कर्मचारियों को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनायें दी। उन्होंने महिलाओं के त्याग, ममता, बलिदान एवं संघर्ष क्षमता का उल्लेख किया। साथ ही वर्तमान परिवेश में नारियों के महत्त्व एवं भूमिका की विस्तृत चर्चा करते हुए की महिला शक्ति असीमित है, आज महिलाएं हर जगह अपनी योग्यता का लोहा मनवा रही है। जिसके आगे सभी नतमस्तक हैं।

# महिला आरक्षियों ने की मेट्रो में यात्रा


मेट्रो में सफर के बाद खुशी व्यक्त करतीं महिला आरक्षी व अन्य। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ अमृत विचार :** लखनऊ मेट्रो ने अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 1090 (वूमेन पॉवर लाइन) की 20 महिला आरक्षियों की हजरतगंज से सीसीएस एयरपोर्ट मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो राइड करवाई। यात्रा के दौरान महिला सिपाहियों ने मेट्रो में महिला सुरक्षा एवं सुरक्षित यात्रा पर चर्चा की। लखनऊ मेट्रो ने महिला आरक्षियों के मनोरंजन के लिए चलती ट्रेन में महिला सशक्तिकरण पर खेल आयोजित किया और विजेताओं को पुरस्कृत किया। यात्रा से पहले हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर महिला पुलिस आरक्षियों को मेट्रो ट्रेन एवं स्टेशन पर सुरक्षा के इंतजाम की जानकारी दी गई। महिला आरक्षियों ने लखनऊ मेट्रो ट्रेन एवं स्टेशन पर सीसीटीवी कैमरे एवं पैसेंजर इमरजेंसी इंटरकॉम की जमकर तारीफ की। मेट्रो राइड सीसीएस एयरपोर्ट मेट्रो स्टेशन पर समाप्त हुई, जहां महिला कांस्टेबल्स ने एयरपोर्ट मेट्रो स्टेशन का भ्रमण किया। महिला आरक्षियों ने यात्रा के बाद मेट्रो के सफर को बेहद सुरक्षित बताया। उन्होंने कहा कि यह उनका अब तक का सबसे अच्छा महिला दिवस रहा जहां उन्होंने अपने रोजाना काम से हटकर समय गुजारा। यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने कहा कि यूपीएमआरसी में हम एक ऐसे समाज और परिवहन प्रणाली का निर्माण करने का प्रयास करते हैं जो महिलाओं के लिए सशक्त और सुरक्षित हो। सीसीटीवी, महिला सुरक्षाकर्मी की उपस्थिति, ट्रेनों में आपातकालीन बटन जैसी तमाम सुविधाओं से लैस हैं। उन्होंने कहा कि हमारे कार्यबल का लगभग 35 प्रतिशत हिस्सा महिलाओं का है।

# फैशन फीवर मॉडल्स ने किया कैट वॉक

**लखनऊ, अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शुक्रवार को वृंदावन कॉलोनी स्थित आर्नेट बैंक्वेट्स में फैशन फीवर 2024 का आयोजन किया गया। इसमें कॉमेडी, रैंप वॉक, म्यूजिकल मस्ती आदि कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इसमें लखनऊ वासियों के लिए पारंपरिक और आधुनिकता का समागम देखने को मिला। मुख्य अतिथि श्रेया एंटरटेनमेंट एंड प्रोडक्शंस के हेमंत कुमार राय, श्रेया राय, संगीता राय, शालिनी मिश्रा और यूपी 65 वेब सीरीज के हरि दुबे रहे। हेमंत ने कहा कि लखनऊ में फैशन वर्ल्ड को स्थापित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया है।

## महिलाओं ने दीं कविता, नाटक, गीत और गायन की प्रस्तुतियां

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ।** आलमबाग के चन्दर नगर स्थित गुरु तेग बहादुर भवन में महिला दिवस पर नाटक, कविता और गीत गायन की महफ़िल सजाई गई। आजाद लेखक कवि सभा की ओर से आयोजित इस समारोह में गुरुनानक गर्ल्स कालेज की प्रधानाचार्य मंजीत कौर, रवनीत कौर और दशमेश पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य सरबजीत कौर ने महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग किया। इस मौके पर वडेरा सिस्टर्स और अमृत कीर्तन अकादमी ने सुमधुर गायन किया। कार्यक्रम में महिलाओं ने नाटक, कविता और गीत गायन की शानदार प्रस्तुतियां दीं। हिन्दी और पंजाबी व्यंग्यकार इन्द्रजीत कौर और हिन्दी लेखिका पूजा खत्री को उनकी नव प्रकाशित पुस्तकों के लिए सम्मानित किया गया।

# फिक्की फ्लो ने आठ महिलाओं को दिया यूपी वोमेन्स अवॉर्ड

महिला दिवस

- महिलाएं चुनौती का सामना करते हुए सफलता हासिल कर रही हैं : रजनी तिवारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार। फिक्की फ्लो के लखनऊ चैप्टर ने शुक्रवार की शाम होटल हयात में प्रतिष्ठित फ्लो यूपी वोमेन्स अवार्ड का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में प्रख्यात कोरियोग्राफर और निर्माता निर्देशक फराह खान मुख्य आकर्षण रहीं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी रहीं।

कार्यक्रम में रजनी तिवारी ने कहा कि महिलाएं चुनौतियों का सामना करते हुए सफलता हासिल कर रहीं हैं। हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि सभी महिलाओं को आगे बढ़ाने में मदद करें। फिक्की फ्लो लखनऊ चैप्टर की चेयरपर्सन स्वाति वर्मा ने महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि फ्लो यूपी अवाड्र्स का आयोजन न केवल पहचान और पुरस्कार देता है बल्कि असाधारण महिलाओं की सफलता का उत्सव भी मनाता है। शुक्रवार को फ्लो यूपी महिला पुरस्कारों का नवें संस्करण का आयोजन अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया है। इस वर्ष फिक्की फ्लो ने आठ श्रेणियों की महिलाओं को सम्मानित किया।


फिक्की फ्लो के आयोजन में शामिल हुईं फराह खान, साथ में अन्य। अमृत विचार

## इनका हुआ सम्मान

शिक्षा के क्षेत्र में डॉ. कविता अग्रवाल, उत्कृष्ठ उद्यमी (एक करोड़ से अधिक का कारोबार) के लिए गरिमा टंडन, कला-फैशन और संस्कृति के लिए अस्मा हुसैन, उत्कृष्ठ स्टार्टअप का पुरस्कार अनुभूति जैन, खाद्य एवं आतिथ्य के लिए महिला उद्यमी गीतिका आनंद गुप्ता, समाज सेवा में आशा दीक्षित, चिकित्सा क्षेत्र में डॉ. आरती बघेल और यूपी की प्रभावशाली महिला का पुरस्कार से साराह खान को सम्मानित किया गया।

### कठोर मेहनत ही सफलता दिलाती है: फराह खान

सम्मान समारोह के बाद बातचीत का सेशन हुआ। इसमें नृत्य और फिल्म निर्देशक फराह खान ने सवालों के जवाब देते हुए कहा कि किसी के जैसा बनने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। दिखावा करने से कुछ नहीं होता है। अपनी क्षमता पहचानकर कठोर मेहनत ही सफलता दिलाती है। मैं हमेशा से डांस की दीवानी थी। इसलिए मैंने इसी फील्ड को अपने जीवन के रूप में चुना। वही करिए जिसमें आनंद आए। उन्होंने कहा कि अपने हर काम के लिए समय का प्रबंधन करना बहुत जरूरी है। लेकिन ध्यान रखना चाहिए कि बाद में प्रबंधन आपके लिए समस्या न बनने लगे। समय के साथ खुद को बदलना भी चाहिए। फराह ने बताया कि मैं गोविंदा के डांस की फैन हूं, क्यूंकि उनका डांस बनावटी नहीं होता। शाहरुख खान से रिश्ते के सवाल पर फराह ने कहा कि हम दोनों अच्छे दोस्त हैं।

## एक नजर

### एफ्टेक मोटर्स ने इलेक्ट्रिक वाहन लॉंच किया

अमृत विचार, लखनऊ : एफ्टेक मोटर्स ने इलेक्ट्रिक वाहन का अपना शोरूम टेल्को देवा रोड पर लांच किया है। यह उत्तरी भारत का पहला प्रदूषण मुक्त और शून्य कार्बन उत्सर्जन प्लांट है। भारत में यह 56वां डीलर प्वाइंट है। शोरूम का उद्घाटन धर्मेन्द्र यादव ब्लॉक प्रमुख द्वारा किया। इस अवसर पर प्रोपराइटर अभयकान्त यादव ने कहा कि एफ्टेक मोटर्स उन ग्राहकों को उन्नत, ईंधन और कार्बन- मुक्त वाहन उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता पर कायम है। एफ्टेक मोटर्स के एजीएम संजय सिंह ने बताया की इलेक्ट्रिक व्हीकल की उपयोगिता वायु प्रदूषण दूर करने में रहेगी। एक बार चार्जिंग करने पर एफ्टेक मोटर्स की इलेक्ट्रिक बाइक 100 किलोमीटर चलती है और चार्जिंग की कास्ट मात्र 15 पैसे प्रति किलोमीटर आती है।

# गौरव चौहान को मिला पंडित दूधनाथ शर्मा श्रीश सम्मान

- महाशिवरात्रि के अवसर पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : पं. दीन दयाल उपाध्याय साहित्यिक सेवा संस्थान के तत्वावधान में शुक्रवार को सीतापुर रोड स्थित खदरा के शिव पार्क में महाशिवरात्रि के अवसर पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में गौरव चौहान को पं. दूधनाथ शर्मा श्रीश सम्मान दिया गया।

कवि सम्मेलन में राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, लखनऊ उत्तर के विधायक डॉ. नीरज बोरा, पं. आदित्य द्विवेदी और हरीश चन्द्र अग्रवाल ने दिल्ली के कवि गौरव चौहान को पं. दूधनाथ शर्मा श्रीश सम्मान, औरैया के अजय अंजाम को पं. दीन दयाल उपाध्याय साहित्यिक सम्मान और इटावा की योगिता चौहान को डॉ. रमेश रस्तोगी सम्मान से अलंकृत किया।

पं. दूधनाथ शर्मा श्रीश सम्मान से अलंकृत गौरव चौहान ने कवि सम्मेलन में सुनाया :- हमारे पास जीने का बहुत बेहतर तरीका है, अभय रहकर दिखाना शौर्य भी पुरखों से सीखा, हमारा बाल बांका कोई भी अब कर नहीं सकता, हमारे माथ पर तो हाथ भोलेनाथ जी का है।

पं. दीन दयाल उपाध्याय साहित्यिक सम्मान से सम्मानित अजय अंजाम ने कहा :- चेतक, मेरे बेटे, भैया, हा लाल, वीर चीत्कार उठा चेतक को बाहों में भर कर वह घायल शेर पुकार, उठा चेतक तेरी सौगन्ध मुझे, दुश्मन का नाम नहीं होगा जब तक ये राणा ज़िंदा है, मेवाड़ गुलाम नहीं होगा, और एक वचन मेरा भी है जिसकी प्रतिपूर्ति नहीं होगी, चेतक तेरे बगैर राणा की कोई मूर्ति नहीं होगी।

इस मौके पर नवल सुधांशु, योगिता चौहान, साक्षी तिवारी, कमल आग्नेय, आदित्य द्विवेदी सर्वेश अस्थाना ने अपनी रचनायें सुनाईं।


एसबीआई के प्रशासनिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं और अधिकारी।

### एसबीआई ने वृद्धाश्रम को दिया वॉटरकूलर व अलमारी

अमृत विचार, लखनऊ : अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एसबीआई ने समर्पण वृद्धजन परिसर आदिलनगर को वाटरकूलर, गीजर, ब्लोवर और आलमारी भेंट की। एसबीआई प्रशासनिक कार्यालय में आयोजित समारोह में उप महाप्रबंधक आर नटराजन ने सीएसआर नीति के तहत यह उपहार दिया। समारोह की मुख्य अतिथि महिला क्लब की अध्यक्ष अंजू चाण्डक रहीं। कार्यक्रम में क्लब की सदस्य मिनी साहू, विद्या नटराजन, प्रबंधक डॉ. यूसी वाजपेयी, क्षेत्रीय प्रबंधक विक्रांत तिवारी, सहायक महाप्रबंधक आलोक चंद्रा, मुख्य प्रबंधक पूजा वशिष्ठ, राजभाषा अधिकारी दिनेश मणि पाठक, आशुलिपिक शेर बहादुर तथा वृद्धाश्रम से मेजर वीके खरे, पीके श्रीवास्तव, राधेश्याम वाजपेयी, डीसी तिवारी मौजूद रहे।

# पुस्तक मेले में रही महिलाओं पर आधारित कार्यक्रमों की धूम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : रवीन्द्रालय लॉन में चल रहे लखनऊ पुस्तक मेले में शुक्रवार को महिला दिवस पर आधारित कार्यक्रमों की धूम रही। पुस्तक मेले में दो दिन ही बाकी बचे हैं, इस वजह से भीड़ भी काफी बढ़ गई है। कल यहां राज्यसभा सांसद और पूर्व डीजीपी ब्रजलाल की पुस्तकों का विमोचन होगा।

लखनऊ पुस्तक मेले में साहित्य कला संस्कृति को समर्पित पुस्तकें बड़ी तादाद में हैं। यहां लखनऊ के लेखकों रमेश चंद्र मिश्र, डॉ. अमिता दुबे, उमाशंकर लाल, डॉ. ओपी मिश्र, डॉ. फणिभूषण दास, पुरुषोत्तम मिश्र संकुल, इंदु सिंह, अशोक जैन, नसीम निकहत, निर्मला चंद्र सिंह, राज किशोर नमन, नवीन शुक्ल, सुधा शुक्ला, डॉ. रूबी शर्मा, मालबिका मुखर्जी और डॉ. लक्ष्मी रस्तोगी की पुस्तकों की काफी मांग है।

लखनऊ पुस्तक मेले में वाश शैली के प्रमुख कलाकार सुखबीर सिंह की स्मृति में डॉ. स्तुति सिंघल के मार्गदर्शन में कार्यशाला भी चल रही है। कार्यशाला में शामिल प्रतिभागी वाश कला शैली की बारीकियां सीख रहे हैं। कल यहां कला और संरक्षण विषय पर संवाद का कार्यक्रम भी होगा।

मेले के साहित्यिक मंच पर महिला दिवस पर विशेष कार्यक्रमों के तहत गाजीपुर की साहित्यिक पत्रिका साहित्य सरोज की ओर से कहानी पाठ व संगोष्ठी का आयोजन हुआ। ज्योति किरन रतन ने गोपाल राम गहमरी की कहानी का पाठ किया और संगोष्ठी में महिलाओं को घर और बाहर के कामकाज में सामंजस्य बनाने का संदेश दिया।

एशिया के सबसे बड़े गांव गहमर (गाजीपुर) से आये संयोजक अखण्ड प्रताप सिंह गहमरी ने कहा कि महिलाओं के शोषण में महिलाएं भी कम नहीं। ओमजी मिश्र ने महिलाओं पर काव्य पाठ करते हुए कहा कि महिला जन-जन की पालक है। अयोध्या से आये पुरोहित पुण्डरीक ने लक्ष्य साधने पर जोर देकर कहा कि सावित्री बाई फुले ने महिलाओं को जो शिक्षा की राह दिखाई उसने महिलाओं को भी राष्ट्रपति पद तक पहुंचा दिया।

बिहार से आए जनार्दन ने भोजपुरी भाषा के माध्यम से कहा कि महिलाएं किसी भी देश राष्ट्र की रीढ़ होती हैं। मेला संयोजक मनोज सिंह चंदेल ने वक्ताओं को सम्मानित किया। इसके साथ ही मंच पर आज सुर सागर की ओर से गायन, माडलिंग आदि की प्रतियोगिताओं का क्रम रात तक चलता रहा।


**मुईद अहमद पी0जी0 कालेज, दोस्तपुर, सुलतानपुर**

**में आवश्यकता है**

प्राचार्य – 01 पद

**स्नातक स्तर पर कला संकाय के अंतर्गत बी0ए0 पाठ्यक्रम में–** उर्दू, हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, गृहविज्ञान, समाजशास्त्र, प्राचीन इतिहास प्रत्येक विषय में प्रवक्ता 01 पद।

**स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय के अंतर्गत बी0एससी0 पाठ्यक्रम में–** भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गणित प्रत्येक विषय में प्रवक्ता 01 पद।

**योग्यता एवं वेतनमान–** यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी 10 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों की दो स्वप्रमाणित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो पता लिखे लिफाफे के साथ पी0जी0 कालेज के पते पर सम्पर्क करें।

मो0 नं0 7311115152, 8601042694 अध्यक्ष – मुईद अहमद



**कार्यालय ग्राम पंचायत मैनेपारा, वि0ख0 मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर**

पत्रांक–मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2023–24 दिनांक–08.03.2024

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मैनेपारा, विकासखंड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर मनरेगा योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 के क्रम में कराये जाने वाले कार्य पर निम्न विवरण के अनुसार सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक स्थानीय फर्म/भठ्ठा मालिक आपूर्ति के लिए दिनांक–09.03.2024 से 15.03.2024 सायं 03:00 बजे तक निविदा/कोटेशन सचिवालय ग्राम पंचायत मैनेपारा, विकास खण्ड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर में दे सकते हैं। प्राप्त निविदा उसी दिनांक–15.03.2024 को सायं 04:00 बजे ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण | शपथ पत्र हेतु स्टाम्प का मूल्य (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1– | नन्हकऊ के घर से राम चंदर, हरिओम के घर तक मिट्टी व इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 9,36,815.23 रुपये। | इंटरलॉकिंग ईट, बालू, मोरंग, सीमेन्ट, ईट गिट्टी, ईट आदि सामग्री। | 100 |

नोट– शेष नियम व शर्ते लागू होगी। कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान, ग्रा0पं0– मैनेपारा, वि0खं0–मोतिगरपुर, जनपद–सुल्तानपुर

ग्राम पंचायत सचिव, ग्रा0पं0– मैनेपारा, वि0खं0–मोतिगरपुर, जनपद–सुल्तानपुर


# आदर्श ग्रामों का चयन तो हुआ पर घोषित नहीं

- प्रदेश में 2018-2022 तक 6171 ग्रामों में 1077 हुए घोषित
- अनुसूचित जाति के आबादी वाले गांव का करना है विकास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत ग्राम चयनित तो हुए लेकिन, लक्ष्य के सापेक्ष घोषित नहीं हो पाए। 2018 से 2022 तक 6,171 ग्रामों का चयन किया गया था। लेकिन, पोर्टल के आंकड़ों के अनुसार 1077 ही आदर्श ग्राम घोषित हो पाए हैं। योजना उप्र अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम की है।

इसमें 40 से 50 प्रतिशत से अधिक अनुसूचित जाति के आबादी वाले गांवों का विकास कर सुविधाओं से लैस करना है। प्रति ग्राम दो चरणों में 20 लाख रुपये विकास कार्य के लिए मिलते हैं। यह भी कह सकते अनुसूचित जाति बाहुल्य गांव में जो विकास की दूरियां वह इस योजना से दूर करना है। यह स्थिति वित्तीय वर्ष के अंत की है।

**3,605 ग्रामों में 3.49 लाख लाभार्थी अपात्र**–विभाग ने कार्यों की समीक्षा की तो 3605 ग्रामों के सर्वेक्षण में 25,68,074 लाभार्थी चयनित पाए। इसमें 7,23,399 लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं में लाभान्वित किया गया। जबकि 3,49,544 लाभार्थी अपात्र व अनिच्छुक मिले। जबकि 14,95,131 लाभार्थियों को योजनाओं से लाभान्वित किया जाना है। प्रबंध निदेशक राधेश्याम ने सभी जिलाधिकारी को प्रक्रिया पूरी कर आदर्श ग्राम घोषित करने को पत्र लिखा है।

### योजना में यह मुख्य कार्य

- सरकारी भवनों की मरम्मत कराना
- हैंडपंप, पानी की टंकी व साफ-सफाई
- ठोक और तरल अपशिष्ट का निस्तारण
- सोलर व स्ट्रीट लाइट लगाना
- सड़क आरसीसी व इंटलॉकिंग कराना
- विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र व शौचालय निर्माण

### ग्रामों को मॉडल बनाने में बरत रहे लापरवाही

- 7 ब्लॉकों के 13 ग्रामों में विकास कार्य पड़े हैं अधूरे
- पंचायत सचिवों को तीन दिन में काम पूरे करने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : जिले में ओडीएफ प्लस के तहत चुने गए गांवों को मॉडल बनने में लापरवाही बरती जा रही है। वित्तीय वर्ष समाप्त होने वाला है, लेकिन सात विकास खंडों के 13 ग्रामों पर कार्य पूरे नहीं हुए हैं। जिला पंचायत राज अधिकारी ने लापरवाही बरतने वाले पंचायत सचिवों को नोटिस जारी किया है। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 के तहत ग्रामों में ओडीएफ प्लस गतिविधियां संचालित कर मॉडल बनाना है। पिछले वर्ष यह योजना आई थी। जिले में पहले 34 बाद में 54 गांव चयनित किए गए थे। इसमें चिनहट ब्लॉक की जुग्गौर, काकोरी की अमेठिया सलेमपुर, मलिहाबाद की कसमंडी, हमीरापुर, मोहनलालगंज की कनकहा, समेसी, नतौली, उतरावां, निगोहा, माल की थरी, ससपन व नवी पनाह व गोसाईगंज की बरौली शामिल हैं। इन गांवों में अभी तक विकास कार्य पूरे नहीं कराए गए हैं। ग्राम निधि में पर्याप्त बजट होने के बावजूद लापरवाही बरती जा रही है। जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशू शेखर ठाकुर ने बताया के संबंधित ग्रामों के पंचायत सचिवों को नोटिस जारी कर तीन दिन में विकास कार्य पूर्ण कराने और धनराशि खर्च करने के निर्देश दिए हैं।

# लखनऊ समेत तीन जिले बढ़ाएंगे अंडे का उत्पाद

- लखनऊ, लखीमपुर खीरी व रायबरेली को अंडा उत्पाद में मिला बी ग्रेड
- पशु पालन और उद्यमियों को जागरूक कर लगाएंगे इकाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ, लखीमपुर खीरी व रायबरेली में अंडा उत्पाद और बढ़ेगी। तीनों जिलों को उत्पादन में बी ग्रेड मिलने पर मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने मंडलीय बैठक में निर्देश दिए हैं। जहां, कुक्कुट विकास को बढ़ाया जाएगा। हाल में मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने लखनऊ मंडल के जिलों में पशु पालन की समीक्षा की थी। अंडा उत्पादन में लखनऊ, रायबरेली व लखीमपुर खीरी में अधिक होने पर ब्री ग्रेड मिला था। साथ ही इन जिलों को और उत्पादन की संभावनाएं होने पर और बढ़ाने के निर्देश दिए थे। इस क्रम में संबंधित जिले कुक्कुट विकास पर और काम करेंगे। पशु पालन विभाग पशु पालकों और उद्यमियों को जागरूक करेगा और योजनाओं से लाभान्वित कर इकाई लगवाएगा।

### 100 फीसद पशु टीकाकरण के निर्देश

मंडलीय बैठक में पशु टीकाकरण की समीक्षा की गई। जनवरी में अभियान चलाया गया था। इसके तहत लखीमपुर खीरी में 97 .61 फीसद, लखनऊ में 95 .08 व उन्नाव में 45 दिन चले अभियान में 99 .55 पशुओं का टीकाकरण किया गया। जबकि अन्य जिलों ने लक्ष्य की पूर्ति की। लखनऊ, लखीमपुर खीरी व उन्नाव के जिलाधिकारी व सीडीओ को 100 फीसद टीकाकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।


**कार्यालय ग्राम पंचायत शाहपुर लपटा, वि0ख0 मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर**

पत्रांक–मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2023–24 दिनांक–08.03.2024

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत शाहपुर लपटा, विकासखंड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर मनरेगा योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 के क्रम में कराये जाने वाले कार्य पर निम्न विवरण के अनुसार सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक स्थानीय फर्म/भठ्ठा मालिक आपूर्ति के लिए दिनांक–09.03.2024 से 15.03.2024 सायं 03:00 बजे तक निविदा/कोटेशन सचिवालय ग्राम पंचायत शाहपुर लपटा, विकास खण्ड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर में दे सकते हैं। प्राप्त निविदा उसी दिनांक–15.03.2024 को सायं 04:00 बजे ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण | शपथ पत्र हेतु स्टाम्प का मूल्य (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1– | पीच रोड से अजय के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 3,01,700 रुपये। | इंटरलॉकिंग ईट, बालू, मोरंग, सीमेन्ट, ईट गिट्टी, ईट आदि सामग्री। | 100 |

नोट– शेष नियम व शर्ते लागू होगी। कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान, ग्रा0पं0– शाहपुर लपटा, वि0खं0–मोतिगरपुर, जनपद–सुल्तानपुर

ग्राम पंचायत सचिव, ग्रा0पं0– शाहपुर लपटा, वि0खं0–मोतिगरपुर, जनपद–सुल्तानपुर




गुरुगोविंद सिंह पर्यावरणीय उद्यान का गेट।


उद्यान में लगा बच्चों के लिए झूला।

# गुरुगोविंद सिंह पर्यावरणीय उद्यान का लोकार्पण आज

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। प्रातः कालीन भ्रमण स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है। नगर क्षेत्र में प्रातः कालीन भ्रमण के लिए अभी तक तीन ही स्थान थे। सई नदी के किनारे स्थित शहीद स्मारक और उसी के बगल में बना हुआ विकास प्राधिकरण का राना बेनीमाधव पार्क, मोतीलान नेहरू स्टेडियम और राजकीय कालोनी स्थित इंदिरा उद्यान ही थे। शहर के मध्य में ऐसा कोई स्थान नहीं थां जहां लोग प्रातः खुली हवा में सैर कर सके। अधिकांश लोग शहर की सड़कों पर भ्रमण करते थे। इससे आने जाने वाले वाहन से दुर्घटना का खतरा बना रहता था। जनता की आवश्यकता और मान को देखते हुए राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह की पहल पर शहर के जिला उद्यान कार्यालय परिसर में लगभग डेढ़ करोड़ की लागत से पार्क विकसित किया गया है। नाम भी सिख समाज के गुरु गुरु गोविंद सिंह रखा। राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह द्वारा शनिवार को गुरु गोविन्द सिंह पर्यावरणीय उद्यान का लोकार्पण किया जाएगा। इस पर करीब डेढ़ करोड़ रुपया खर्च किया गया है। इस पार्क में जहां साढ़े तीन किलोमीटर लम्बा पथ वे है, वही योगस्थल के साथ ही महिलाओं के लिए अलग से योग स्थल बनाया गया है।

### 90 लाख से बने दो जलाशय

पार्क को सुन्दर बनाने के लिए उद्यान विभाग द्वारा दो जलाशय भी बनाए गए है। जो लोगो के आकर्षण का केंद्र बने है। इसके पास आकर लोग सेल्फी भी खींचते है। दोनो जलाशय बहुत ही खूबसूरती बढ़ा रहे है।

# भजन सम्राट अनूप जलोटा को मिला शान-ए-लखनऊ अवॉर्ड

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : भजन सम्राट अनूप जलोटा को छावनी स्थित सूर्या प्रेक्षागृह में शुक्रवार को मध्य कमान के प्रामुख लेफ्टिनेंट जनरल एनएस सुब्रहमन्यम ने शान-ए-अवध आवार्ड से अलंकृत किया। हुनर क्रिएशंस क्राफ्ट एसोसिएशन ने यह आयोजन किया था। अनूप जलोटा के सम्मान के बाद आईएएस अधिकारी और शायर डॉ. हरिओम और युवा गायिका अंकिता कपूर ने अपनी दिलकश आवाज में कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। इस मौके पर प्रख्यात कथक नृत्यांगना ईशा-मीशा रतन ने दरबारी कथक को शानदार अंदाज में प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में मध्य कमान के चीफ आफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल मुकेश चड्ढा और अन्य सैन्य अधिकारी, प्रमुख सचिव संस्कृति व पर्यटन मुकेश मेश्राम मुख्य रूप से मौजूद रहे।



शान-ए-लखनऊ अवॉर्ड लेते भजन सम्राट अनूप जलोटा, साथ में अन्य। अमृत विचार

अनूप जलोटा ने राम धुन - राम जय जय राम....से कार्यक्रम शुरू किया और अवार्ड के लिए लखनऊ को शुक्रिया कहा। उन्होंने हाल ही में दिवंगत हुए अपने साथी पंकज उधास को श्रद्धांजलि देते हुए उनकी मशहूर गजल चिट्ठी आयी है... को कहते हुये आगे बढ़े। नज़र पर शेर कहते हुए लज्जते गम बढ़ा दीजिए.... ग़ज़ल को सुरों में ढाला। श्रोताओं को साथ गाने का न्योता देते हुए उन्होंने रमैया वस्तावैया रमैया वस्तावैया.... की सदाओं से और फिर तालियों की गड़गड़ाहट से हाल को गुंजा दिया। अंत भी राम जय जय राम से किया।

दिलकश आवाज की मालिक युवा गायिका अंकिता कपूर ने लगभग तीन पीढ़ियों के गाने एक साथ मंच पर पेश किये। अंकिता ने सलामे इश्क मेरी जां जरा क़ुबूल कर लो से शुरुआत की और फिर पीछे लौटते हुए अफसाना लिख रही हूं दिले बेकरार का सुनाया। चुरा लिया है तुमने जो दिल को जैसे गीत भी उन्होंने प्रस्तुत किये।

आइएएस अधिकारी डॉ. हरिओम का अंदाज भी काबिल-ए-गौर रहा। गायिकी और शायरी में समान रूप से माहिर हरिओम ने अपनी लिखी नज़्म मुस्कुराती हुई सुबह हो तुम, रेशमी जुल्फ की अदा हो तुम पढ़ने के बाद वो बेवफा है मगर बेवफा नहीं लगता। शेर कहते हुए हमीं से मुहब्बत छुपाये हुए हैं। जमाने को अपना बनाये हुए हैं को बहुत अच्छे अंदाज में सुनाया।

अंत में ईशा-मीशा रतन ने शानदार अंदाज में कथक नृत्य प्रस्तुत किया। संयोजक जफर नबी ने सभी का स्वागत करते हुए एसोसिएशन की गतिविधियों के बारे में बताया और कहा कि पद्मश्री अनूप जलोटा लखनऊ की शान हैं और पूरी दुनिया में अपने अलग अंदाज के लिये जाने जाते हैं।


**सुगन्ध एवं सुरस विकास केन्द्र (एफएफडीसी)**

सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार

प्रत्यक्ष साक्षात्कार

दिनांक 13.03.2024 (बुधवार) समय प्रातः 10:30 बजे, सुगन्ध एवं सुरस विकास केन्द्र, कन्नौज में फ्रेगरेंस एन्ड फ्लेवर एसोशिएशन ऑफ इंडिया, मुंबई द्वारा प्रायोजित परियोजना "भारतीय सुगंध उद्योग के लिए प्रतिबंधित/ निषिद्ध कच्चे माल की वैज्ञानिक मान्यता " के अंतर्गत निम्न पदों पर एक वर्ष के लिए अथवा परियोजना पूर्ण होने अथवा उससे कम अवधि हेतु पूर्णतः अस्थायी अनुबंध पर भर्ती किये जाने हेतु साक्षात्कार का आयोजन किया जा रहा है। उपरोक्त पद पूर्णतः अस्थाई तथा परियोजना अवधि के लिए ही हैं, जिसके उपरान्त इस सम्बन्ध में किसी प्रकार का वाद -विवाद मान्य नही होगा तथा इस परियोजना में कार्य करने के उपरान्त अभ्यर्थी का किसी भी स्थिति में एफएफडीसी, कन्नौज में किसी प्रकार की अस्थाई या स्थाई नौकरी हेतु दावा स्वीकार नही किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने सभी प्रासंगिक विवरण (शैक्षिक योग्यता, अनुभव व अन्य सभी प्रमाणपत्रों की मूल प्रति एवं प्रस्तुत करने हेतु एक सेट स्वप्रमाणित छायाप्रति ) के साथ उपस्थित हों। साक्षात्कार में भाग लेने के लिए कोई भी टीए/ डीए स्वीकार्य नही होगा। अधिक जानकारी के लिए केन्द्र की वेबसाइट www.ffdcindia.org का अवलोकन करें।

| परियोजना का नाम | पद व संख्या | शैक्षिक योग्यता | अवधि | अधिकतम आयु सीमा | पारिश्रमिक प्रति माह |
|---|---|---|---|---|---|
| भारतीय सुगंध उद्योग के लिए प्रतिबंधित/ निषिद्ध कच्चे माल की वैज्ञानिक मान्यता | शोध सहयोगी (01) | **अनिवार्य:** 1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या समकक्ष से प्राकृतिक या कृषि विज्ञान /एमवीएससी में मास्टर डिग्री या इंजीयनिरिंग या प्रौद्योगिकी या चिकित्सा में स्नातक डिग्री और 2. विज्ञान और प्रौद्योगिकी संगठन और वैज्ञानिक गतिविधियों और सेवाओं के औद्योगिक और शैक्षणिक संस्थान में अनुसंधान और विकास में चार साल का अनुभव अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या समकक्ष से विज्ञान/ इंजीयनिरिंग / प्रौद्योगिकी/ फार्मा / एमडी / एमएस में डॉक्टरेट की डिग्री **वांछनीय**: विष विज्ञान अनुसंधान में कार्य अनुभव | 1 वर्ष /परियोजना अवधि | 40 वर्ष | रु 40000/-+ एफएफडीसी परिसर में आवास |
| | परियोजना सहयोगी -1 (01) | **अनिवार्य** : रसायन विज्ञान /वनस्पति विज्ञान /कृषि /जीव विज्ञान में मास्टर डिग्री या रासायनिक क्षेत्र में इंजीयनिरिंग या प्रोद्योगिकी में स्नातक की डिग्री या जैव- रसायन विज्ञान / रसायन विज्ञान /वनस्पति विज्ञान में स्नातक की डिग्री के साथ पोस्ट डिप्लोमा इन अरोमा प्रॉसेस एण्ड इट्स मैनेजमेंट / अरोमा टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष /परियोजना अवधि | 35 वर्ष | रु 25000/-+ एफएफडीसी परिसर में आवास |
| | कुशल श्रमिक (02) | **कार्य अनुभव** : औषधीय एवं सुगन्धित पौधों में कार्य अनुभव | 1 वर्ष /परियोजना अवधि | 55 वर्ष | रु 12000/- |

FFDC

सुगन्ध एवं सुरस विकास केन्द्र

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार

मकरन्द नगर, जी. टी. रोड, कन्नौज - 209726

वेबसाइट: www.ffdcindia.org

ई मेल : ffdcknj@gmail.com

## एक नजर

### सार्जेंट के भाई को ट्रक चालक ने चाकू मारा

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर :** चकेरी थानाक्षेत्र में सार्जेंट की कार में ट्रक चालक ने टक्कर मार दी। सार्जेंट के भाई ने दूसरी कार से पीछा कर आरोपी को रोका तो ट्रक चालक ने चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने जानलेवा हमले की धारा में रिपोर्ट दर्ज की है। गोपाल नगर निवासी सौरभ त्रिपाठी एयरफोर्स में सार्जेंट हैं। बताया कि सात मार्च की सुबह तीन से चार बजे करीब वह पारिवारिक समारोह में शामिल होकर सपरिवार घर लौट रहे थे। पीएसी मोड़ के करीब एक ट्रक चालक ने उनकी कार में टक्कर मार दी। दूसरी गाड़ी से आ रहे भाई गौरव ने आरोपी का पीछा किया और गाड़ी ट्रक के आगे लगाकर चालक को रोक लिया।

### एक लाख के इनामी के भाई और साढू पर कार्रवाई

**संवाददाता, कानपुर :** किसान बाबू सिंह यादव की आत्महत्या मामले में पुलिस ने एक लाख के इनामी आरोपी बबलू यादव के भाई और साढू पर कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने बबलू यादव को शरण देकर छिपाने का काम किया है। बबलू यादव घटना के बाद अब तक फरार है। चकेरी में जमीन हड़प लेने के बाद किसान बाबू सिंह यादव ने आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने मामले में छह आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया था। जिनमे से एक टटियन झनाका गांव निवासी बबलू यादव भी शामिल है। आरोपी अभी तक फरार चल रहा है, पुलिस ने उसपर एक लाख का ईनाम घोषित किया है।

### शादी से पहले दूल्हा लापता

**कोठी, बाराबंकी, अमृत विचार :** तिलकोत्सव संपन्न होने के बाद शादी से पहले युवक लापता हो गया। काफी तलाश के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चला तो भाई ने पुलिस को तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज करायी है। मामला कोठी थाना क्षेत्र के मीरानगर का है। यहां के निवासी संतशरण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके भाई अंकित का विवाह तय हो गया है। बीती चार मार्च को तिलकोत्सव संपन्न हो गया। घर में 11 मार्च को विवाह की तैयारियां चल रही हैं। इसी बीच गुरुवार को उसका भाई बिना बताए कहीं चला गया।

# बाराबंकी में बनेंगे 17 नए शीतगृह: मुख्य सचिव

## खेती की बात खेत पर एवं कृषक वैज्ञानिक संवाद कार्यक्रम में प्राकृतिक खेती बढ़ाने पर दिया जोर

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने शुक्रवार को बाराबंकी में 17 नए शीतगृह बनाए की घोषणा की। उन्होंने कहा कि धरती की उर्वरता बनाए रखने तथा गुणवत्ता एवं पौष्टिकता से परिपूर्ण फसलों के उत्पादन के लिए प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जाना जरूरी है। उर्वरकों एवं रासायनिक खाद के अंधाधुंध प्रयोग से धरती की उपजाऊ शक्ति लगातार कम होती जा रही है। साथ ही पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी तंत्र पर भी असर पड़ रहा है।

मुख्य सचिव ने कहा कि प्राकृतिक खेती को अपनाने से पशुधन खासतौर से गोवंश के संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता आएगी। गो मूत्र और गोबर के प्रयोग से उच्च गुणवत्ता की फसल पैदा होगी, जो मनुष्य को विभिन्न बीमारियों से बचाव की क्षमता रखती है। कहा बढ़ती जनसंख्या एवं नई-नई बीमारियों को देखते हुए प्राकृतिक खेती पर विशेष जोर देने की आवश्यकता है। मुख्य सचिव प्रगतिशील किसान पद्मश्री रामशरण वर्मा के फार्म हाउस पर खेती की बात खेत पर एवं कृषक वैज्ञानिक संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्राकृतिक खेती पर विस्तार से चर्चा की।

### अगहनी मेले के महादेवा महोत्सव को भव्य रूप देगा संस्कृति विभाग

**रामनगर, बाराबंकी :** महाशिवरात्रि पर मुख्य व प्रमुख सचिव ने लोधेश्वर महादेवा में जलाभिषेक किया। मुख्य सचिव ने कहा कि अगहनी मेले में आयोजित होने वाले महादेवा महोत्सव को संस्कृति विभाग द्वारा भव्य रूप दिया जाएगा। उन्होंने मेला परिसर, निकास व प्रवेश द्वार के बारे में डीएम से जानकारी ली। शुक्रवार को मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा व प्रमुख सचिव पर्यटन एवं सांस्कृतिक विभाग मुकेश मेश्राम लोधेश्वर महादेवा धाम पहुंचे। अभरन सरोवर पहुंचकर श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं की जानकारी ली। पत्रकारों से वार्ता के दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि श्रद्धालुओं को दिक्कतों का सामना न करना पड़े, इसके लिए प्रशासन द्वारा उचित व्यवस्था की गई है।



लोधेश्वर महादेवा में जलाभिषेक करते मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा व प्रमुख सचिव (पर्यटन एवं सांस्कृतिक विभाग) मुकेश मेश्राम। अमृत विचार

# जेल से छूटे युवक ने पत्नी से विवाद के बाद दी जान

**अप्रिय कदम**

**सतरिख, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** एक पखवारा पूर्व जेल से छूटे युवक ने पत्नी से विवाद के बाद फंदा लगाकर जान दे दी। शुक्रवार को उसका शव पैतृक गांव में कमरे में लटकता मिला। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मामला सतरिख थाना क्षेत्र के कुर्मियनपुरवा गांव का है। यहां का निवासी अरविंद वर्मा (40) पुत्र चंद्रशेखर लखनऊ में एक सराफा व्यापारी के यहां नौकरी करता था। चोरी के आरोप में वह जेल से लगभग 15 दिन पहले वह रिहा हुआ था। इसके बाद वह कार चलाने का काम करने लगा। गुरुवार को वह अपने गांव पहुंचा। जहां पर पता चला कि उसके पिता ने गांव की जमीन बेचकर नगर कोतवाली में मकान बनवाकर रह रहे है। इस पर वह पिता के पास पहुंचा और जमीन में अपने हिस्से का पैसा मांगने लगा। इसके बाद उसका पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। वह अपने पैतृक गांव कुर्मियनपुरवा पहुंचा और कमरे में फंदे से लटककर जान दे दी।

# अंबेडकरनगर में महिला से मौलाना ने किया दुष्कर्म

**बसखारी, अंबेडकरनगर।**

**अमृत विचार।** किछौछा के एक मौलाना द्वारा गैर प्रांत से जियारत के लिए आयी एक महिला से दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। बसखारी पुलिस ने पीड़िता के प्रार्थना पत्र पर मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी मौलाना को गिरफ्तार कर लिया है। नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा में स्थित मखदूम साहब के अस्ताने पर महाराष्ट्र से परिवार के साथ रूहानी इलाज के लिए आयी जायरीन महिला के साथ झाड़-फूंक का काम कर रहे एक मौलाना ने घर में बंधक बनाकर जबरदस्ती दुष्कर्म किया।

आरोप है कि रूहानी इलाज के लिए आई महिला के परिजनों को बाहर बैठाकर मौलाना अरशफ रूहानी इलाज के नाम पर महिला को एक कमरे में ले गया। इसके बाद उसने इस वारदात को अंजाम दिया। आरोप यह भी है कि मौलाना ने महिला और परिजनों को मुंह खोलने पर परिवार समेत जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित महिला ने इसके बाद बसखारी थाने में आरोपी मौलाना के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया। इस पर बसखारी पुलिस ने पीड़िता के प्रार्थना पत्र पर मौलाना सैयद मो. अशरफ पुत्र इनाम अशरफ निवासी किछौछा के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर उसे खानकाह से गिरफ्तार कर लिया।



गिरफ्त में दुष्कर्म का आरोपी मौलाना।

# कागजों पर जब्त कार इरफान के घर खड़ी मिली

## 2022 में सफारी समेत तीन कारों के जब्तीकरण का हुआ था आदेश

**लापरवाह पुलिस**

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

**अमृत विचार।** गुरुवार को समाजवादी पार्टी के विधायक इरफान सोलंकी, भाई रिजवान सोलंकी, पिता स्व. हाजी मुश्ताक सोलंकी, नूरी शौकत, हाजी वसी के घरों समेत छह स्थानों पर हुई प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी से पूर्व में हुई पुलिस की लापरवाही का खुलासा हुआ। ईडी को विधायक के घर पर एक क्रेटा कार खड़ी मिली जिसे 2022 में जब्त करने का आदेश दिया गया था। वहीं एक और जब्त की गई आईटेन कार गायब है। वर्ष 2022 में तत्कालीन पुलिस कमिश्नर ने सफारी समेत तीन गाड़ियों के जब्तीकरण के आदेश दिए थे पर क्रेटा कार जब्त नहीं की गई। ईडी के छापेमारी के बाद मामला खुला तो पुलिस ने जांच के आदेश दिए हैं।



इरफान सोलंकी।

डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि पहले इरफान सोलंकी की तीन गाड़ियों सफारी, क्रेटा और आईटेन के जब्तीकरण के आदेश दिए गए थे। पूर्व में इंस्पेक्टर धनन्जय पांडेय, अशोक कुमार दुबे, सुनील कुमार सिंह की तीन सदस्यीय कमेटी बनाई गई थी। उन्होंने बताया कि तीन गाड़ियों में से एक सफारी जाजमऊ थाने में खड़ी है। क्रेटा कार जब्तीकरण के बाद विधायक के घर पर कैसे खड़ी मिली, इसकी जांच होगी। उधर जब्त की गई आईटेन कार घर व थाने में नहीं मिली है, संभवतः कार्रवाई के बाद किसी रिश्तेदार को दी गई है। ऐसे में संबंधित पुलिसकर्मियों की लापरवाही सामने आई है। इसको लेकर उन लोगों को नोटिस देकर जवाब मांगा गया है। मामले की जांच सहायक पुलिस आयुक्त कैंट अंजलि को सौंपी गई है। पुलिस ने शुक्रवार को घर में खड़ी क्रेटा को अपने कब्जे में ले लिया।




इरफान सोलंकी के आवास के बाहर खड़ी ईडी अधिकारी की गाड़ी। (फाइल फोटो)

### शौकत की बिल्डिंग होगी सीज

**कानपुर।** पुलिस सूत्रों ने बताया कि इरफान के साथी हिस्ट्रीशीटर शौकत अली पहलवान की सीबीसीआईडी वाली बिल्डिंग को अफसर सीज करेंगे। शौकत अली पहलवान का ग्वालटोली में भी एक अपार्टमेंट है। यह बिल्डिंग बगैर नक्शा और मानकों के खड़ी की गई है। इसी इमारत में सीबीसीआईडी का दफ्तर भी है। पिछले वर्ष 10 मार्च को पुलिस ने सीबीसीआईडी बिल्डिंग को छोड़कर अन्य जगह को सीज करने की कार्रवाई की थी। सीबीसीआईडी के दफ्तर को छोड़ा गया था। लेकिन अब इस इमारत को खाली कराकर सीज किया जाएगा।

# सिपाही का हमलावर मुठभेड़ में घायल

**संवाददाता, बाराबंकी:** महिला की स्कूटी में टक्कर मारने की सूचना पर पहुंची पुलिस पर ब्लेड से हमला करने वाले ई- रिक्शा चालक को मुठभेड़ के बाद दबोच लिया गया। पैर में गोली लगने से घायल आरोपी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

मामला नगर कोतवाली क्षेत्र का है। गुरुवार को पीरबटावन निवासी साधना सिंह ईदगाह की ओर गई थीं। सड़क किनारे खड़ी स्कूटी में एक ई-रिक्शा ने टक्कर मार दी। स्कूटी क्षतिग्रस्त देख महिला ने विरोध किया।

मगर, पीरबटावन के ही रहने वाले ई- रिक्शा चालक अजीम ने महिला से अभद्रता की। इसकी सूचना पर पहुंचे सिटी चौकी के सिपाही राजेंद्र सिंह ने पूछताछ शुरू की तो अजीम ने ब्लेड से सिपाही के चेहरे पर हमला कर दिया।

# ऑनलाइन सट्टे में रकम हारने पर छात्र ने दी जान

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

**अमृत विचार।** काकादेव थानाक्षेत्र में ऑनलाइन सट्टे में रुपये हारने पर नीट की तैयारी कर रहे छात्र ने सुसाइड नोट लिखकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शुक्रवार देर शाम छात्र का शव हॉस्टल के कमरे में पंखे से फंदे से लटका मिला। चाचा की सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक ने जांच की। पुलिस शव को माचुर्री में रखवाकर परिजनों के आने का इंतजार कर रही है। जिला बदायूं के थाना बजीरगंज ग्राम रूपपुरा के रहने वाले लालता प्रसाद शाक्य का 19 वर्षीय पुत्र नवनीत शाक्य सर्वोदय नगर के आरएस पुरम स्थित अग्रवाल हॉस्टल के फ्लोर नं दो कमरा नं 20 में करीब एक वर्ष से चाचा संदीप शाक्य के साथ रहता था। वह नीट की तैयारी कर रहा था। शुक्रवार शाम चाचा संदीप खाने लेने के लिए बाहर गए हुए थे।

### घाटों पर गंदगी, संस्था पर एक लाख का जुर्माना

**अयोध्या कार्यालय :** प्रभारी नगर आयुक्त का चार्ज संभालते ही आईएएस अधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने शुक्रवार को पहली बड़ी कार्रवाई की है। घाटों पर निरीक्षण के दौरान घाटों पर गंदगी मिलने पर संस्था किंग्स सिक्योरिटी पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। जोनल अधिकारी, मुख्य सफाई व खाद्य निरीक्षक को सफाई व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश दिए हैं। नगर आयुक्त सन्तोष कुमार शर्मा ने रामपैड़ी, कच्चा-पक्का घाट व आरती स्थल समेत अन्य क्षेत्रों का निरीक्षण किया। रात्रिकालीन पाली में लगाए गए सफाई मित्र कार्यस्थल पर कार्य करते हुए नहीं पाए गए।

# किशोरी को अगवा कर मांगी एक लाख फिरौती

**खरगूपुर, गोंडा:** कपड़ा खरीदने घर से निकली किशोरी को मिठाई में नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश कर दिया गया। उसके बाद रेलवे स्टेशन गोंडा के पास एक झुग्गी में छिपाकर आरोपी स्वजनों से एक लाख रुपये फिरौती की मांग करने लगे। किशोरी के भाई ने चार आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। मामला स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बभनी सराय गांव का है। ग्राम परना टिकुइया निवासी एक व्यक्ति ने आरोप लगाया कि उसकी 12 वर्षीय बहन अपने मामा के यहां रह रही थी। 20 नवंबर 2023 को वह कपड़ा खरीदने गोकरननाथ शिवाला चौराहे पर गयी थी। जहां रमेश व उनके पिता रामपाल पुत्र हीरा लाल तथा चाचा जोगी निवासी गण बराहेमा, राम अनुज पुत्र डेबा निवासी कुरशहा ने उसे मिठाई में नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश कर दिया।

# चुनाव का बहिष्कार करेंगे 5 गांवों के लोग

**पूराबाजार, अयोध्या**

**विरोध**

- आंदोलित किसानों ने बनाई मातृभूमि बचाओ संघर्ष समिति
- एयरो सिटी के लिए भूमि अधिग्रहण का मामला

**अमृत विचार :** एयरो सिटी के लिए जमीन अधिग्रहण मामले को लेकर शुक्रवार को आन्दोलित किसानों ने बड़ा फैसला किया है। मातृ भूमि बचाओ संघर्ष समिति का गठन करते हुए लोकसभा चुनाव के बहिष्कार का ऐलान किया है।

शुक्रवार को दोपहर बाद ग्राम पंचायत रामदत्तपुर अटरावा पंचायत भवन के सामने रामवन गमन मार्ग के किनारे इलाके के ग्राम रामदत्तपुर अटरांवा, ददेरा, बैसिंह, सरेठी कुशमाहा के सैकड़ों किसान जुटे। गांव की उपजाऊ कृषि भूमि का अधिग्रहण करने के के विरुद्ध सैकड़ों की संख्या में उपस्थित महिला व पुरुष किसानों ने विरोध सभा का आयोजन किया। अधिग्रहण के दायरे में आ रहे गांव के ग्राम प्रधान पूर्व ग्राम प्रधान, सम्भ्रांत व्यक्तियों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से अपनी उपजाऊ भूमि को किसी भी कीमत पर न देने को मातृभूमि बचाओ संघर्ष समिति का गठन किया गया। संघर्ष समिति के संचालन के लिए ग्राम सरेठी के किसान और फैजाबाद बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सूर्यभान वर्मा को अध्यक्ष नामित किया गया। उनके नेतृत्व में भूमि बचाने के लिए हर कार्यवाही के संचालन की एक स्वर में शपथ ली गई। पंचायत में आगामी लोकसभा के चुनाव में मतदान का बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया।

# विकास दुबे का खजांची दो मुकदमों में हुआ बरी

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

**अमृत विचार।** बिकरू कांड के कुख्यात आरोपी विकास दुबे के खजांची जय बाजपेई को शस्त्र लाइसेंस में झूठा शपथ पत्र व आर्म्स एक्ट के मुकदमे में कोर्ट ने बरी कर दिया है। आर्म्स एक्ट के मुकदमे में इस फैसले के खिलाफ अभियोजन की ओर से सेशन कोर्ट में अपील की गई है। वहीं झूठा शपथ पत्र दाखिल करने के मामले में फैसले के खिलाफ भी अभियोजन की ओर से अपील की तैयारी की जा रही है। आर्म्स एक्ट के मुकदमे में ऊपरी अदालत ने नौ अप्रैल को सुनवाई की तिथि निर्धारित की है।

दो जुलाई 2020 की देर रात बिकरू गांव में दबिश में गए आठ पुलिसकर्मियों को कुख्यात विकास दुबे व उसके साथियों ने गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया था।


## वर्ग पहेली-4

**बाएं से दाएं**

3. 1. दस्त, रेचन 2. दस्त लाने वाली दवा 3. विरेचक औषधि।
5. उपहार, भेंट, तोहफ़ा।
6. 1. जिसमें पानी हो, कांतिमान, चमकदार, लावण्ययुक्त 2. प्रतिष्ठित, इज़्ज़तदार 3. स्वाभिमानी।
9. 1. चरम सीमा, पराकाष्ठा, अंतिम सीमा, आख़िरी हद 2. अत्यधिक, बहुत ज़्यादा।

**ऊपर से नीचे**

1. गुलाबजल छिड़कने का एक लंबा पात्र जिसमें गुलाबजल भरकर शुभ अवसरों पर लोगों पर छिड़कते हैं।
2. एक प्रकार की छोटी चौड़ी तलवार या खड्ग।
4. 1. तलवार चलाने में माहिर बुंदेलखंड की एक योद्धा जाति 2. खंगार चलाने वाला व्यक्ति 3. जनश्रुति है कि किसी ज़माने में खंगार नामक व्यक्ति ने किसी नवविवाहित दंपति की प्राणरक्षा की थी
5. 1. क्रय-विक्रय का व्यवहार, व्यापार, रोज़गार 2. ख़रीदने की वस्तु 3. कई प्रकार की वस्तुएं।
7. 1. वस्तुओं को किसी विशेष ढंग से इधर-उधर फैलाना, तितर-बितर करना 2. छिटकाना, फेंकना।
8. 1. बिना बधिया किया हुआ बैल, वृषभ 2. हिंदू धर्म में मृतक की स्मृति में दाग कर छोड़ा हुआ वृषभ।




### वर्ग पहेली -3 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 रो | | | 2 प | न | 3 स |
| 4 ह | म | पे | 5 शा | | | मा |
| | क | | न | | 6 ने | चा |
| | | 7 शै | दा | ई | | र |
| | 8 से | वा | र | | | वा |
| 9 दौं | | ल | | | | च |
| री | | | 10 च | का | च | क |

## सुडोकू -83

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | 6 | 5 | | | | |
| 4 | | 7 | | | 2 | | 5 | 8 |
| | | | 3 | 4 | | 9 | | |
| | | | 5 | | 4 | | | 7 |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| 5 | | | 8 | | 1 | | | |
| | 4 | 9 | | 8 | | | | |
| 1 | | | 2 | | | 6 | | 9 |
| | | | | 9 | 6 | | | 3 |

### सुडोकू - 82 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 3 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 |
| 5 | 4 | 1 | 8 | 6 | 3 | 9 | 7 | 2 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 3 | 4 |
| 9 | 3 | 6 | 1 | 5 | 2 | 4 | 8 | 7 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 8 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 7 | 2 | 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 5 | 6 |
| 6 | 5 | 2 | 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 9 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 1 | 5 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 8 | 4 | 7 | 9 | 6 | 3 | 2 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 9 मार्च, शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 18.17 तक तत्पश्चात अमावस्या।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-धनिष्ठा 07.55 तक तत्पश्चात शतभिषा 10 मार्च 04.56 तक तत्पश्चात पूर्वाभाद्रपद।

**मेष** – आज आपकी सलाह से दूसरों को लाभ मिलेगा। लोहे के व्यापार में बड़ा धन लाभ हो सकता है। नए वस्त्र खरीदने का विचार बना सकते हैं। अपनी योग्यता पर विश्वास रखें। लोग आपके साथ जुड़कर सम्मान का अनुभव करेंगे।

**वृष** – आज अनावश्यक बयानबाजी करने से आपको बचना चाहिए। घर में लोग आपका अनादर कर सकते हैं। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। बुरे स्वप्न आपकी नींद खराब कर सकते हैं। मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने का निमंत्रण मिल सकता है।

**मिथुन** – आज आध्यात्मिक चर्चा से आनंद प्राप्त कर सकते हैं। बॉस से ज्यादा बहस न करें। प्रेम संबंधों को समय न दे पाने के कारण मनमुटाव की स्थिति बन सकती है। आपको अपेक्षा से विपरीत परिणाम मिल सकते हैं। अपने लक्ष्य से भ्रमित न हों।

**कर्क** – आज अधिकारी वर्ग आपसे अप्रसन्न हो सकते हैं। पेट की समस्याओं से ग्रसित हो सकते हैं। अपरिचित लोगों पर ज्यादा विश्वास न करें। गुरु तुल्य व्यक्तियों के मार्गदर्शन से आपको लाभ होगा।

**सिंह** – आज निजी रिश्तों के प्रति शंकालु न हों। धन को लेकर समस्या दूर होगी। व्यवहार कुशलता से कठिन स्थितियों को अनुकूल करने में सफल होंगे। जॉब में उच्च पद प्राप्त करने के लिए प्रयत्न कर सकते हैं। जीवनसाथी की थोड़ी चिंता रहेगी।

**कन्या** – आज सहकर्मी आपको नीचा दिखाने का प्रयास करेंगे। गूढ़ रहस्यों को समझने व जानने की इच्छा जागृत होगी। शरीर में चुस्ती-फुर्ती की कमी रहेगी। समाज में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मन में संतोष का भाव रहेगा।

**तुला** – आज शेयर मार्केट में बड़ा निवेश कर सकते हैं। दिखावे की प्रवृत्ति से आपको नुकसान होगा। संतान की जिद के कारण कुछ दुविधा में फंस सकते हैं। प्रेमी जन को प्रपोज करने के लिए दिन शुभ नहीं है। सेहत को लेकर लापरवाही न करें।

**वृश्चिक** – आज बिना मन से काम करने के कारण कार्य प्रभावित हो सकते हैं। लोग आपको शंकालु दृष्टि से देखेंगे। संपत्ति को लेकर विवाद उत्पन्न हो सकते हैं। अचानक आए खर्चों को लेकर असमंजस की स्थिति में रहेंगे।

**धनु** – आज व्यवसाय में आपकी आय बढ़ सकती है। कोई अटका हुआ काम पूरा हो सकता है। मित्र इसमें आपकी मदद को तत्पर रहेंगे। आपके मनोबल एवं आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। बचत पर आप काफी ध्यान देंगे।

**मकर** – आज नई जॉब ढूंढ रहे हैं तो संघर्ष करना पड़ेगा। दोपहर के बाद आपके कुछ काम अटक सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोग अपने शत्रुओं के ऊपर भारी पड़ेंगे। रियल एस्टेट के व्यवसायियों को नकदी की थोड़ी समस्या हो सकती है।

**कुंभ** – आज व्यापार में बड़े अनुबंध कर सकते हैं। स्वास्थ्य समस्याओं का निवारण होगा। फोन कॉल्स से शुभ सूचना प्राप्त हो सकती है। आपकी दिनचर्या बेहद अनुशासित रहेगी। प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ संबंध प्रगाढ़ होंगे।

**मीन** – आज दांपत्य संबंधों को लेकर अनमने हो सकते हैं। जोश में आकर तात्कालिक निर्णय लेने से बचें। मान-सम्मान में कमी आ सकती है। आपका दिन नकारात्मक प्रभाव वाला हो सकता है। अनावश्यक व्यय होने की संभावना बन रही है।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
सीता और गीता – सुबह : 10.28
जिस देश में गंगा रहता है – रात : 07.00

**Sony Max**
यारियां 2 – सुबह : 09.48
स्टारफिश – रात : 09.30

**Sony Pix**
हेलबॉय – सुबह : 10.52
2012 – रात : 08.45

**Zee Cinema**
डैडी – सुबह : 10.30
करीब करीब सिंगल – रात : 07.30

**Colors Cineplex**
तू चोर मैं सिपाही – दोपहर : 12.31
दृश्यम 2 – रात : 07.05

### आज की सुपरहिट फिल्म




कलर्स सिनेप्लेक्स पर रात 07.05 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति की लंबी उम्र के लिए पत्नी मंदिर गई।
वहां पर पत्नी ने पंडित जी से एक सवाल पूछा
महिला- पंडित जी, कोई ऐसा व्रत बताइए, जिससे पति की उम्र लंबी हो जाए?
पंडित जी- आप हफ्ते में चार दिन मौन व्रत रखा करो।

सास – बहू, पड़ोस की सुषमा एक नंबर की झूठी है। उसकी बातों पर कभी विश्वास मत करना।
वैसे तुमसे सुबह क्या कह रही थी?
बहू – कह रही थी कि आप बहुत भली औरत हैं।
अब सास अपनी ही बातों में फंस गई।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

इन्द्रियैरिन्द्रियार्थेषु वर्तमानैरनिग्रहैः।
तैरयं ताप्यते लोको नक्षत्राणि ग्रहैरिव॥

इंद्रियां यदि वश में न हो तो ये विषय-भोगों में लिप्त हो जाती हैं। उससे मनुष्य उसी प्रकार तुच्छ हो जाता है, जैसे सूर्य के आगे सभी ग्रह।

## संपादकीय

# भारत पर भरोसा

आर्थिक और राजनीतिक शक्ति के रूप में ग्लोबल साउथ के उदय ने पारंपरिक शक्ति की गतिशीलता को चुनौती दी है और बदलती वैश्विक व्यवस्था की ओर ध्यान आकर्षित किया है। विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि ग्लोबल साउथ के देश कई मुद्दों पर एक-दूसरे के प्रति सहानुभूति रखते हैं। 'ग्लोबल साउथ' शब्द का इस्तेमाल आमतौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। ये मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका में स्थित हैं। आमतौर पर ग्लोबल नार्थ के धनी देशों की तुलना में इन देशों में गरीबी, आय असमानता और जीवन स्थितियां चुनौतीपूर्ण हैं। टोक्यो में भारत-जापान साझेदारी पर 'निक्कई फोरम' को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि आजादी मिलने के तुरंत बाद हमने आक्रमण देखा, हमारी सीमाओं में बदलाव की कोशिश हुई। आज भी भारत के कुछ हिस्सों पर एक अन्य देश का कब्जा है, लेकिन हमने इस पर दुनिया को यह कहते नहीं देखा कि चलो हम सभी भारत का साथ दें, परंतु अब परिस्थितियां बदली हैं।

ग्लोबल साउथ में हाल के दशकों में धन और राजनीतिक परिस्थितियों में महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं। ग्लोबल साउथ के राजनेता तेजी से वैश्विक मामलों में प्रभावशाली भूमिका निभा रहे हैं। यानी ग्लोबल साउथ ने स्वयं को मजबूत करना जारी रखा है, यह भू-राजनीति को नया आकार देता है, एक नए युग की शुरुआत करता है। अनुमानों से संकेत मिलता है कि वर्ष 2030 तक चार सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से तीन ग्लोबल साउथ की होंगी। गौरतलब है कि ग्लोबल साउथ का प्रभाव ग्लोबल नॉर्थ के ऐतिहासिक प्रभुत्व को चुनौती देता है। ये बदलाव विश्व मंच पर ग्लोबल साउथ की बढ़ती मुखरता और प्रभाव को दर्शाते हैं। इसमें भारत का अपना सामरिक महत्व है। रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते खाद्य पदार्थों, उर्वरकों की कीमतें बढ़ गई हैं और श्रीलंका जैसे देश में इतना बड़ा आर्थिक संकट पैदा हुआ। श्रीलंका को अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का पैकेज काफी देर बाद मिला जबकि भारत ने कुछ सप्ताह के भीतर एक पैकेज दिया। आईएमएफ का पैकेज तीन अरब डॉलर का था, जबकि हमने श्रीलंका को आईएमएफ के मुकाबले 50 फीसदी अधिक पैकेज दिया। उल्लेखनीय है कि भारत एक बड़ी अर्थव्यवस्था होने के नाते अपने दायित्व को समझता है और ग्लोबल साउथ की जिम्मेदारी को बहुत गंभीरता से लेता है। महत्वपूर्ण है कि इस मंच के 125 देशों ने भारत पर अपना विश्वास जताया है। जबकि चीन उनकी चिंताओं पर ध्यान तक नहीं देता। ग्लोबल साउथ की बढ़ती आर्थिक और राजनीतिक शक्ति का वैश्विक भू-राजनीति पर महत्वपूर्ण प्रभाव है और भारत ग्लोबल साउथ में बड़ी जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार है।

# अब अपना हक मांगती आधी दुनिया



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

किरण राजधानी की इस पहली महिला पंचायत में काउंसलर है। वह बताती है 'महिला पंचायत में आने वाली महिलाओं को बताया जाता है कि उनके पास क्या-क्या कानूनी अधिकार हैं और हम कैसे काउंसलिंग, पुलिस और अदालतों के माध्यम से उनकी मदद कर सकते हैं।

राजधानी दिल्ली के बहुत से मेहनतकश लोगों के इलाकों में उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, बंगाल, उड़ीसा के लाखों लोग रहते हैं। इन प्रवासी परिवारों की महिलाएं अब अपने घरों में होने वाले घरेलू उत्पीड़न और अपने कार्य स्थलों में होने वाले शोषण के खिलाफ महिला पंचायतों में जाकर शिकायतें करने लगी हैं। ये सब यहां की काउंसलरों से सलाह लेने आती हैं कि किस तरह से इन्हें न्याय मिल सकता है। राजधानी के न्यू सीमापुरी की महिला पंचायत के प्रभारी फादर जॉर्ज बताते हैं कि महिला पंचायत में आने वाली महिलाओं को बताया जाता है कि उनके पास क्या-क्या कानूनी अधिकार हैं और हम कैसे काउंसलिंग, पुलिस और अदालतों के माध्यम से उनकी मदद कर सकते हैं।

अभी यह कहना तो जल्दबाजी ही होगी कि आधी दुनिया को उनके सारे कानूनी हक भारतीय समाज ने दे दिए हैं, पर इतना कहना ही होगा कि अब औरतें अपने वाजिब हकों को हासिल करने के लिए घरों से निकल रही हैं। वह अपने घरों के अंदर या दफ्तरों में होने वाले अन्याय को सहने के लिए तैयार नहीं हैं। बेशक यह बदलते हुए भारत का एक रोशन चेहरा है। यह एक तरह से उम्मीद जगाता है कि आधी दुनिया अब अन्याय और अत्याचार सहने के लिए तैयार नहीं हैं।

राजधानी दिल्ली के बहुत से मेहनतकश लोगों के इलाकों में उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, बंगाल, उड़ीसा के लाखों लोग रहते हैं। इन प्रवासी परिवारों की महिलाएं अब अपने घरों में होने वाले घरेलू उत्पीड़न और अपने कार्य स्थलों में होने वाले शोषण के खिलाफ महिला पंचायतों में जाकर शिकायतें करने लगी हैं। ये सब यहां की काउंसलरों से सलाह लेने आती हैं कि किस तरह से इन्हें न्याय मिल सकता है। राजधानी के न्यू सीमापुरी की महिला पंचायत के प्रभारी फादर जॉर्ज बताते हैं कि महिला पंचायत में आने वाली महिलाओं को बताया जाता है कि उनके पास क्या-क्या कानूनी अधिकार हैं और हम कैसे काउंसलिंग, पुलिस और अदालतों के माध्यम से उनकी मदद कर सकते हैं। इस महिला पंचायत को दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने स्थापित किया था। बता दें कि दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने ही करीब 140 साल पहले दिल्ली में सेंट स्टीफंस कॉलेज खोला था और अब यह सोनीपत में सेंट स्टीफंस कैम्ब्रिज स्कूल खोल रहा है।

उस दिन महिला पंचायत के दफ्तर के अंदर करीब 30 महिलाएं एक फर्श पर बैठी थीं। इसकी दीवारें अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पोस्टरों से अटी हुई हैं। परेशान और पस्त दिख रही 38 वर्षीय माधुरी एक फोल्डर में कुछ कागजात के साथ वहां मिलती हैं। अपने पति के जुल्मों-सितम से टूटी हुई माधुरी यहां अपनी सास के साथ अपने पति से तलाक लेने का तरीका पूछने आई है। उसे संतोष है कि न्याय की लड़ाई में उसे अपनी सास का सपोर्ट मिल रहा है। दो बच्चों की मां, माधुरी कहती हैं, " मेरी सास ने भी मेरे साथ होने वाले अत्याचारों को देखा है।" जैसे-जैसे वह अपनी सिसकती कहानी सुना रही थी, उसकी आंखें नम होती जा रही थीं। पर वह अब अपने शराबी पति के साथ और रहने के लिए तैयार नहीं है। माधुरी राजधानी के एक औद्योगिक क्षेत्र में एक फैक्ट्री में नौकरी करती है। वह 18 हजार रुपये महीने कमाती है। उसे यह भी संतोष है कि उसके दोनों बच्चे स्कूल जाते हैं। महिला पंचायत में आने वाली औरतों को उनके अधिकारों से अवगत भी करवाया जाता है। जैसे कि भारतीय नागरिक प्रक्रिया संहिता के अनुसार किसी महिला आरोपी को शाम 6 बजे के बाद या सूर्योदय यानी सुबह 6 बजे से पहले गिरफ्तार नहीं किया जा सकता है। धारा 160 के अनुसार अगर किसी महिला से पूछताछ भी करनी है तो उसके लिए एक महिला कांस्टेबल या उस महिला के परिवार के सदस्यों की मौजूदगी होना जरूरी है।

किरण राजधानी की इस पहली महिला पंचायत में काउंसलर है। वह बताती है 'महिला पंचायत में आने वाली महिलाओं को बताया जाता है कि उनके पास क्या-क्या कानूनी अधिकार हैं और हम कैसे काउंसलिंग, पुलिस और अदालतों के माध्यम से उनकी मदद कर सकते हैं। " झारखंड की मूल निवासी रानी कुछ घरों में खाना पकाकर हर महीने करीब 20 हजार रुपये कमा लेती हैं। वह महिला पंचायत में इसलिए आई हैं, क्योंकि उसके इलाके का एक अवारा लड़का पिछले कई महीनों से उसका पीछा कर रहा है। रानी कहती है- "मैं जब अपने काम के लिए घर से बाहर निकलती हूं तो वह अपने स्कूटर से मेरा पीछा करता है। वह मुझसे शादी करने के लिए कहता है। मैं इस पागल आदमी से बहुत परेशान हूं। मेरे बार-बार डांटने के बावजूद भी वह नहीं बदल रहा है।" फादर सोलोमन जॉर्ज बताते हैं कि घनी और स्लम इलाकों में बहुत सारी महिलाओं को उन सिरफिरों से भी जूझना पड़ता है, जो उनके पीछे पड़ जाते हैं। वे औरतों को लगातार फोन करते हैं और अश्लील मैसेज भेजते हैं। इस कारण महिलाएं बुरी तरह से भयभीत हो जाती हैं। इस तरह की महिलाओं के लिए हम पुलिस से मदद मांगते हैं, पर अभी आधी दुनिया को अपने हक लेने के लिए बहुत संघर्ष करना होगा। अभी भी घरों के बाहर लगी नेमप्लेट में मां, बेटी और बहू के लिए जगह नहीं है।

हालांकि अब घर बनाने के लिए आमतौर पर पति-पत्नी मिलकर मेहनत करते हैं और फिर होम लोन ले लेते हैं। कहने को भले ही कहा जाता रहे कि हर सफल इंसान के पीछे किसी महिला की प्रेरणा होती है। ये बात अपने आप में सौ फीसद सही है। इस बारे में कोई बहस या विवाद नहीं हो सकता। सफल इंसान को जीवन में सफलता दिलाने में मां, बहन, पत्नी वगैरह का रोल रहता है, पर उन्हें घरों के बाहर लगी नेमप्लेट में जगह देने के बारे में सोचने वाले लोग बहुत कम ही हैं। एक प्रकार से मान लिया गया है कि नेमप्लेट में तो घर के पुरुष सदस्य का ही नाम होगा। कोई माने या न माने, पर नेम प्लेट में आधी दुनिया के लिए जगह नहीं है। हिंदी की दो प्रख्यात लेखिकाओं के घरों के बाहर लगी नेमप्लेट में भी उनका नाम नहीं है। वहां पर उनके क्रमशः कारोबारी तथा सरकारी अफसर पतियों के नाम ही नेमप्लेट पर चमक रहे थे। ये भी विडंबना ही है कि ये दोनों महिलाएं आधी दुनिया के पक्ष में निरंतर लिखती रही हैं, जो समाज नारी को देवी के रूप में पूजनीय मानता है वहां पर औरतों को उनके अपने घरों की नेम प्लेट से दूर रखा जाता है। यह शर्मनाक स्थिति है। अगर बात घर से बाहर की हो तो भी महिलाओं की मेरिट की अनदेखी होना सामान्य सी बात है। ये कोई बहुत पुरानी बात नहीं है कि जब हमारे यहां प्राइवेट कंपनियों के प्रमोटर अपनी पत्नियों, बेटियों, बहुओं वगैरह को ही बोर्ड रूम में रखकर सोचते थे कि उन्होंने बहुत बड़ी क्रांति कर दी है। इतना भर करके उन्हें लगता था कि उन्होंने नारी मुक्ति आंदोलन को गति दे दी। हालांकि अब स्थितियां बहुत सकारात्मक हो चुकी हैं। आधी दुनिया को कॉर्पोरेट जगत में हर एक पद मिल रहा है। ये उन पदों पर रहते हुए श्रेष्ठ काम करके दिखा रही हैं।

बहरहाल जैसे-जैसे हमारे यहां महिलाएं उद्यमी बनेंगी तो बोर्ड रूम में उनकी संख्या में भी बढ़ोत्तरी होती रहेगी। विश्व महिला दिवस को आधी दुनिया के हक में तमाम संकल्प लिए जाते हैं। इस बार भी लिए जाएंगे। अब भी कितने परिवार या पिता अपनी बेटियों को अपनी चल और अचल संपत्ति में पुत्रों के बराबर का हिस्सा देते है? बुरा न मानें, आपको दस फीसद परिवार भी नहीं मिलेंगे, जहां पर पुत्री को पिता या परिवार की अचल संपत्ति में हक मिला हो। भारतीय कानून पिता की पुश्तैनी संपत्ति में बेटी को भी बराबर हिस्से का अधिकार देता है। हिंदू उत्तराधिकार कानून 1956 में बेटी के लिए पिता की संपत्ति में किसी तरह के कानूनी अधिकार की बात नहीं कही गई थी। जबकि संयुक्त हिंदू परिवार होने की स्थिति में बेटी को जीविका की मांग करने का अधिकार दिया गया था। बाद में 9 सितंबर 2005 को इस क़ानून में संशोधन लाकर पिता की संपत्ति में बेटी को भी बेटे के बराबर अधिकार दिया गया। आधी आबादी घर और घर के बाहर कदम-कदम पर अन्याय का शिकार होती है। यह सब जानते हैं। अपने हिस्से का आसमान छूने वाली बेटी को अपने ही माता-पिता के घर में सही से न्याय नहीं मिल पाता।

## प्रसंगवश

# जो रचेगा, सो बचेगा

फेसबुक ने दो दिन पहले ही अपने मैसेंजर पर कुछ नया फीचर शुरू किया। चैट सेव करने के लिए पासवर्ड (कोड) बनाओ या फिर एक ही डिवाइस पर सेव करने का विकल्प चुनो और भी कुछ था। तकनीकी लफड़े पता नहीं क्या, लेकिन मुझे लगता है कि फेसबुक के पास चैट सेव करने के लिए जगह की कमी हो रही होगी।

पिछले दिनों फेसबुक और इंस्टाग्राम थोड़ी देर के लिए गड़बड़ा गए। गड़बड़ी के दौरान और बहाल होने के बाद हजारों लोगों ने इस बात पर अपने हिसाब से लिखा। चुटकुले बने, लेख लिखे गए। और न जाने क्या-क्या। बाद में पता चला कि इस घटना से मेटा के शेयर गिर गए। 100 मिलियन डॉलर की चपत लगी फेसबुक को। इत्ती रकम का हिसाब-किताब और तुलना भी करना बेफालतू का काम। मिलियन, बिलियन डॉलर की जब बात आती है तो 'हमसे संबद्ध नहीं' कहकर बगलिया देते हैं। फेसबुक ने दो दिन पहले ही अपने मैसेंजर पर कुछ नया फीचर शुरू किया। चैट सेव करने के लिए पासवर्ड (कोड) बनाओ या फिर एक ही डिवाइस पर सेव करने का विकल्प चुनो और भी कुछ था।

तकनीकी लफड़े पता नहीं क्या, लेकिन मुझे लगता है कि फेसबुक के पास चैट सेव करने के लिए जगह की कमी हो रही होगी। तभी यह फीचर शुरू हुआ। जगह की कमी हर जगह हो रही है। आने वाले समय में डाटा से जुड़ी कंपनियों की बड़ी चुनौती अपने डाटा को बचाने की होगी। किसी तकनीकी गड़बड़ी से किसी का डाटा लीक हो जाएगा, किसी का खो जाएगा, किसी के यहां डाटा डकैती हो जाएगी। कभी राजे-महाराजे दूसरे देशों पर हमले करते थे जमीन पर कब्जा करने के लिए। आने वाले समय में डाटा पर कब्जे के लिए आक्रमण होंगे। ज्यादा डाटा कब्जे में रखने वाले 'डाटा सम्राट' कहलाएंगे।



अनूप शुक्ल
कानपुर

फेसबुक पर अपन पिछले लगभग 15 साल से हैं। तमाम लिखाई यहीं हुई। इसके पहले ब्लॉग पर लिखाई हुई छह साल। इसी में सबको इकट्ठा करके किताबें बनी। अभी भी कई किताबों का मसाला जमा है यहां। जब मन आएगा किताब बना लेंगे। कवर पेज लगा देंगे। लोग बधाई देंगे। कुछ लोग खरीद भी लेंगे। उनमें से भी कुछ लोग पढ़ भी लेंगे। कुछ लोग उनके बारे में लिखेंगे भी। किताबें तो जब लिखीं जाएंगी तब लिखी जाएंगी अभी तो बात फेसबुक की। मान लीजिए आज फेसबुक बंद हो जाए तो हमारा सारा लेखन खत्म हो जाएगा। दुनिया का कितना कूड़ा कम हो जाएगा। कुछ दिन हुड़केंगे, फिर शुरू हो जाएंगे। तमाम लोगों को लगता होगा कि आज फेसबुक बंद हो गया तो क्या होगा। मुझे लगता है कुछ नहीं होगा। फेसबुक बंद हो जाएगा तो कोई नया माध्यम आएगा। लोग उसमें डूबेंगे। फेसबुक में आने वाले विज्ञापन कहीं और खिसक जाएंगे। फेसबुक के हाल आजकल अखबार जैसे ही हो गए हैं। अखबार में आजकल विज्ञापन प्रधान हो गए हैं। शुरुआत से अंत तक विज्ञापन ही विज्ञापन। जगह बची तो खबर छिड़क दी गई।

विज्ञापनों की भरमार के चलते ही आमलोगों की पोस्ट, जो प्रायोजित नहीं हैं, कम दिखती हैं। भुगतान देकर छपने वाली खबरें विज्ञापन वीआईपी सीट पर आगे आते हैं। सामान्य पोस्ट पीछे की सीट पर। इन सामाजिक मीडियाओं की सेटिंग ऐसी कर दी गई होगी कि ऐसी पोस्टें ऊपर रहें जिनसे उनको फायदा हो। इसी कड़ी में और भी तमाम इंतजाम किए गए होंगे। इसलिए जिन लोगों को लगता है कि उनकी पोस्ट कम लोगों तक पहुंच रही है उनको यह भी समझना चाहिए कि कोई भी सुविधा मुफ्त नहीं रहती बहुत दिन तक। हर चीज की कीमत चुकानी पड़ती है। बड़े गणित के बहुत छोटे अंश हैं हम लोग। ज्यादा हलकान न हों, मस्त रहें। लिखते रहें, रचते रहें, जो रचेगा, सो बचेगा। माध्यम तो बदलते रहते हैं।

श्रीकांत वर्मा की कविता 'हवन' पढ़िएः चाहता तो बच सकता था/मगर कैसे बच सकता था/ जो बचेगा /कैसे रचेगा। पहले मैं झुलसा/ फिर धधका/चिटखने लगा/कराह सकता था/ मगर कैसे कराह सकता था/जो कराहेगा/ कैसे निबाहेगा/ न यह शहादत थी/न यह उत्सर्ग था /न यह आत्मपीड़न था/न यह सजा थी/ तब/क्या था यह / किसी के मत्थे मढ़ सकता था/ मगर कैसे मढ़ सकता था / जो मढ़ेगा कैसे गढ़ेगा।

# कहीं आत्मघाती न हो जाए विपक्ष की बयानबाजी



राकेश शर्मा
अध्यक्ष, इंडियन न्यूज पेपर सोसाइटी, नई दिल्ली

ठीक है आपकी प्रभु राम में आस्था नहीं है, आप प्राण प्रतिष्ठा का बहिष्कार भी करने से नहीं चूके, लेकिन पूरे भारत राष्ट्र की प्रभु राम में आस्था है। उनकी आस्था और श्रद्धा को अपमानित कर आप लोकसभा में भाजपा और उनके सहयोगियों का चार सौ पार का संकल्प पूरा करने में मदद कर रहे हैं। राहुल तो आजकल कह रहे हैं कि जय श्रीराम का नारा तुम्हें भूखा मार देगा, कोई कह रहा है राम लहर कहां हैं नजर नहीं आ रही, कोई श्री राम का अस्तित्व ही नकार रहा है।

विपक्ष ने लगता है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से नफरत में राजनैतिक आत्महत्या का तय करके 2024 में चार सौ लोकसभा सीटों का उपहार उन्हें देने का संकल्प ले लिया है। ऐसा लगने लगा है कि जनता ही नहीं पूरा विपक्ष भी अब भाजपा और सहयोगियों को एक बार फिर से सरकार बनाने में मदद करने का फैसला कर चुका है।

राहुल तो कैम्ब्रिज में एक वर्ष पहले ही कह आए थे कि भारत राष्ट्र है ही नहीं यह तो राज्यों का समूह है। अब यही बात इंडी के एक महत्वपूर्ण दल डीएमके के वरिष्ठ नेता ए राजा ने कह दी कि भारत उपमहाद्वीप में भारत का हर राज्य एक राष्ट्र है, क्योंकि हर राज्य की भाषा अलग है। राजा ने राष्ट्र विरोधी टिप्पणी की है। आपको याद होगा कि 2016 में जेएनयू में जब कन्हैया कुमार ( जो अब कांग्रेस के बड़े पदाधिकारी हैं ) के नेतृत्व में नारे लगे थे कि भारत तेरे टुकड़े होंगे, इंशा अल्लाह इंशा अल्लाह और इन नारों के अगले दिन सुबह राहुल गांधी, अरविंद केजरीवाल और वाम के सभी दल इन नारों के समर्थन में जेएनयू पहुंच गए थे। इससे एक बात साबित होती है कि भारत को तोड़ने की साजिश अनायास ही नहीं हो रही है।

यह विपक्ष द्वारा अपनी लगातार हो रही हार की खीज मिटाने का राष्ट्र विरोधी षड्यंत्र का एक बड़ा हिस्सा लगता है। सरकार को और सर्वोच्च न्यायालय को इसका स्वयं संज्ञान लेकर ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करनी चाहिए, क्योंकि यह बोलने लिखने की आजादी का दुरुपयोग है। इस भाव को यहीं कुचलना होगा। उधर भगवान राम को अपशब्द कहने की पूरे विपक्ष में एक होड़ सी लग गई है। लगता है विपक्ष के बीच गालियां देने की प्रतियोगिता चल रही हों और हर कोई प्रथम आना चाहता है।

ठीक है आपकी प्रभु राम में आस्था नहीं है, आप प्राण प्रतिष्ठा का बहिष्कार भी करने से नहीं चूके, लेकिन पूरे भारत राष्ट्र की प्रभु राम में आस्था है। उनकी आस्था और श्रद्धा को अपमानित कर आप लोकसभा में भाजपा और उनके सहयोगियों का चार सौ पार का संकल्प पूरा करने में मदद कर रहे हैं। राहुल तो आजकल कह रहे हैं कि जय श्रीराम का नारा तुम्हें भूखा मार देगा, कोई कह रहा है राम लहर कहां हैं नजर नहीं आ रही, कोई श्री राम का अस्तित्व ही नकार रहा है।

रामायण की चौपाई में ठीक लिखा है कि "जाको प्रभु दारुण दुख देई, ताकि मति पहले हर लेई"। उधर भ्रष्टाचार में सजा काट चुके और बहुत से भ्रष्टाचार के आरोपों में आरोपित लालू यादव भी फिर से सक्रिय लगने लगे हैं, वैसे तो बीमारी का बहाना करते हैं, लेकिन मोदी को भला बुरा कहने के लिए पूर्ण स्वस्थ हो जाते हैं। दुर्भावना, हताशा की ऊर्जा से ओतप्रोत कुछ भी कहकर पूरे विपक्ष को मुसीबत में डाल देते हैं। गठबंधन के अधर्म का पालन करते कोई गठबंधन का साथी उनकी बेफजूल की बातों का विरोध भी नहीं करता है। उन्होंने कहा कि हिंदू हृदय सम्राट मोदी, हिंदू हैं ही नहीं क्योंकि अपनी मां के दिवंगत होने पर उन्होंने दाढ़ी और सिर के बाल नहीं मुंडवाए। इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा कि मोदी के बच्चे क्यों नहीं हैं, उनका परिवार क्यों नहीं है? हद कर दी लालू ने। खैर मोदी हर विपरीत परिस्थिति को पलटना जानते हैं और उनके आह्वान पर पूरा भारत कह रहा है "मैं हूं मोदी का परिवार"। इसे कहते हैं कुल्हाड़ी पर पांव मारना।

एक तरफ़ जहां मोदी हर दिन राष्ट्र को हर तरह विकसित और मजबूत बनाने में लगे हैं, वहीं दूसरी और कुत्सित विपक्ष लगातार मोदी को हराने, हटाने के कुटिल प्रयास कर रहा है। अब इसमें देखना क्या है निश्चित है विजय सकारात्मक सोच के मोदी की ही होनी है।

## सोशल फोरम

# पूर्णता का दिन है महाशिवरात्रि

वो जिसने देवता ही क्यों, बल्कि राक्षसों का भी ख्याल किया। सबको बराबर की मोहब्बत दी। उन सबके हिस्सों का जहर खुद पी लिया। वो जिनको मानने में देवता, इंसान, जानवर, राक्षस, संत सब हैं। आप सबको शिव त्रिशूल में दिखते होंगे। हमें तो हर कोमल हृदय में शिव दिखते हैं जिनको सबके जज्बात का एहसास था, जो बिना किसी चालाकी के सबके अपने थे। हर एक की पहुंच में थे। पाप पुण्य के ऊपर, वही तो शिव थे। शिव की तीसरी आंख से पहले कोमल दिल को देखो। आंख तो एक झटके में दिख जाएगी, मगर विशाल विराट बदन में दिल, तब दिखेगा, जब दिल से देखोगे। मासूमियत तब दिखेगी जब दिल में शिव के लिए सच्ची मोहब्बत होगी। उनके कुछ मानने वाले जहर उगल सकते हैं, मगर उनसे मोहब्बत करने वाले जहर खुद पीते हैं।



हफीज किदवई
लेखक

इंसानियत की खुशी के लिए हम जहर पी लें तभी तो हम शिव के हैं और शिव हमारे हैं। बिना फर्क किए सबको गले लगाए तभी तो आप में शिव होंगे। मैं पलट कर देखता हूं तो सर झुक जाता है कि शिव का दिल कितना बड़ा और मासूम था। कौन नहीं था जो शिव तक आसानी से पहुंच जाता था, किसे आखिर शिव हासिल नहीं थे। उनको पाने में न कोई शर्त, न बंधन नियम वे तो सबके हैं। नीलकंठ में मौजूद बर्फ सा सफेद रंग का ठहराव ऊपर से चेहरे पर दूर तक बिखरी मुस्कान, अपने आप में सारा संसार लपेटे हुए। पत्नी पार्वती को अपने बराबर बैठाकर औरत के बराबरी के दर्जे की हिमायत करते शिव आखिर क्यों नहीं दिखते? प्रकृति के हर सजीव में कोई विभेद किए बिना वोह सबके हैं। शिव त्याग हैं, तपस्या हैं, तप हैं, प्रताप हैं, सरल हैं, साधारण हैं, भोले हैं। यह भोलापन ही तो मानवता के लिए वरदान है जिसके अंदर से भोलापन खत्म होता है, वह उतना ही शिवत्व से दूर होते-होते कठोर हृदय का स्वामी बनता जाता है। जहां से गलत रास्ते की शुरुआत होती है। महाशिवरात्रि पूर्णता का दिन है। अर्धनारीश्वर बनने का दिवस, दुनिया को सबसे सफल प्रेम का साक्षात्कार कराने का दिन है। शिव-पार्वती जैसे आशीर्वाद का दिन है, यह निर्माण और विस्तार का दिन है।

**-फेसबुक वॉल से**

# स्वास्थ्य क्षेत्र में पुरुषों के मुकाबले महिलाओं की स्थिति सोचनीय



डा. श्रीधर द्विवेदी
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली

यद्यपि ये बातें अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन ने वर्ष 2022 में अपने नागरिकों के संदर्भ में प्रकाशित-सुप्रचारित की हैं, परंतु वास्तविकता में ये निर्देश समस्त विश्व के लिए खरे उतरते हैं।

प्रति वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के माध्यम से हम नारी समाज के उत्थान के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सामूहिक विमर्श करते हैं, ठोस प्रयास और भविष्य की योजनाएं बनाते हैं। इस संपूर्ण विमर्श में महिलाओं के स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में विशेष चर्चा होती है। विगत दस वर्षों में महिलाओं की दशा में अभूतपूर्व सुधार हुआ है और अब किशोरियों, युवतियों और नारियों का योगदान निरंतर उत्कृष्टता की तरफ अग्रसर है। इन महत्वपूर्ण उपलब्धियों के बावजूद शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्रों अपेक्षित सुधारों की नितांत आवश्यकता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में महिलाओं की स्थिति पुरुषों की अपेक्षा अधिक सोचनीय है। सर्वप्रथम हम भारतीय महिलाओं (इसमें किशोरियां भी सम्मिलित है) में पाई जाने वाली कुछ प्रमुख स्वास्थ्य समस्याओं का उल्लेख कर लें : मोटापा, डायबिटीज, उच्चरक्तचाप (हाइपरटेंशन), हृदयाघात (हार्टअटैक), रुमैटिक हृदय रोग, विविध कैंसर-स्तन, योनि, गर्भाशय, घुटनों की कमजोरी और थायरॉयड की अक्षमता।

अच्छी सेहत के लिए महिलाओं की जीवनशैली में निम्न सुधार आवश्यक हैं। प्रतिदिन आधे घंटे सैर-व्यायाम, योग-ध्यान, मोटापा स्त्रियों के लिए बहुत दुखदायी होता है। अनेक स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म देता है। जैसे यकृत में चिकनाई की मोटी परत का जमना (नैश), ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल की अधिकता, हृदयाघात, पक्षाघात, सांस की समस्या, खर्राटा मारना, घुटनों में सूजन, नाभि की हर्निया आदि अनेक व्याधियां। इसलिए चिकित्सक अक्सर कहते हैं-मोटापा दिल के लिए समस्या। अपने कोलेस्ट्रॉल स्तर का ज्ञान-कोलेस्ट्रॉल 150 से कम होना जरूरी है। 'अधिक कोलेस्ट्रॉल दिल के लिए काल'। न तम्बाकू न धूम्रपान, यदि महिलाएं धूम्रपान या तंबाकू मिश्रित पदार्थ का सेवन करती हैं तो प्रकृति प्रदत्त हृदय रोगों से सुरक्षा का कवच उनसे छिन जाता है। ऐसी महिलाओं को कम उम्र में दिल का दौरा पड़ता देखा गया है।

अब यह बात निर्विवाद रूप से सिद्ध हो गई है कि शाकाहार सर्वश्रेष्ठ भोजन है। 'शाकाहार सर्वोत्तम आहार'। इसके विपरीति 'मांसाहार अनेक दोष, हृदय कैंसर जैव कुदोष। मांसाहार विशेषतः लाल मांस खाने से दिल के दौरे की संभावना, बड़ी आंत का कैंसर तथा जैव विविधता (बायोडाइवर्सिटी) पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अब इस बात की साधिकारिक पुष्टि विश्व स्वास्थ्य संगठन, विकृति विज्ञानी और सिंगापुर विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए शोध से प्रमाणित हो गई है। स्वास्थ्य की दृष्टि से शाकाहार सर्वोत्तम आहार है। अपने रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) को सुचाप अर्थात् सामान्य श्रेणी में रखना चाहिए। सामान्य ब्लड प्रेशर 120/80 माना जाता है। उच्च रक्तचाप अचानक मृत्यु, हृदयाघात, पक्षाघात, नेत्राघात, गुर्दे पर चोट, यकृत आघात का कारण बन सकता है। अधिक रक्त शर्करा डायबिटीज का द्योतक होती है और अनेक प्रकार के रोगों की जननी कही गई है। इसीलिए चिकित्सक अक्सर कहते हैं-'अधिक शक्कर दिल के लिए आफत'। अधिक शुगर का मतलब अधिक इंफेक्शन। महिलाओं में डायबिटीज के चलते पेशाब और योनि मार्ग में अक्सर संक्रमण और सूजन। यद्यपि ये बातें अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन ने वर्ष 2022 में अपने नागरिकों के संदर्भ में प्रकाशित-सुप्रचारित की हैं, परंतु वास्तविकता में ये निर्देश समस्त विश्व के लिए खरे उतरते हैं।

वर्ष 2024 में उपर्युक्त दिशा-निर्देशों से मिलते-जुलते एक और शोध अध्ययन अमेरिकन जर्नल ऑफ न्यूट्रीशन प्रकाशित हुआ है जिसके अनुसार 40 वर्ष के बाद नियमित शारीरिक व्यायाम, धूम्रपान निषेध, शाकाहार, शराब से परहेज, 7-8 घंटे की अच्छी नींद और बात-व्यवहार में सकारात्मकता व्यक्ति की मृत्यु दर में कमी तथा आयु में वृद्धि और सुस्वास्थ्य को जन्म देती है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इन्हीं को हमारे प्राचीन ग्रंथ श्रीमद्भगवद्गीता में स्वयं योगेश्वर कृष्ण कहते हैंः युक्ताहार विहारस्य युक्त चेष्टस्य कर्मसु। युक्तस्वप्नावबोधस्य योगो भवति दुःखह।। अर्थात हम उपयुक्त भोजन (शाकाहार), समुचित व्यायाम, सम्यक कर्तव्य पालन, समय से सोने और समय पर जगकर हम रोगमुक्त रह सकते हैं। सभी प्रकार के दुखों से दूर रह सकते हैं। यही योग है। इन पंक्तियों के लेखक के पास अपने लंबे चिकित्सकीय अनुभव में ऐसे दर्जनों प्रसंग हैं, जहां लोगों ने शाकाहार, योग और सकारात्मक/आध्यात्मिक जीवन शैली के बल पर लंबी आयु पाई और लंबी बीमारियों से अपेक्षाकृत रूप से बचे रहें।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हम संपूर्ण मातृशक्ति और तरुणी-बालाओं से आग्रह करते हैं कि वे प्रतिदिन अपने स्वास्थ्य के लिए कम से कम आधा घंटा अवश्य निकालें। योग-व्यायाम करें, परम सत्ता का ध्यान करें, खान-पान, बात-व्यवहार में सात्विकता-सकारात्मकता बनाएं रखें जिससे शरीर रूपी हमारा मंदिर साफ सुथरा, स्वस्थ-निरामय बना रहे। आखिर तंदरुस्ती ठीक रहेगी तभी तो हम धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष को प्राप्त कर सकेंगे।

# शिव बरात के दौरान करंट लगने से 14 बच्चे झुलसे

**कोटा/जयपुर, एजेंसी**

- कोटा में महाशिवरात्रि के अवसर पर हुआ हादसा

राजस्थान के कोटा में महाशिवरात्रि के मौके पर शुक्रवार को शिव बारात में भाग लेने वाले 14 बच्चे बिजली के तार की चपेट में आने से झुलस गए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे के घायलों को हर संभव चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने हेतु प्रशासन को उचित निर्देश दिए हैं।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कुन्हाड़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत सगतपुरा इलाके में 10 से 16 साल की उम्र के बच्चे कम ऊंचाई वाले 'हाई टेंशन' तार की चपेट में आ गए। उन्होंने बताया कि एक बच्चा 100 फीसदी तक झुलस गया जबकि दूसरा बच्चा करंट लगने से 50 फीसदी तक झुलस गया। सभी घायलों को कोटा के एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोटा की पुलिस अधीक्षक अमृता दुहान ने बताया कि घटना शुक्रवार को पूर्वाह्न करीब साढ़े 11 बजे से 12 बजे के बीच उस समय हुई, जब शिव बारात कालीबस्ती से गुजर रही थी। उन्होंने बताया कि इसी दौरान यात्रा में शामिल एक लड़का, जिसने 22 फुट ऊंचा डंडा पकड़ा हुआ था, ऊपर से गुजर रहे 'हाई-टेंशन' तार के संपर्क में आ गया।

# अब जनता को बरगला रहा है मुद्दाविहीन विपक्ष : धामी

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**



काठगोदाम में आयोजित लाभार्थी सम्मेलन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट व विधायकगण एक साथ हाथ उठाकर जनता का अभिवादन स्वीकार करते हुए ● अमृत विचार

- अजय भट्ट को जिताकर संसद भेजें और नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार बनाएं देश का प्रधानमंत्री : मुख्यमंत्री

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को काठगोदाम में आयोजित लाभार्थी सम्मेलन में नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने और अजय भट्ट को जिताने के आह्वान के साथ ही चुनावी बिगुल फूंक दिया है। इस अवसर पर उन्होंने जनपद नैनीताल में 8,931.59 लाख की 86 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं 51,021.50 लाख की 70 विकास योजनाओं का शिलान्यास भी किया।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि हम विकल्प रहित संकल्प को लेकर चल रहे हैं। जो भी चुनौतियां आएंगी उन्हें पार करते हुए इस संकल्प को हासिल करेंगे। हल्द्वानी से समूचे देश व प्रदेश में संदेश जाता है। यहां मातृशक्ति, युवाओं, पूर्व सैनिकों, कार्यकर्ताओं में जो उत्साह है इससे स्पष्ट है कि अजय भट्ट को यहां से रिकॉर्ड मतों से जिताकर संसद भेजेंगे। उन्होंने कहा कि उनका सौभाग्य है कि मां शीतला देवी व जिया रानी की कृपा से यह काम वह कर रहे हैं। जिस तरह प्रदेश से गंगा निकलती है, उसी तरह से समान अधिकार-समान कानूनों की गंगा समान नागरिक संहिता निकली है।

उन्होंने कहा कि देवभूमि का मूल स्वरूप नहीं बिगड़ने दिया जाएगा इसलिए धर्मांतरण कानून बनाया गया। विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार सिर्फ निर्णय नहीं ले रही बल्कि उन्हे धरातल पर उतार रही है। विपक्ष भी कोई खराबी नहीं निकल पाता है, विपक्ष मुद्दाविहीन है इसलिए अब जनता को बरगला रहा है। हम कहते हैं कि जनकल्याण में राजनीति नहीं करनी चाहिए, जब वोट मांगने जाएं तो राजनीति कर लेना।

सीएम ने कहा कि रानीबाग एचएमटी फैक्ट्री की जमीन मिल गई है, यहां विकास के लिए मास्टर प्लान बनाया जा रहा है। अंत में उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के 10 लाभार्थियों, लखपति दीदी योजना के अंतर्गत 10 स्वयंसेवी संस्थाओं को 4 करोड़ 6 लाख 50 हजार, सीएम अल्पसंख्यक मेधावी बालिका प्रोत्साहन योजना में जिले की 40 बालिकाओं को 10-10 हजार के चेक दिए। इसके अलावा 7 दिव्यांगों को मोटराइज्ड ट्राय साइकिल, 10 दिव्यांगों को व्हील चेयर दी। 25 प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया।

बनभूलपुरा घटना में पत्रकारों के दोपहिया वाहन क्षतिग्रस्त होने पर मुख्यमंत्री विवेकाधीन राहत कोष से 10 लाख का चेक सूचना विभाग को दिया। इस दौरान केंद्रीय रक्षाराज्य मंत्री अजय भट्ट, कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत, रामनगर विधायक दीवान बिष्ट, भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा, लालकुआं विधायक मोहन सिंह बिष्ट, नैनीताल विधायक सरिता आर्य, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, निवर्तमान मेयर जोगेंद्र रौतेला आदि मौजूद रहे।

## न्याय यात्रा का 17 को होगा समापन

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की अगुवाई में निकाली जा रही 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का 17 मार्च को मुंबई में समापन होगा और इस मौके पर आयोजित होने वाली रैली में विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के सभी घटक दलों के नेताओं को आमंत्रित किया गया है।

कांग्रेस के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि 17 मार्च की शाम मुंबई में एक विशाल रैली होगी। 17 मार्च को ही यात्रा का समापन होगा। 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों के नेताओं को रैली के लिए आमंत्रित किया गया है।

# देश में नहीं बचा कोई स्टार्टअप : राहुल गांधी

**दाहोद (गुजरात), एजेंसी**


गुजरात के दाहोद में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी का स्वागत करती कांग्रेस की महिला समर्थक।

- भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर गुजरात पहुंचे कांग्रेस नेता

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को दावा किया कि देश में कोई स्टार्टअप नहीं बचा है और जो अस्तित्व में हैं वे भी विदेशी कंपनियों के नियंत्रण में हैं।

अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान गोधरा रेलवे स्टेशन के सामने एक मुस्लिम बहुल इलाके में जनसभा को संबोधित करते हुए, राहुल गांधी ने नरेन्द्र मोदी सरकार की 'स्टार्टअप इंडिया' पहल की आलोचना की और कांग्रेस के सत्ता में आने पर इस क्षेत्र को वित्त पोषित करने के लिए 5,000 करोड़ रुपये निर्धारित करने का वादा किया।

कांग्रेस नेता ने कहा, 'क्या आपने कोई स्टार्टअप देखा है? क्या अब कहीं स्टार्टअप दिखते हैं? एक भी (स्टार्टअप) अस्तित्व में नहीं है। और जो अस्तित्व में हैं वे विदेशी कंपनियों के नियंत्रण में हैं। हम 5000 करोड़ रुपये का कोष बनाएंगे ताकि गरीब किसानों और मजदूरों के बेटे अपने स्टार्टअप शुरू कर सकें।' उन्होंने कहा कि 30 लाख सरकारी पद खाली हैं और सत्ता में आने पर कांग्रेस उन्हें भरेगी। गांधी ने दावा किया कि केंद्र ने बड़े कॉरपोरेट घरानों के 16 लाख करोड़ रुपये के ऋण माफ कर दिए हैं, लेकिन किसानों, छात्रों और मजदूरों को ऐसी ही राहत देने के लिए तैयार नहीं है। इससे पहले दिन में, राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के गुजरात चरण के दूसरे दिन दाहोद शहर से अपनी यात्रा फिर से शुरू की और यह यात्रा पड़ोसी पंचमहल जिले में गोधरा पहुंची। राहुल गांधी की यात्रा ने बृहस्पतिवार को राजस्थान से गुजरात में प्रवेश किया था। दाहोद जिले के झालोड शहर में लोगों को संबोधित करने के बाद उन्होंने इलाके के एक गांव में रात्रि विश्राम किया था। उन्होंने शुक्रवार सुबह झालोड के समीप कम्बोई धाम में आदिवासियों के पूज्य गुरु गोविंद गुरु के दर्शन किए। बाद में जब यात्रा शुक्रवार सुबह दाहोद शहर से फिर शुरू हुई तो रास्ते में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय नेताओं ने राहुल का स्वागत किया। एक चौराहे पर आदिवासी भी एकत्रित हुए और उन्होंने अपने पारंपरिक नृत्य से राहुल गांधी का स्वागत किया। राहुल एक खुले वाहन में बैठे थे और उन्होंने हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया।

# मणिपुर में अपहृत जेसीओ को सेना ने मुक्त कराया

**इंफाल, एजेंसी**

- थोउबल जिला स्थित आवास से उठा ले गए थे असामाजिक तत्व

भारतीय सेना के जिस अधिकारी का मणिपुर के थोउबल जिला स्थित उनके आवास से असामाजिक तत्वों ने शुक्रवार सुबह अपहरण कर लिया, उन्हें शाम में सुरक्षा बलों ने मुक्त करा लिया। सूत्रों ने बताया कि 'जूनियर कमीशंड ऑफिसर' (जेसीओ) की पहचान चरांगपट ममांग लेइकई निवासी कोनसाम खेड़ा सिंह के रूप में हुई है। वह अभी थोउबल जिले के वाइकहोंग पुलिस थाने में हैं। पुलिस घटना की जांच कर रही है। सूत्रों ने बताया कि जेसीओ को मुक्त कराने के लिए सभी सुरक्षा एजेंसियों ने एक समन्वित तलाश अभियान शुरू किया, जिसके चलते आखिरकार शाम साढ़े छह बजे उन्हें सुरक्षित रूप से मुक्त कराया जा सका। सिंह अभी अवकाश पर हैं। पूर्वाह्न नौ बजे उनका अपहरण कर लिया गया था। अधिकारियों ने बताया कि शुरुआती रिपोर्ट के अनुसार यह फिरौती का मामला लगता है क्योंकि उनके परिवार को पूर्व में भी इस तरह की धमकियां मिली थीं। अपहरण के कारण का अभी पता नहीं चल सका है। मणिपुर में संघर्ष शुरू होने के बाद से यह चौथी घटना है।

# निर्वाचन आयोग ने की सुरक्षा की समीक्षा

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

- लोकसभा के साथ कई राज्यों में विधानसभा चुनाव कराने पर किया मंथन

निर्वाचन आयोग ने आगामी लोकसभा चुनाव से पहले देश भर में सुरक्षाकर्मियों की तैनाती और उनकी आवाजाही के विषय पर गृह मंत्रालय और रेल मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठकें की। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

समझा जाता है कि निर्वाचन आयोग के शीर्ष अधिकारियों ने गृह मंत्रालय के अधिकारियों से आंध्र प्रदेश, ओडिशा, सिक्किम और अरूणाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव के साथ ही जम्मू कश्मीर में भी विधानसभा चुनाव कराने की संभावना पर चर्चा की। उच्चतम न्यायालय ने पिछले दिसंबर में निर्वाचन आयोग को 30 सितंबर तक जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने का निर्देश दिया था। लेकिन इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है कि क्या जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव, लोकसभा चुनाव के साथ कराये जा सकते हैं जिसके अप्रैल-मई में होने की संभावना है। आंध्र प्रदेश, ओडिशा, अरूणाचल प्रदेश और सिक्किम की विधानसभाओं का कार्यकाल जून में अलग-अलग तारीखों पर समाप्त हो रहा है तथा वहां विधानसभा चुनाव लोकसभा चुनाव के साथ कराये जायेंगे। समझा जाता है कि बैठकों के दौरान शीर्ष निर्वाचन अधिकारियों ने चुनाव ड्यूटी की खातिर केंद्रीय बलों की समय से आवाजाही की आवश्यकता पर बल दिया है। यह भी पता चला है कि आयोग ने ट्रेन की अच्छी व्यवस्था पर भी बल दिया है जिनका इस्तेमाल सुरक्षाकर्मियों की आवाजाही के लिए किया जाएगा। उसने ऐसी ट्रेन में भोजन की सुविधा के लिए भी जोर दिया है।

निर्वाचन आयोग का प्रतिनिधित्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार और निर्वाचन आयुक्त अरूण गोयल एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने किया। यह बैठक ऐसी समय हुई है जब कुछ दिन बाद आयोग के लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा करने की संभावना है।

# सड़क दुर्घटना में कार सवार चार लोगों की मौत

**बुलंदशहर, एजेंसी**

- बुलंदशहर के खुर्जा में खड़े ट्रक चेचिस से टकरा गई कार

**जिले** के खुर्जा नगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को बुलंदशहर-अलीगढ़ राजमार्ग पर एक कार सड़क किनारे खड़े ट्रक के चेचिस से टकरा गयी जिससे एक बच्ची और दो महिलाओं समेत चार लोगों की मौत हो गयी और तीन अन्य लोग घायल हो गये।

खुर्जा के पुलिस क्षेत्राधिकारी वरुण कुमार सिंह ने बताया कि थाना खुर्जा नगर के बरोली मोड़ के पास एक ट्रक के चेचिस को सड़क किनारे खड़ा करके चालक दुकान पर चाय पी रहा था, इस बीच सात लोगों को लेकर जा रही एक वैगनआर कार ट्रक के चेचिस से टकरा गयी। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गयी व तीन अन्य घायल हो गये। सीओ ने बताया कि घायल व्यक्तियों का कैलाश अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। मृतकों की पहचान चन्द्रकली (70), तोताराम (58), बबीता (55) और एक बच्ची पीकू (पांच) के रूप में हुई है। सिंह ने बताया कि मामले में आवश्यक कार्रवाई पुलिस द्वारा की जा रही है और सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है।

# थाने में सिपाही ने सर्विस राइफल से गोली मारकर की आत्महत्या

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- दोपहर को इंस्पेक्टर के साथ ड्यूटी से लौटे थे, शाम को आवास में मिले खून से लथपथ
- अधिकारियों ने आत्महत्या के पीछे जताया पारिवारिक कारणों का अंदेशा

**अमृत विचार :** थाना सिरौली में तैनात 25 वर्षीय सिपाही अरुण कुमार यादव ने शुक्रवार शाम सर्विस राइफल से गोली मारकर आत्महत्या ली। आत्महत्या करने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ है। अफसरों का मानना है कि आत्महत्या के पीछे पारिवारिक कारण हो सकते हैं। अरुण की एक साल पहले ही शादी हुई थी।

धनौरा (अमरोहा) के गांव फौलादपुर के रहने वाले अरुण 2018 में ही भर्ती हुए थे। थाना सिरौली में वह साल भर से तैनात थे। कई दिनों से उनकी ड्यूटी इंस्पेक्टर लवकुमार के हमराह के तौर पर लगी हुई थी। शुक्रवार दोपहर वह गुलड़िया के गौरीशंकर मंदिर से ड्यूटी के बाद लौटे थे और आराम करने के लिए सरकारी क्वार्टर पर चले गए। शाम छह बजे इंस्पेक्टर ने गश्त पर जाने के लिए उन्हें बुलाने सिपाही देवल को भेजा।

क्वार्टर के बाहर से आवाज देने पर भी कोई जवाब नहीं मिला तो देवल ने अरुण के फोन पर कॉल की लेकिन कॉल भी रिसीव नहीं हुई। शक होने पर पुलिस वालों ने इकट्ठे होकर दरवाजा तोड़ा। अंदर अरुण खून से लथपथ पड़े थे, पास में ही इंसास राइफल पड़ी थी। टोढ़ी में मारी गई गोली सिर से बाहर निकल गई थी। इंस्पेक्टर लव कुमार ने अरुण को फौरन थाने की गाड़ी से अस्पताल भिजवाया लेकिन अरुण दम तोड़ चुके थे। देर शाम एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान, एसपी देहात मानुष पारीक, सीओ आंवला ने पहुंचकर पूछताछ की। एसपी देहात ने आत्महत्या के पीछे पारिवारिक कारण होने की आशंका जताई है।

# विक्रमादित्य वैदिक घड़ी ऐप पर साइबर अटैक

**उज्जैन, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश के उज्जैन में स्थापित जिस विक्रमादित्य वैदिक घड़ी का वर्चुअल लोकार्पण किया था, उस पर साइबर अटैक हुआ है। दरअसल महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ, संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा शुक्रवार को इस घड़ी का फ्री मोबाइल ऐप जारी किया जाना था।




इस वैदिक घड़ी को निर्मित करने वाले आरोह श्रीवास्तव का कहना है कि इस हमले को तकनीकी भाषा में डीडीओएस अटैक कहा जाता है, जिससे विक्रमादित्य वैदिक घड़ी के सर्वर की प्रोसेस धीमी हो रही है और आम लोग इसका उपयोग नहीं कर पा रहे है। आरोह ने इस अटैक की साइबर पुलिस में शिकायत दर्ज करने के लिए संस्थान प्रमुख से कहा है। आरोह के अनुसार इंटरनेट और जीपीएस से जुड़ी होने के कारण दुनिया में कहीं भी इसका उपयोग किया जा सकता है। यह दुनिया की पहली ऐसी डिजिटल वैदिक घड़ी है जो इंडियन स्टैंडर्ड टाइम भारतीय पंचांग और मुहूर्त की जानकारी देती है।

## भोले की भक्ति में लीन


देहरादून में महा शिवरात्रि उत्सव के अवसर पर आयोजित एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से समारोह में पहुंचे लोगों का मन मोह लिया। चहुंओर बम-बम भोले के जयकारे गूंज उठे। ● एजेंसी

# नौकरी पर वापस जाना चाहता हूं : साईबाबा

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

माओवादियों से कथित संबंध के मामले में बंबई उच्च न्यायालय द्वारा बरी किये गये दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के पूर्व प्रोफेसर जी. एन. साईबाबा ने शुक्रवार को मांग की कि विश्वविद्यालय द्वारा उन्हें नौकरी पर बहाल किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि नौकरी के मामले में उनकी क्षतिपूर्ति भी की जाये। डॉ जीएन साईबाबा की रिहाई के लिए शिक्षाविदों, वकीलों और वामपंथी राजनीतिज्ञों की समिति ने उनकी बहाली और उन सभी छह लोगों के लिए क्षतिपूर्ति की मांग की, जिन्हें अदालत के फैसले के बाद नागपुर केंद्रीय कारागार से रिहा कर दिया गया था। यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए 58 वर्षीय साईबाबा ने कहा कि वह शिक्षण कार्य किये बगैर नहीं रह सकते और प्रोफेसर के रूप में अपनी नौकरी फिर से शुरू करना चाहते हैं। इस मामले में फंसने के बाद साईबाबा को 2021 में डीयू के राम लाल आनंद कॉलेज से नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि सात साल जेल में बिताने के बाद अब उन्हें ऐसा लगता है, जैसे वह जेल की कोठरी में हैं। अदालत ने साईबाबा को मंगलवार को बरी किया था।

## महिला दिवस पर महिला किसानों ने संभाला मोर्चा

**चंडीगढ़ :** पंजाब-हरियाणा सीमा पर शंभू और खनौरी में जारी किसानों के प्रदर्शन स्थलों पर शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर महिला किसानों ने मंच संभाला। महिला किसानों ने कहा कि जब तक केंद्र सरकार किसानों की मांगें नहीं मान लेती तब तक आंदोलन जारी रहेगा। किसान आंदोलन का नेतृत्व कर रहे किसानों में से एक, वरिष्ठ किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने पूर्व में कहा था कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला किसान मंच संभालेंगी। उन्होंने कहा कि हमारा विषय होगा इस मोर्चे को जीतने में ग्रामीण महिलाओं की क्या भूमिका होनी चाहिए।

## देश को विश्वगुरु बनाने के लिए सामाजिक समरसता जरूरी

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने शुक्रवार को देश में सामाजिक सद्भाव की वकालत की और कहा कि भारत को 'विश्वगुरु' बनाने के लिए यह आवश्यक है। हिंदी में लिखी गई पुस्तक 'भारतीय मुसलमानः एकता का आधार' के विमोचन के लिए यहां आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आरएसएस संपर्क प्रमुख राम लाल ने कहा कि अतीत में समाज में हिंदुओं और मुसलमानों के बीच भ्रम और झगड़ा पैदा करने का प्रयास किया गया था, लेकिन अब एक अच्छा माहौल बन रहा है। हमें भारत को विश्वगुरु बनाना है।

# अगले 10 वर्षों में रक्षा क्षेत्र में बड़ा निवेश करेगा आडाणी समूह

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भरता हासिल करने के सरकार के प्रयास के अनुरूप अडाणी समूह अगले 10 वर्षों में रक्षा क्षेत्र में बड़ा निवेश करने जा रहा है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) आशीष राजवंशी ने बताया कि कंपनी 'मेक इन इंडिया' की दिशा में सरकार के प्रयासों का पूरक है। उन्होंने कहा कि वांछित लक्ष्य को साकार करने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने गुरुवार को एक समाचार चैनल के डिफेंस समिट में कहा कि हम अगले 10 साल में रक्षा क्षेत्र में बड़ा निवेश करने जा रहे हैं। हालांकि, राजवंशी ने निवेश के बारे में विस्तार से नहीं बताया। एक बड़े कदम में, अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने पिछले महीने गोला-बारूद और मिसाइलों के निर्माण के लिए दो बड़े केंद्रों का उद्घाटन किया।

कंपनी के अनुसार, 500 एकड़ में स्थित कानपुर का केंद्र सबसे बड़े एकीकृत गोला-बारूद विनिर्माण परिसरों में से एक बनने के लिए तैयार है। यह सशस्त्र बलों, अर्द्धसैन्य बलों और पुलिस के लिए उच्च गुणवत्ता वाले छोटे, मध्यम और बड़े स्तर के गोला-बारूद का उत्पादन करेगा।



- कानपुर में सबसे बड़ा एकीकृत गोला-बारूद विनिर्माण केंद्र में जल्द शुरू होगा उत्पादन

उन्होंने कहा कि भारत लंबे समय से रक्षा आयात पर निर्भर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत पर जोर दिया है। भारत वर्तमान में दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। पिछले पांच वर्षों में स्थिति बदल गई है। राजवंशी ने घरेलू रक्षा उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए पिछले कुछ वर्षों में सरकार द्वारा शुरू किए गए विभिन्न सुधार उपायों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में भारत को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उठाए गए कदमों के अच्छे परिणाम मिल रहे हैं।

उन्होंने विशेष रूप से निजी रक्षा उद्योगों को जगह प्रदान करने के लिए नीतिगत पहल के साथ-साथ स्टार्टअप, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को प्रोत्साहित करने के प्रयासों का हवाला दिया। राजवंशी ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में स्वदेशीकरण को बढ़ावा देने के लिए नीतियों में बड़ा बदलाव आया है। हम अपने उद्योग को कैसे बढ़ावा दे सकते हैं-इस दिशा में अब हर कोई काम कर रहा है। सम्मेलन में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के अध्यक्ष समीर वी कामत ने कहा कि उनका संगठन निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के बीच अंतर नहीं करता है। उन्होंने कहा कि हम सभी को समान अवसर देते हैं। हमारी प्रौद्योगिकियां सभी के लिए हैं। अब तक हमने निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के साथ 1700 टीओटी (प्रौद्योगिकी हस्तांतरण) किए हैं। हमारे पेटेंट दोनों क्षेत्रों के लिए हैं। उन्होंने कहा कि आज निजी उद्योग रक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। हम अब इस क्षेत्र में स्टार्टअप पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हम छोटी कंपनियों को भी बढ़ावा देने पर काम कर रहे हैं।

# इजराइल में मारे गए भारतीय का शव केरल लाया गया

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**

इजराइल में मिसाइल हमले में मारे गए भारतीय नागरिक पी. मैक्सवेल का शव शुक्रवार शाम को एअर इंडिया की उड़ान से दिल्ली से केरल लाया गया। विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन और भारत में इजराइली महावाणिज्यदूत टैमी बेन-हैम शव को प्राप्त करने के लिए तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे पर मौजूद थे।

शव को तिरुवनंतपुरम से सड़क मार्ग द्वारा उनके गृहनगर कोल्लम ले जाया गया। इस दौरान मैक्सवेल के भाई और अन्य रिश्तेदार साथ थे। परिजनों के मुताबिक मैक्सवेल का



अंतिम संस्कार कोल्लम में शनिवार को शाम चार बजे किया जाएगा। मुरलीधरन ने कहा कि हम भारत सरकार के साथ सहयोग करने और मैक्सवेल का शव बिना किसी देरी के भारत लाने की पहल के लिए इजराइली सरकार को धन्यवाद देते हैं। उन्होंने कहा कि मैक्सवेल के परिवार को मुआवजा देने के लिए कागजी कार्रवाई चल रही है।

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 1010 फ्लैग 1110 डीएमओ 885 बोल्ड 1150, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 1005 फ्लैग 1115 बोल्ड 1145 डीएमओ 900।

### लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)–** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360–2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500–3800 |
| बाजरा | 2200–2300 |
| मक्का | 2700–2800 |
| जौ | 2900–3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800–3100 |
| चावल बासमती | 7000–8000 |
| चावल मोटा | 2800–3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200–3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800–5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600–8600 |
| चावल राजरानी | 7000–7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800–7000 |
| चना फार्मी | 7200–7500 |
| चना काबली | 14500–17000 |
| मटर हरा | 6000–6200 |
| मटर सफेद | 6100–6500 |
| दाल चना | 8000–8400 |
| दाल मटर | 6400–6500 |
| उड़द हरा | 12000–12500 |
| उड़द काला | 9000–9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500–16000 |
| दाल उड़द काली | 10500–11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000–12500 |
| मूंग खड़ा | 10000–10500 |
| मूंग दाल | 10500–11000 |
| मूंग धोवा | 12000–13000 |
| मसूर | 8800–9000 |
| मलका | 9000–9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000–17000 |
| दाल स्पेशल | 13000–14000 |
| राज्मा सफेद | 13000–14000 |
| राज्मा काला | 11500–12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000–12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310–5510 |
| लाही | 4800–5200 |
| काली सरसों | 4900–5300 |
| पीली सरसों | 5600–5800 रुपये। |

# डीपफेक पर कानूनी प्रावधान चुनाव के बाद

## सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव बोले-हमारे भविष्य को कर सकती है प्रभावित

**नई दिल्ली, एजेंसी**



केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि सरकार ने डिजिटल मंचों से समाज और लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने वाली भ्रामक सूचनाओं पर लगाम लगाने के लिए तकनीकी एवं व्यावसायिक प्रक्रिया समाधान मुहैया कराने को कहा है। वैष्णव ने कहा कि लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद डीपफेक और गलत सूचना के खिलाफ एक सुविचारित कानूनी ढांचे को अंतिम रूप दिया जाएगा।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का इस्तेमाल कर किसी व्यक्ति को वीडियो में गलत ढंग से पेश करने को डीपफेक कहा जाता है। भारत में चुनाव का मौसम नजदीक आने के साथ डिजिटल मंचों ने चुनावी सत्यनिष्ठा सुनिश्चित करने की कोशिशें बढ़ा दी हैं। इस दौरान सरकार ने भी सलाह और संदेशों के माध्यम से सोशल मीडिया एवं अन्य मंचों पर प्रसारित होने वाले डीपफेक और गलत सूचनाओं के प्रति अपने कठोर रुख को दर्शाया है। वैष्णव ने पिछले दिनों बातचीत में इस मसले पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा- हमारे जैसे जीवंत और विविधतापूर्ण लोकतंत्र में गलत सूचना वास्तव में बहुत हानिकारक हो सकती है। भ्रामक सूचना समाज, लोकतंत्र, चुनावी प्रक्रिया के लिए हानिकारक हो सकती है और यह हमारे भविष्य एवं समाज के सद्भाव को बड़े पैमाने पर प्रभावित कर सकती है। उन्होंने कहा कि हम डिजिटल मंचों के साथ चर्चा के दौरान बहुत स्पष्ट रहे हैं।

### एफटीए पर घरेलू उद्योग के दीर्घकालिक लाभों पर सरकार का ध्यान: पीयूष गोयल



वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि मोदी सरकार मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर बातचीत करते हुए हमेशा घरेलू उद्योगों के आनुपातिक और दीर्घकालिक लाभों को ध्यान में रखती है। इसके साथ ही गोयल ने कहा कि वे दिन चले गए जब भारत दुनिया की शर्तों को स्वीकार करता था। गोयल ने साक्षात्कार में कहा–हम यह सुनिश्चित करने के लिए भविष्य पर नजर रखते हैं कि भविष्य में भी एफटीए का प्रभाव सकारात्मक होगा। हमारा ध्यान संतुलित, निष्पक्ष और न्यायसंगत एफटीए पर होता है। उन्होंने कहा–हमारी तरफ से पेश किए जा रहे बड़े भारतीय अवसर को देखा जा सकता है। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हमें (इन समझौतों से) देश के लिए आनुपातिक लाभ मिले।

### सहकारिता मंत्री शाह ने सहकारिता क्षेत्र पर डाटाबेस शुरू किया

**नई दिल्ली।** सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को राष्ट्रीय सहकारिता क्षेत्र से जुड़ी जानकारी को लेकर आंकड़ों की सूची (डाटाबेस) जारी की। यह कदम सहकारी क्षेत्र की दक्षता और प्रभावशीलता में योगदान देगा। शाह ने 'डाटाबेस' शुरू करते हुए कहा कि इससे सहकारी क्षेत्र के विस्तार को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। मंत्री ने कहा कि 'डाटाबेस' को विकसित करने में लगभग दो साल लग गए और अब कोई भी कंप्यूटर पर माउस के एक क्लिक के साथ सहकारी क्षेत्र के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि 'डाटाबेस' की पेशकश, सहकारी क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगा। राष्ट्रीय सहकारी 'डाटाबेस' एक वेब-आधारित डिजिटल डैशबोर्ड है जिसमें राष्ट्रीय एवं राज्य संघों सहित सहकारी समितियों के आंकड़ों को शामिल किया गया है।

## शाकाहारी थाली फरवरी में महंगी पर मांसाहारी की लागत हुई कम

**मुंबई, एजेंसी**

प्याज और टमाटर के दाम बढ़ने से शाकाहारी थाली फरवरी महीने में सात प्रतिशत महंगी हो गई जबकि चिकेन सस्ता होने से मांसाहरी थाली नौ प्रतिशत तक सस्ती हुई।

क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिसिस ने 'रोटी चावल कीमत' पर शुक्रवार को जारी अपनी मासिक रिपोर्ट में कहा कि फरवरी में पोल्ट्री की कीमतों में गिरावट के कारण मांसाहारी थाली नौ प्रतिशत तक सस्ती हो गई है। शाकाहारी थाली की कीमत फरवरी में बढ़कर 27.5 रुपये हो गई जो एक साल पहले की समान अवधि में 25.6 रुपये थी। इस थाली में रोटी, सब्जी (प्याज, टमाटर और आलू), चावल, दाल, दही और सलाद शामिल हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक-प्याज और टमाटर की कीमतों में सालाना आधार पर



क्रमशः 29 प्रतिशत और 38 प्रतिशत की वृद्धि के कारण शाकाहारी थाली की लागत बढ़ी है। इसके अलावा चावल और दाल भी महंगी हुई हैं। हालांकि जनवरी की तुलना में पिछले महीने की शाकाहारी थाली सस्ती है। मांसाहारी थाली के मामले में कीमत एक साल पहले की अवधि में 59.2 रुपये की तुलना में घटकर 54 रुपये हो गई। हालांकि जनवरी के 52 रुपये की तुलना में अधिक है। इस थाली में शाकाहारी थाली वाली दाल की जगह चिकन ने ले ली है। ब्रॉयलर मुर्गे की कीमतों में 20% की गिरावट आई।

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 74,900 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 66,950 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 49,8000–50,000 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 65,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 64,500 |
| चांदी पक्की | 736 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 65,150 |
| चांदी आभूषण | 73,900। |

## पड़ोसी देश के नेपाली व्यापारियों को यूपीआई के जरिए कीजिए भुगतान

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने शुक्रवार को कहा कि यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) अब पड़ोसी देश नेपाल में भी उपलब्ध है।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि यूपीआई उपयोगकर्ता नेपाली व्यापारियों को क्यूआर कोड स्कैन करके भुगतान कर सकते हैं। पिछले साल सितंबर में एनपीसीआई अंतरराष्ट्रीय भुगतान (एनआईपीएल) और नेपाल के सबसे बड़े भुगतान नेटवर्क फोनेपे पेमेंट सर्विस के बीच एक समझौता हुआ था। इसके तहत ही पड़ोसी देश में यूपीआई से भुगतान शुरू हुआ है। कहा गया कि अपने पहले चरण में भारतीय उपभोक्ता यूपीआई-सक्षम ऐप का इस्तेमाल करके नेपाल के विभिन्न व्यावसायिक दुकानों में तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक यूपीआई भुगतान कर सकेंगे। फोनपे नेटवर्क में शामिल व्यापारी भारतीय ग्राहकों से यूपीआई भुगतान ले सकते हैं। एनआईपीएल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी रितेश शुक्ला ने कहा-यह पहल न केवल डिजिटल भुगतान क्षेत्र में नवाचार करने की हमारी प्रतिबद्धता को, बल्कि व्यापार के लिए नए रास्ते बनाएगी।

### सरकार बफर स्टॉक के लिए प्याज खरीदने की बना रही योजना

**नई दिल्ली।** सरकार इस साल अपने बफर स्टॉक के लिए पांच लाख टन प्याज खरीदने की योजना बना रही है। इसका उपयोग कीमत बढ़ने की स्थिति में उसे काबू में करने के लिए किया जा सकता है। सूत्रों ने शुक्रवार को कहा कि सरकार की तरफ से एनसीसीएफ (नेशनल कॉआपरेटिव कंज्यूमर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया लि.) और नैफेड (नेशनल एग्रीकल्चरल कॉआपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया लि.) जैसी एजेंसियां प्याज की खरीद करेंगी। खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने पिछले साल पांच लाख टन का बफर स्टॉक बनाया था।

## इक्विटी म्यूचुअल फंड निवेश 23 महीनों में सर्वाधिक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- फंड कंपनियों के निकाय एम्फी ने जारी किए आंकड़े

इक्विटी म्यूचुअल फंड ने फरवरी में 26,866 करोड़ रुपये के प्रवाह के साथ अपनी बढ़त जारी रखी जो पिछले 23 महीनों का सर्वाधिक मासिक निवेश है। क्षेत्र आधारित कोषों के लिए बड़े पैमाने पर दिलचस्पी दिखाने और नई फंड पेशकश (एनएफओ) की वजह से इक्विटी म्यूचुअल फंड निवेश बढ़ा है। इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश का फरवरी का आंकड़ा जनवरी के 21,780 करोड़ रुपये के निवेश से लगभग 23 प्रतिशत अधिक है।

म्यूचुअल फंड कंपनियों के निकाय एम्फी की तरफ से शुक्रवार



को जारी आंकड़ों के मुताबिक, मासिक व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) के जरिये योगदान जनवरी के 18,838 करोड़ रुपये को पार करते हुए फरवरी में 19,186 करोड़ रुपये के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया। एम्फी (एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया) के मुख्य कार्यपालक वेंकट चलसानी ने कहा-हमने फरवरी 2024 में देखा कि 49.79 लाख नए एसआईपी पंजीकरण के साथ कुल 8.20 करोड़ एसआईपी खाते हो गए हैं। यह अनुशासित धन संचय के लिए निवेशकों की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। कुल मिलाकर, म्यूचुअल फंड उद्योग में फरवरी में 1.2 लाख करोड़ रुपये का प्रवाह देखा गया, जो जनवरी के लगभग बराबर ही था। इसमें ऋण-उन्मुख योजनाओं में 63,809 करोड़ रुपये, इक्विटी योजनाओं में 26,866 करोड़ रुपये और हाइब्रिड योजनाओं में 18,105 करोड़ रुपये का योगदान रहा।

# राष्ट्रीय



चेन्नई में ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी (ओटीए) में पासिंग आउट परेड दौरान आयोजित संयुक्त प्रदर्शन के दौरान कैडेटों ने हैरतअंगेज करतबों का प्रदर्शन किया। ● एजेंसी

### प्रधानमंत्री असम अरुणाचल, बंगाल और उप्र का दौरा करेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस सप्ताहांत असम, अरुणाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश का दौरा करेंगे और इस दौरान कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे तथा करोड़ों रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यस करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने शुक्रवार को एक बयान में यह जानकारी दी। पीएमओ के अनुसार, प्रधानमंत्री शुक्रवार रात को असम पहुंच जाएंगे और अगले दिन शनिवार की सुबह काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान का दौरा करेंगे। यहां से प्रधानमंत्री अरुणाचल के ईटानगर के लिए रवाना होंगे, जहां वह 'विकसित भारत, विकसित उत्तर पूर्व' कार्यक्रम में भाग लेंगे। वह सेला सुरंग राष्ट्र को समर्पित करेंगे और लगभग 10,000 करोड़ रुपये की उन्नति योजना की शुरुआत भी करेंगे।

### नेशनल क्रिएटर्स पुरस्कार वितरण के दौरान बोले प्रधानमंत्री, देश के प्रति बढ़ रही जिज्ञासा

# भारत के बारे में दुनिया के लिए करें सृजन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को प्रौद्योगिकी के अलग-अलग माध्यमों से विभिन्न प्रकार की सामग्री सृजन करने वालों (कंटेंट क्रिएटर्स) से 'क्रिएट ऑन इंडिया मूवमेंट' शुरू करने और भारत की संस्कृति, विरासत और परंपराओं पर दुनिया के साथ कहानियों को साझा करने का आग्रह किया। मोदी ने यहां भारत मंडपम में प्रथम राष्ट्रीय सर्जक पुरस्कार (नेशनल क्रिएटर्स पुरस्कार) प्रदान करने के बाद कहा-आइए हम भारत के बारे में सृजन करें, दुनिया के लिए सृजन करें। 'ग्रीन चैंपियन' श्रेणी में प्रवेश पांडे को पुरस्कृत किया गया, जबकि कीर्तिका गोविंदसामी को सर्वश्रेष्ठ कहानीकार का पुरस्कार दिया गया।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में राष्ट्रीय रचनाकार पुरस्कार 2024 में मल्हार कलांबे को स्वच्छता राजदूत पुरस्कार प्रदान किया। ● एजेंसी

गायिका मैथिली ठाकुर को 'कल्चरल एंबेसडर ऑफ द ईयर' का पुरस्कार मिला। टेक श्रेणी में गौरव चौधरी और सर्वश्रेष्ठ यात्रा निर्माता पुरस्कार कामिया जानी को दिया गया।

मोदी ने कहा कि लोग उनसे उनकी सफलता का राज पूछते हैं, लेकिन वह हर किसी को जवाब नहीं देते हैं। उन्होंने कहा-क्या कोई रेस्तरां मालिक आपको अपनी रसोई दिखाएगा? ईश्वर की कृपा है, मैं समय से पहले समय को भांप सकता हूं। इसलिए मैं कह सकता हूं कि भविष्य में इन पुरस्कारों का महत्वपूर्ण स्थान होगा। उन्होंने कंटेंट क्रिएटर्स को देश के डिजिटल एंबेसडर के रूप में सम्मानित किया और कहा कि वे 'वोकल फॉर लोकल' के ब्रांड एंबेसडर भी हैं।

उन्होंने कहा-आइए, हम सब मिलकर 'क्रिएट ऑन इंडिया मूवमेंट' की शुरुआत करें। आइए, हम भारत से, भारत की संस्कृति, भारत की विरासत और परंपराओं से जुड़ी कहानियां पूरी दुनिया के साथ साझा करें। यह कहते हुए कि भारत के प्रति दुनिया की जिज्ञासा बढ़ रही है, प्रधानमंत्री ने कंटेंट क्रिएटर्स से संयुक्त राष्ट्र की भाषाओं, जैसे जर्मन, फ्रेंच, स्पेनिश आदि में अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए काम विकसित करने का आग्रह किया।

### एक नजर

#### ईडी ने शरद पवार के पोते की चीनी मिल को किया कुर्क

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के सुप्रीमो शरद पवार के पोते रोहित पवार के स्वामित्व वाली एक चीनी मिल की 50 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है। यह कार्रवाई कथित महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक घोटाले में ईडी द्वारा की जा रही धनशोधन जांच से जुड़ी है। ईडी ने एक बयान में कहा कि औरंगाबाद के कन्नड गांव में स्थित कन्नड सहकारी साखर कारखाना लिमिटेड धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत अंतरिम रूप से कुर्क किया गया है।

#### मीरवाइज को नमाज पढ़ने की मिली अनुमति

**श्रीनगर।** हुर्रियत कांफ्रेंस के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक को पांच महीने बाद जामिया मस्जिद में नमाज पढ़ने की अनुमति दे दी गई। एक अधिकारी ने बताया–मीरवाइज को आज दोपहर को यहां शहर के निगीन इलाके में उनके आवास से बाहर निकलने की अनुमति दी गई। अधिकारियों ने बताया कि अपने आवास से निकलने के बाद मीरवाइज शहर की जामिया मस्जिद पहुंचे और नमाज अदा की।

## राजद ने विधान परिषद चुनाव में राबड़ी, तीन अन्य उम्मीदवारों को उतारने का किया फैसला

**पटना।** राजद ने बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी को एक बार फिर से विधान परिषद चुनाव मैदान में उतारने का शुक्रवार को फैसला किया। राजद ने यहां जारी एक बयान में कहा कि पार्टी इस महीने के अंत में होने वाले द्विवार्षिक चुनावों में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन के शशि यादव का समर्थन करने के अलावा, पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष लालू प्रसाद की पत्नी राबड़ी देवी और तीन अन्य उम्मीदवारों को मैदान में उतारेगी। राजद के अन्य उम्मीदवारों में अब्दुल बारी सिद्दीकी, राष्ट्रीय महासचिव सैयद फैसल अली और महिला इकाई की पूर्व प्रमुख उर्मिला ठाकुर शामिल हैं।

## पापा, मेरे से जेईई नहीं हो पाएगा, मैं जा रहा हूं

**कोटा (राजस्थान) एजेंसी**

- आत्महत्या से पहले 16 वर्षीय किशोर ने कहा

पापा, मेरे से जेईई नहीं हो पाएगा। क्षमा करियेगा, मैं जा रहा हूं.... यह अंतिम शब्द कोटा में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले उस 16 वर्षीय किशोर के हैं जो उसने संभवतः जहर खाकर आत्महत्या करने से पहले पहले अपने पिता से कहे थे। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पुलिस उपाधीक्षक धर्मवीर सिंह ने कहा कि बिहार के भागलपुर के रहने वाले अभिषेक मंडल का शव शुक्रवार की सुबह यहां विज्ञान नगर इलाके में स्थित एक पेइंग गेस्ट आवास से बरामद किया गया। ऐसा संदेह है कि बृहस्पतिवार की देर रात उसकी मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस की टीम को घटनास्थल से सुसाइड नोट भी बरामद हुआ, जिसमें मृतक ने अपने पिता से जेईई (संयुक्त प्रवेश परीक्षा) पास न करने के बारे में असमर्थता जताई है। अधिकारी ने कहा कि सुसाइड नोट में लिखा हुआ था, पापा, मेरे से जेईई नहीं हो पाएग। क्षमा करिएगा, मैं जा रहा हूं।

## गृहमंत्री अमित शाह के घर में 200 उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा

**नई दिल्ली, ब्यूरो**

- 11 मार्च को उम्मीदवारो की दूसरी सूची होगी फाइनल

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने लगभग 200 उम्मीदवारों के नाम तय कर दिए हैं। इनकी घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिल्ली आने के बाद ही होगी। दूसरी सूची जारी करने के लिए शनिवार को होने वाली चुनाव समिति की बैठक भी इसीलिए टल गई है क्योंकि मोदी असम एवं उत्तर प्रदेश के दौरे पर निकल गए हैं। शुक्रवार को गृहमंत्री अमित शाह के आवास पर महाराष्ट्र सहित कई राज्यों के टिकट दावेदारों पर विचार-विमर्श हुआ। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित कई अन्य वरिष्ठ नेता भी थे।

"इस बार चार सौ पार" फार्मूले के तहत भाजपा ने एक ठोस रणनीति बनाई है जिसके तहत एक-एक सीट पर बारीकी से अध्ययन किया जा रहा है और प्रत्याशियों के चयन से पहले सभी पहलुओं पर राय मशविरा हो रहा है। उम्मीदवारों के चयन में कई स्तर पर विचार करने के बाद एक-एक नाम को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी प्रक्रिया के तहत लगभग दो सौ उम्मीदवारों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। लेकिन उसमें अंतिम मोहर प्रधानमंत्री की मौजूदगी में चुनाव समिति की बैठक के दौरान लगेगी। 195 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी हो चुकी है दूसरी सूची में लगभग 200 उम्मीदवारों की घोषणा होने का अनुमान है। तीसरी सूची में उन उम्मीदवारों के नाम होंगे, जिनमें ज्यादा उठापटक है।

सूत्रों के मुताबिक यह भी पता चला है कि दूसरी सूची में कुछ नामों पर स्वयंसेवक संघ का दबाव है इसीलिए शनिवार को होने वाली चुनाव समिति की बैठक को टाल दिया गया है। क्योंकि शुक्रवार को दोपहर में प्रधानमंत्री असम के दौरे पर निकल गए हैं। 9 मार्च की रात मोदी बनारस में रहेंगे और दूसरे दिन आजमगढ़ के कार्यक्रम में सम्मिलित होने के बाद 10 मार्च की रात तक दिल्ली पहुंचेंगे। भाजपा सूत्रों के मुताबिक चुनाव समिति की बैठक 11 मार्च को हो सकती है। अभी तक तय किए गए नामों पर 10 मार्च की रात को मोदी विचार कर सकते हैं। फिलहाल 11 मार्च का दिन भाजपा टिकटार्थियों के लिए काफी अहम होगा। उस दिन दूसरी सूची जारी की जाएगी और 12 मार्च को मोदी जैसलमेर (राजस्थान) चले जाएंगे।

## सीबीआई ने शाहजहां शेख के आवास, कार्यालय पर की छापेमारी

**कोलकाता, एजेंसी**

**संदेशखालि मामला**

- हमले के संबंध में सबूत इकट्ठा करने के लिए पहुंचे अधिकारी

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के अधिकारियों ने पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के एक दल पर हमले की जांच के सिलसिले में निलंबित तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख के आवास और कार्यालय पर शुक्रवार को छापे मारे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

सीबीआई के अधिकारी हमले के संबंध में सबूत इकट्ठा करने के लिए संदेशखालि स्थित सरबेरिया के अकुंचीपारा इलाके में शाहजहां के आवास के पास के इलाकों में भी गए। इसके बाद अधिकारी उसके कार्यालय गए। शेख को राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस से निलंबित कर दिया गया है। उसे पांच जनवरी को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों पर भीड़ द्वारा उस समय हमला किए जाने संबंधी मामले में गिरफ्तार किया गया जब अधिकारी कथित राशन घोटाले से जुड़े मामले के सिलसिले में उसके आवास परिसर गए थे। इस छापेमारी में फोरेंसिक और प्रवर्तन निदेशालय अधिकारियों ने भी सीबीआई टीम को सहयोग दिया। छापे मारने वाली 14-सदस्यीय टीम में सीबीआई के छह कर्मियों और छह केंद्रीय फोरेंसिक अधिकारियों के अलावा प्रवर्तन निदेशालय के वे दो कर्मी भी शामिल थे, जो पांच जनवरी को किये गये हमले में घायल हुए थे। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसियों के कर्मियों की सुरक्षा के लिए इलाके में केंद्रीय बलों की एक बड़ी टुकड़ी तैनात की गई है।

### टीएमसी सरकार शेख को बचा रही : पूनावाला



**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने शुक्रवार को विपक्ष पर हमला बोला और आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सरकार अपनी पार्टी के निलंबित नेता शाहजहां शेख को बचा रही है। शेख पर पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में महिलाओं के यौन शोषण और जमीन हड़पने का आरोप है। पूनावाला ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा–एक तरफ प्रधानमंत्री 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का संदेश दे रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ ममता दीदी पश्चिम बंगाल के संदेशखालि से 'शाहजहां बचाओ' का संदेश दे रही हैं। उन्होंने कहा–वे (कांग्रेस) 'लड़की हूं लड़ सकती हूं' जैसे अभियान चलाते हैं लेकिन महिला सशक्तीकरण के लिए कुछ नहीं करते। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की आलोचना करते हुए पूनावाला ने कहा कि अभियान और नारे लगाने के बजाय, उन्हें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश होना चाहिए।

### सुपरटेक के अध्यक्ष को धनशोधन मामले में नहीं मिली जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने धनशोधन के एक मामले में निर्माण कारोबार से जुड़ी कंपनी सुपरटेक समूह के अध्यक्ष एवं प्रवर्तक आर. के. अरोड़ा की 'डिफाल्ट' जमानत याचिका खारिज कर दी है।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने अरोड़ा की इस दलील को खारिज कर दिया कि अभियोजन शिकायत (आरोप-पत्र) दाखिल करने की तारीख तक जांच पूरी नहीं हुई थी, क्योंकि आरोप-पत्र के साथ एफएसएल रिपोर्ट संलग्न नहीं थी और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शिकायत दर्ज करने के बाद मामले में एक अन्य व्यक्ति को तलब किया था।

## खेल डायरी

### निशांत विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर्स के प्री क्वार्टर फाइनल में



**बुस्तो असिंजियो (इटली), एजेंसी।** विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता निशांत देव जॉर्जिया के मेदीयेव एस्केरखान को हराकर पहले विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर में पुरुषों के 71 किलोवर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। निशांत ने 5-0 से जीत दर्ज की। युवा विश्व चैंपियन अंकुशिता बोरो (66 किलो) और राष्ट्रीय चैंपियन संजीत (92 किलो) को पहले दौर में पराजय झेलनी पड़ी। अंकुशिता को फ्रांस के सोंविको एमिली ने 3-2 से हराया। वहीं संजीत को कजाखस्तान के एबेक ओरलबे ने 5-0 से मात दी। टूर्नामेंट में 590 से अधिक मुक्केबाज भाग ले रहे हैं, जिनसे पेरिस ओलंपिक के लिए 49 कोटा (28 पुरुष और 21 महिला) हासिल होने हैं। भारत ने अब तक पेरिस ओलंपिक के लिए 4 कोटे हासिल किए हैं जो निकहत जरीन (50 किलो), प्रीति (54 किलो), परवीन हुड्डा (57 किलो), लवलीना बोरगोहेन (75 किलो) को मिले हैं। दूसरा विश्व क्वालीफाइंग टूर्नामेंट 23 मई से 3 जून तक बैंकाक में खेला जाएगा।

### नागल पहले दौर में कनाडा के मिलोस से हारे

**इंडियन वेल्स, एजेंसी।** भारत के सुमित नागल को बीएनपी परीबस ओपन के पहले दौर में कनाडा के मिलोस राओनिच ने सीधे सेटों में हरा दिया। रफेल नडाल के नाम वापिस लेने के बाद नागल 'लकी लूजर' के तौर पर मुख्य ड्रॉ में पहुंचे थे। एटीपी रैंकिंग में 101वें स्थान पर काबिज नागल को एक घंटे 28 मिनट तक चले मैच में 3-6, 3-6 से पराजय झेलनी पड़ी। नागल क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के दूसरे दौर में हार गए थे लेकिन नडाल के नाम वापिस लेने के बाद मुख्य ड्रॉ में पहुंचे। नागल जनवरी में आस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे थे। अगर वह एटीपी रैंकिंग में शीर्ष 100 में आकर बने रहते हैं तो पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर सकते हैं।

### वापसी के साथ पहला मैच हारीं वीनस विलियम्स

**इंडियन वेल्स, एजेंसी।** छह महीने में पहली बार टूर पर खेल रही अमेरिकी धुरंधर वीनस विलियम्स बीएनपी परीबस ओपन के पहले दौर में क्वालीफायर नाओ हिबिनो से 6-2, 3-6, 0-6 से हार गईं। पिछले साल अगस्त में अमेरिकी ओपन के पहले दौर में हारने के बाद वीनस पहली बार खेल रही थी। उन्होंने आखिरी ग्रैंडस्लैम 2008 विम्बलडन जीता था। हिबिनो का सामना अब 17वीं वरीयता प्राप्त वेरोनिका कुदेरमेतोवा से होगा। अन्य मुकाबलों में तीन बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका ने क्वालीफायर सारा एरानी को 6-3, 6-1 से हराया। पुरुष वर्ग में 3 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन स्टान वावरिंका को थॉमस मचाक ने हराया।

### मैच खेलने अफगानिस्तान जाएगी भारतीय फुटबॉल टीम



**कोलकाता, एजेंसी।** भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम अफगानिस्तान के खिलाफ 21 मार्च को होने वाले 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग राउंड 2 मैच के लिए चार्टर्ड विमान से सफर करके आभा जाएगी। अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। भारतीय टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक यात्रा संबंधी परेशानियों को लेकर एआईएफएफ के सामने गंभीर चिंताएं व्यक्त की थी जिसके बाद महासंघ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने यह कदम उठाया। चौबे ने कहा कि हम राष्ट्रीय टीम से जुड़े मसलों पर कभी कोई समझौता नहीं करते हैं और इसलिए हमने अपने खिलाड़ियों को आभा पहुंचाने के लिए चार्टर्ड विमान किराए पर लेने का फैसला किया। हम अपनी राष्ट्रीय टीम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। राष्ट्रीय टीम ने इससे पहले शायद कभी यात्रा के लिए चार्टर्ड विमान का उपयोग किया हो। स्टिमक ने एआईएफएफ के इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि मैं बहुत खुश हूं और मुझे उम्मीद है कि खिलाड़ी एआईएफएफ के प्रयासों को समझेंगे। अफगानिस्तान के घरेलू मैच तटस्थ स्थल पर खेले जा रहे हैं जबकि भारत इस देश के खिलाफ अपना घरेलू मैच 26 मार्च को गुवाहाटी में खेलेगा।

# रोहित और गिल के शतकों से भारत की स्थिति मजबूत

## भारत ने दूसरे दिन 255 रन की बनाई बढ़त, रोहित और गिल ने दूसरे विकेट के लिए की 171 रन की साझेदारी



**शुभमन गिल**
110 रन 150 गेंद
10 चौके 5 छक्के

**धर्मशाला, एजेंसी**

कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल के शतकों की मदद से भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी टेस्ट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को आखिरी सत्र में विकेट जल्दी गिरने के बावजूद अपनी स्थिति मजबूत करते हुए 8 विकेट पर 473 रन बना लिए। भारत ने आखिरी सत्र में 97 रन में 5 विकेट गंवाए।

इससे पहले रोहित (162 गेंद में 103 रन) और गिल (150 गेंद में 110 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 244 गेंद में 171 रन जोड़े। पहला टेस्ट खेल रहे देवदत्त पड्डिकल ने 103 गेंद में 65 रन बनाए जबकि सरफराज ने 60 गेंद में 56 रन बनाए और चाय के बाद पहली गेंद पर ही विकेट दे दिया।



धर्मशाला में दूसरे दिन भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे मैच के दौरान शॉट लगाते रोहित शर्मा।

भारत ने 1 विकेट पर 135 रन से आगे खेलते हुए दूसरे दिन के आखिर में 255 रन की बढ़त बनाई। इंग्लैंड के आफ स्पिनर शोएब बशीर ने 44 ओवर में 170 रन देकर 4 विकेट लिए जबकि बाए हाथ के स्पिनर टॉम हार्टली ने 39 ओवर में 126 रन देकर 2 विकेट लिए। चाय ब्रेक के समय भारत का स्कोर 3 विकेट पर 376 रन था लेकिन आखिरी सत्र में इंग्लैंड ने अच्छी गेंदबाजी की तो भारतीयों ने अपने विकेट गंवाए। बशीर की गेंद पर सरफराज ने पहली स्लिप में जो रूट को कैच थमाया। वहीं पड्डिकल को बशीर ने बोल्ड किया। ध्रुव जुरेल (15) खराब शॉट खेलकर आउट हुए। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने नौ महीने में पहली गेंद डाली और रोहित को बोल्ड किया। उसके बाद सरफराज और पड्डिकल ने पारी को आगे बढाया। स्टोक्स ने पिछले साल घुटने के आपरेशन के बाद गेंदबाजी करना बंद कर दिया था। पहले सत्र में गेंदबाजों को नाकाम होता देख दूसरे सत्र में गेंद संभाली। पहली ही गेंद पर उन्होंने रोहित का आफ स्टम्प उखाड़ दिया। अगले ओवर में जेम्स एंडरसन ने गिल को बोल्ड किया। उस समय भारत का स्कोर 3 विकेट पर 279 रन था। पड्डिकल ने आफ साइड से अधिकांश रन बनाए। वहीं सरफराज ने धीमी शुरूआत के बाद लय पकड़ी। उन्होंने 81वें ओवर में श्रृंखला में तीसरा अर्धशतक पूरा किया। कल के स्कोर 1 पर 135 रन से आगे खेलते हुए भारत ने सुबह शानदार शुरूआत की। इंग्लैंड पहली पारी में 218 रन पर सिमट गई थी। रोहित और गिल की साझेदारी तोड़ने की इंग्लैंड की हर कोशिश नाकाम रही। एचपीसीए स्टेडियम पर भारतीय प्रशंसकों से अधिक शोर 'बार्मी आर्मी' (इंग्लैंड के समर्थकों) ने मचाया। रोहित और गिल ने सुबह दो घंटे के खेल में 30 ओवर में 129 रन बनाए। बशीर ने जेम्स एंडरसन के साथ गेंदबाजी की शुरुआत की। रोहित ने दूसरे ओवर में उन्हें छक्का और चौका लगाया। वहीं गिल ने एंडरसन को छक्का जड़ने के बाद स्क्वेयर कट पर चौका लगाया। इंग्लैंड को एकमात्र मौका मिला, लेकिन जाक क्रॉली लेग स्लिप में रोहित का कैच नहीं लपक सके। पहले घंटे में 15 ओवर में 60 रन बने। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने लेग साइड में 6 फील्डर लगाए, लेकिन निराशा हाथ लगी। मिड आफ खाली देखकर रोहित ने वुड को चौका जड़ा। बशीर को दूसरे स्पेल में गिल ने सिर के ऊपर से छक्का लगाया। रोहित ने टॉम हार्टली की गेंद पर 1 रन लेकर 12वां टेस्ट शतक पूरा किया। दो गेंद बाद गिल ने बशीर को चौका जड़कर सौ रन बनाया। श्रृंखला में दूसरा शतक जमाने के बाद उन्होंने हेलमेट उतारकर दर्शकों का झुककर अभिवादन किया, जिसमें उनके पिता बैठे थे।

### स्कोर बोर्ड

**इंग्लैंड (पहली पारी) 218**

**भारत (पहली पारी)** 473/8 (120 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी स्ट फोक्स बो बशीर | 57 | 58 | 5/3 |
| रोहित शर्मा बो स्टोक्स | 103 | 162 | 13/3 |
| शुभमन गिल बो एंडरसन | 110 | 150 | 10/5 |
| देवदत्त पड्डिकल बो बशीर | 65 | 103 | 10/1 |
| सरफराज खान का रूट बो बशीर | 56 | 60 | 8/1 |
| रविंद्र जडेजा पगबाधा बो हार्टली | 15 | 50 | 0/0 |
| ध्रुव जुरेल का डकेट बो बशीर | 15 | 24 | 2/0 |
| रविचंद्रन अश्विन बो हार्टली | 00 | 05 | 0/0 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 27 | 55 | 2/0 |
| जसप्रीत बुमराह नाबाद | 19 | 55 | 2/0 |

**अतिरिक्त:** 6, **विकेट पतन:** 1-104, 2-275, 3-279, 4-376, 5-403, 6-427, 7-427, 8-428, **गेंदबाजी:** एंडरसन 14-1-59-1, वुड 15-1-89-0, हार्टली 39-3-126-2, बशीर 44-5-170-4, स्टोक्स 5-1-17-1, रूट 3-0-8-0

# बीमारी ने खेल के प्रति बढ़ाया लगावः पड्डिकल

**धर्मशाला, एजेंसी**

दो साल से अधिक समय से स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से देवदत्त पड्डिकल अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पा रहे थे लेकिन इन परिस्थितियों ने उनका खेल के प्रति लगाव बढ़ा दिया और आखिर में वह भारत की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने में सफल रहे।

पड्डिकल ने 2021 में श्रीलंका के खिलाफ टी-20 मैच से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था लेकिन



कोविड होने और पेट संबंधी बीमारी से उनके करियर का ग्राफ आगे नहीं बढ़ पाया। इनसे पार पाने के बाद पड्डिकल ने घरेलू क्रिकेट में रनों का अंबार लगना शुरू कर दिया, जिसका परिणाम यह निकला कि उन्हें भारतीय टेस्ट टीम में जगह मिली। इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम टेस्ट में उन्होंने शुक्रवार को 65 रन की पारी खेली, जिसमें 10 चौके और 1 छक्का है। पड्डिकल ने कहा कि मेरा हमेशा से मानना रहा है कि आप जो भी काम करते हो उसमें सफलता के लिए अनुशासन होना जरूरी है। चाहे वह अभ्यास हो या दैनिक जीवन की आदतें या भोजन। मैंने अनुशासित रहने का प्रयास किया और यही मेरा लक्ष्य था। बीमारी के दौरान मैं बहुत कुछ नहीं कर सका लेकिन फिर भी मैं चाहता था कि मैं अन्य क्षेत्रों में पीछे ना रहूं। मैंने खुद पर काम जारी रखा फिर चाहे वह मानसिक हो या फिर छोटी -छोटी चीजें। पड्डिकल ने जब पूर्ण फिटनेस हासिल करने के बाद वापसी की तो उनका खेल निखर गया था। उन्होंने कहा कि तकनीकी तौर पर और मानसिक तौर पर भी मैंने बदलाव किए। मैं यह सुनिश्चित करने की कोशिश की कि मैं खेल का पूरा लुत्फ उठाऊं। मुझे एहसास हुआ कि इस खेल से मेरा कितना लगाव है।

# पीवी सिंधू ओलंपिक चैंपियन चेन से हारीं

**फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट**

**पेरिस, एजेंसी**

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू ने जबर्दस्त जुझारूपन दिखाया लेकिन फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में ओलंपिक चैंपियन चेन यू फेइ से हार गई।

चोट के कारण चार महीने बाद वापसी कर रही सिंधू ने करीब डेढ़ घंटे चले मुकाबले में अपनी फिटनेस और कौशल की बानगी पेश की लेकिन 24-22, 17-21, 18-21 से पराजय झेलनी पड़ी। सिंधू ने 2019 में दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी चेन को हराकर विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण जीता था। उसके बाद से दो मुकाबलों में वह चेन से हार चुकी हैं। वहीं भारतीय जोड़ी सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी मलेशिया के मान वेइ चोंग और केइ वू ती को सीधे गेम में हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। चाइना ओपन 2023, मलेशिया ओपन सुपर 1000 और इंडिया ओपन सुपर 750 में उपविजेता रही सात्विक और चिराग की जोड़ी ने मलेशियाई जोड़ी को 21-13, 21-12 से हराया। यह मुकाबला सिर्फ 32 मिनट चला। अब उनका सामना थाईलैंड के जोमकोह सुपाक और केडरेन के से होगा। महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। उन्होंने जापान की युकी फुकुशिमा और सायाका हिरोता को 21-18, 21-13 से हराया। अब उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त किंग चेन चेन और यि फान जिया की चीनी जोड़ी से होगा।



# यूपी की दिल्ली पर 1 रन से रोमांचक जीत

## दीप्ति शर्मा ने नाबाद 59 रन बनाने के साथ कैपिटल्स के 4 विकेट चटकाएं



**नई दिल्ली, एजेंसी**

WOMEN'S PREMIER LEAGUE

दीप्ति शर्मा के खेल के दम पर यूपी वॉरियर्स ने शुक्रवार को डब्ल्यूपीएल में दिल्ली कैपिटल्स पर 1 रन की रोमांचक जीत दर्ज की। यूपी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दीप्ति के नाबाद 59 रन की मदद से 8 विकेट पर 138 रन बनाए। दीप्ति ने इसके बाद 4 ओवर में 19 रन देकर 4 विकेट लिए, जिससे दिल्ली 19.5 ओवर में 137 रन पर आउट हो गई। दीप्ति ने पहले कप्तान मेग लैनिंग (60) को और फिर आखिरी दो ओवर में विकेटों के पतझड़ की शुरुआत की। दिल्ली को अंतिम दो ओवर में 15 रन की जरूरत थी लेकिन उसने 13 रन बनाए और बाकी बचे 6 विकेट गंवाए। ऑफ स्पिनर दीप्ति ने 19वें ओवर की पहली दो गेंद पर एनाबेल सदरलैंड (6) और अरुंधती रेडी को आउट किया। शिखा पांडे ने चौका जमाकर उनकी हैट्रिक नहीं बनने दी। दीप्ति ने चौथी गेंद पर शिखा को आउट किया। एलिसा हीली ने अंतिम ओवर में 10 रन बचाने की जिम्मेदारी हैरिस को सौंपी। राधा यादव ने पहली गेंद पर छक्का और दूसरी गेंद पर दो रन लिए। हैरिस ने राधा को बोल्ड किया। जेस जोनासन 11 रन पर आउट हुई। हैरिस ने इसके बाद टिटास साधु को आउट कर यूपी को जीत दिलाई। यूपी की यह 7 मैच में तीसरी जीत है जबकि दिल्ली की 6 मैच में दूसरी हार है। लैनिंग ने 46 गेंद पर 12 चौकों की मदद से 60 रन बनाए। शेफाली वर्मा (15) के बाद लैनिंग ने रन बनाए। जब वह तीसरे विकेट के रूप में पवेलियन लौटी तब दिल्ली का स्कोर 93 रन था। एलिस कैप्सी (15) आउट होने वाली दूसरी बल्लेबाज थी। जेमिमा रोड्रिग्स (17) 18वें ओवर में आउट हो गई थी। इससे पहले दीप्ति ने 48 गेंद पर नाबाद 59 रन बनाए, जिसमें 6 चौके और 1 छक्का है। उन्हें कप्तान एलिसा हीली (29) के आउट होने के बाद दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिला। दीप्ति और हीली के अलावा यूपी से केवल हैरिस 14 रन बना सकीं। दिल्ली की राधा यादव और टिटास साधु ने दो-दो विकेट लिए। यूपी ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 6 ओवर में किरण नवगिरे (5) का विकेट गंवाकर 44 रन बनाए। साधु ने किरण को बोल्ड किया। हीली और दीप्ति ने दूसरे विकेट के लिए 46 रन की साझेदारी की। एलिस कैप्सी ने हीली को लांग ऑन पर कैच कराकर ये साझेदारी तोड़ी। यूपी ने नियमित अंतराल में विकेट गंवाए। दीप्ति ने एक छोर से रन बनाने जारी रखे। हैरिस 14वें ओवर में मेग लैनिंग से जीवन दान मिलने के बावजूद फायदा नहीं उठा पाई और राधा ने उन्हें आउट किया।

### विमेंस प्रीमियर लीग

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| दिल्ली | 6 | 4 | 2 | 8 | 1.059 |
| मुंबई | 6 | 4 | 2 | 8 | 0.375 |
| बेंगलुरु | 6 | 3 | 3 | 6 | 0.038 |
| यूपी | 7 | 3 | 4 | 6 | -0.365 |
| गुजरात | 5 | 1 | 4 | 2 | -1.278 |


### संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

**यूपी वॉरियर्स:** 138/8, दीप्ति शर्मा 59, अलिसा हीली 29, ग्रेस हैरिस 14, सोफ़ी एकल्सटन 08। **विकेट:** शिखा पांडे 1, टिटास साधु 2, अरुंधति रेड्डी 1, जेस जॉनसन 1, राधा यादव 2, ऐलिस कैप्सी 1

**दिल्ली कैपिटल्स:** 137/10, मेग लानिंग 60, जेमिमा रॉड्रिग्स 17, शेफाली वर्मा 15, ऐलिस कैप्सी 15, जेस जॉनासन 1 **विकेट:** दीप्ति शर्मा 4, ग्रेस हैरिस 2, साइमा ठाकोर 2, सोफी एकल्सटन 1

# बॉलीवुड हलचल

## अजय की 'मैदान' अब्दुल रहमान के जीवन पर आधारित



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की आने वाली फिल्म मैदान का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म मैदान फुटबॉल कोच सैय्यद अब्दुल रहमान के जीवन पर आधारित है। अमित शर्मा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अजय देवगन ने 1952 से 1962 तक रहे भारतीय फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका निभाई है। उन्हें आधुनिक भारतीय फुटबॉल का वास्तुकार भी कहा जाता है। फिल्म मैदान का ट्रेलर रिलीज हो गया है।ट्रेलर में वर्ष 1952 से लेकर वर्ष 1962 तक के उस दौर को दिखा गया है, जिसे खेल जगत में भारतीय फुटबॉल का गोल्डन एरा माना जाता है। इस दौरान कोलकाता के मैदानों से किस तरह से इंडियन फुटबॉल का उदय हुआ और कोच सैयद अब्दुल रहीम के कड़े संघर्ष के बाद एशियाई गेम्स में भारतीय टीम ने कई गोल्ड मेडल जीते। फिल्म मैदान में प्रियामणि, रुद्रनील घोष और गजराज राव भी हैं। बोनी कपूर, आकाश चावला, अरुणव जॉय सेनगुप्ता और जी स्टूडियो द्वारा निर्मित यह फिल्म ईद 2024 पर रिलीज होने वाली है।

## अक्षय कुमार ने फैंस को दी महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने अपने फैंस को महा शिवरात्रि की शुभकामना दी है। आज पूरे देश में महा शिवरात्रि का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर अपने फैंस को महा शिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए एक पोस्ट शेयर किया है। अक्षय कुमार ने अपनी इंस्टा स्टोरी में भगवान शिव की तस्वीर शेयर की है। इसके साथ ही शुभकामनाएं देते हुए अक्षय ने ने लिखा, "देवों के हैं देव ... हर हर महादेव। महा शिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं। जय महाकाल।

## फिल्म ओडेला 2 में तमन्ना शिव भक्ति में लीन



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री तमन्ना भाटिया की आने वाली तेलुगु फिल्म ओडेला 2 से तमन्ना का लुक रिलीज कर दिया गया है। तमन्ना भाटिया इन दिनों फिल्म ओडेला 2 की शूटिंग कर रही हैं। इस बीच ओडेला 2 से तमन्ना भाटिया का पहला लुक रिलीज कर दिया गया है। महाशिवरात्रि पर तमन्ना भाटिया ने सोशल मीडिया पर फिल्म 'ओडेला 2' से अपना पहला लुक शेयर किया है। पोस्टर में तमन्ना भगवान शिव की भक्ति में लीन दिखाई दे रही हैं। पोस्टर में देखा जा सकता है कि तमन्ना ने एक हाथ में डमरू लिया है, माथे पर चंदन लगाया है और एक हाथ में लाल-पीली मौली से रंगी लकड़ी पकड़ी है। पोस्टर शेयर करते हुए तमन्ना भाटिया ने कैप्शन में लिखा है, ओडेला 2 का पहला लुक। मुझे महाशिवरात्रि के इस शुभ दिन पर पहली झलक का खुलासा करते हुए खुशी हो रही है। हर हर महादेव। हैप्पी महा शिवरात्रि। 'ओडेला 2' में तमन्ना भाटिया भैरवी का किरदार निभाती नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन अशोक तेज कर रहे हैं।


## मध्य प्रदेश में टैक्स फ्री आर्टिकल-370

**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेत्री यामी गौतम की फिल्म आर्टिकल-370 मध्य प्रदेश में टैक्स फ्री हो गई है। आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म 23 फरवरी को रिलीज हुई थी। इस फिल्म में यामी



गौतम और प्रियामणि ने अहम भूमिका निभाई है। यह फिल्म जम्मू कश्मीर को दिए विशेष दर्जे को रद्द करने के फैसले पर आधारित है। मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव फिल्म आर्टिकल 370 के मध्य प्रदेश में टैक्स फ्री होने की जानकारी लोगों के साथ अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर शेयर की।

## मडगांव का पहला गाना बेबी ब्रिंग इट ऑन जारी



**मुंबई,एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता कुणाल खेमू के निर्देशन में बनी फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' का पहला गाना 'बेबी ब्रिंग इट ऑन' रिलीज हो गया है। कुणाल खेमू फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' के साथ निर्देशन के क्षेत्र में डेब्यू करने जा रहे हैं। इस फिल्म में दिव्येंदु शर्मा, प्रतीक गांधी और अविनाश तिवारी की मुख्य भूमिका है। फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' का पहला गाना 'बेबी ब्रिंग इट ऑन' रिलीज हो गया है, जिसे अजय गोगावले और निखिता गांधी ने मिलकर गाया है।'बेबी ब्रिंग इट ऑन' के बोल कुमार ने लिखे हैं। नोरा फतेही 'बेबी ब्रिंग इट ऑन' गाने में डांस करती नजर आ रही हैं। मडगांव एक्सप्रेस की कहानी तीन ऐसे दोस्तों की है, जो बचपन से ही गोवा जाने का सपना संजोए हैं। तीनों का यह सपना पूरा भी हो जाता है। वो जैसे-तैसे गोवा पहुंच जाते हैं। लेकिन वहां नोरा फतेही और उनके साथ छाया कदम और उपेंद्र लिमये मिलते हैं, जो उनकी इस यात्रा को और रोमांचक बना देते हैं। रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर के प्रोडक्शन हाउस में बनी 'मडगांव एक्सप्रेस' एक कॉमेडी फिल्म है, जो तीन दोस्तों के एक अतरंगी रोड ट्रिप पर आधारित होगी। फिल्म में तीन बचपन के दोस्त गोवा की यात्रा पर निकलते हैं, बीच रास्ते में उनके साथ क्या-क्या गुजरती है इसे हलकी-फुलकी कॉमेडी के रूप में इस फिल्म में पेश किया गया है। `मडगांव एक्सप्रेस` 22 मार्च, 2024 को रिलीज होगी।

## सिद्धार्थ की फिल्म योद्धा का दूसरा गाना तेरे संग इश्क हुआ रिलीज



**मुंबई, जारी।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा की आने वाली फिल्म योद्धा का दूसरा गाना 'तेरे संग इश्क हुआ' रिलीज हो गया है। सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी 'योद्धा' का निर्माण करण जौहर ने किया है। कुछ दिनों फिल्म योद्धा का पहला गाना 'जिंदगी तेरे नाम' रिलीज किया गया था, जिसे लोगों ने प्यार दिया। अब योद्धा का दूसरा गाना 'तेरे संग इश्क हुआ' भी रिलीज कर दिया है। 'तेरे संग इश्क हुआ' में सिद्धार्थ मल्होत्रा और राशि खन्ना के बीच केमिस्ट्री देखने को मिली है। इस गाने को अरिजीत सिंह और नीति मोहन ने गाया है। वहीं, इसे कंपोज तनिष्क बागची ने किया है और इसके लिरिक्स कुणाल वर्मा ने लिखे हैं। फिल्म 'योद्धा' में सिद्धार्थ मल्होत्रा, दिशा पाटनी और राशी खन्ना की अहम भूमिका है। यह एक एक्शन फिल्म है।फिल्म योद्धा इस साल 15 मार्च को रिलीज होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

# भारतीयों की रिहाई के लिए रूस पर बढ़ाया दबाव

- विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर ने कहा- भारत सरकार से 20 युवाओं ने किया है संपर्क

नई दिल्ली, एजेंसी

अच्छी नौकरी का झांसा देकर रूस की सेना में भर्ती करने वाले गिरोहों के खिलाफ देश के भीतर सीबीआई की तरफ से कार्रवाई तो शुरू हो गई है लेकिन इस बारे में भारत अपने पारंपरिक मित्र देश रूस के साथ लगातार दबाव बनाए हुए है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि कई भारतीय नागरिकों के धोखे से रूस की सेना में काम करने के लिए ले जाने की सूचना मिली है। हमने इन भारतीयों की वापसी के लिए रूस की सरकार के साथ बेहद कड़ाई से इस मुद्दे को उठाया है। जायसवाल ने कहा कि भारत उनके शवों को वापस लाने की पूरी कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि करीब 20 लोगों ने भारत सरकार से संपर्क किया है और सरकार उनका पता लगाने की पूरी कोशिश कर रही है। हालांकि, रूसी सेना में सहायक कर्मी के रूप में काम करने वाले भारतीयों की सटीक संख्या अभी तक ज्ञात नहीं है।

उन्होंने कहा लोगों को गलत सूचना देकर व नौकरी का लालच दे कर ले जाने वाले एजेंटों व निर्लज्ज तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की शुरुआत हो गई है।

जायसवाल ने कहा कि हम भारतीय नागरिकों से फिर अपील करते हैं कि वह रूस की सेना में नौकरी करने के झांसे में नहीं आये। इसमें काफी खतरा है और जीवन जाने का जोखिम है। हम इन भारतीयों को जल्द से जल्द स्वदेश लाने को लेकर प्रतिबद्ध हैं। इस मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया कि जिस स्तर पर नौकरी देने के लालच में भारतीयों को धोखा दिया गया है वह काफी चिंतित करने वाला है। सरकार को अभी इस बात की जानकारी नहीं है कि कितने लोगों को जाल में फंसा कर रूस की सेना के हवाले किया गया है।

### भंडाफोड़ः मानव तस्करी गिरोह मामले में सीबीआई के रडार पर दो रूसी एजेंट




नई दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने एक बड़े मानव तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जो विदेशों में नौकरी दिलाने की आड़ में भारतीयों को रूस-यूक्रेन युद्ध क्षेत्र में ले जाता था। अधिकारियों के मुताबिक दो रूसी एजेंट सीबीआई की जांच के दायरे में हैं। सीबीआई ने गुरुवार को इस नेटवर्क का भंडाफोड़ किया था। अधिकारियों ने बताया कि राजस्थान में रहने वाले रूसी एजेंट क्रिस्टीना और मोइनुद्दीन चिप्पा भारतीय युवकों को रोजगार का लालच देकर उन्हें रूस भेजने में मदद करते थे। रूस पहुंचने वाले भारतीयों के पहले पासपोर्ट जब्त कर लिए जाते और बाद में उन्हें सशस्त्र बलों के साथ लड़ने के लिए मजबूर किया जाता था। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी की प्राथमिकी में भारत में चल रहे 17 अन्य वीजा कंसल्टेंसी कंपनियों, उनके मालिकों और एजेंटों के नाम शामिल हैं। एजेंसी ने उनके खिलाफ आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और मानव तस्करी से संबंधित भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। सीबीआई ने आरोप लगाया है कि आरोपी व्यक्ति अपने एजेंटों के माध्यम से रूसी सेना, सुरक्षा गार्डों, सहायकों, बेहतर जीवन और शिक्षा से संबंधित नौकरी पाने के बहाने भारतीय नागरिकों की रूस में तस्करी करते थे।

# आयोग की वेबसाइट से ऑनलाइन आवेदन करें वोटर आईडी कार्ड

देश में चुनावी माहौल बना हुआ है। चुनाव में मतदान या वोट देना देश के सभी नागरिकों का मौलिक अधिकार होता है। वोट देने के लिए वोटर आईडी कार्ड होना बहुत जरूरी है। अगर आप भी 18 साल के हो गए हैं तो आपको वोटर आईडी-कार्ड के लिए अप्लाई कर देना चाहिए। आईए जानते हैं इसके बारे में...

**18 साल से अधिक उम्र वाले युवा ही बनवा सकते हैं वोटर आईडी-कार्ड**




### वोटर आईडी-कार्ड का कहां कर सकते हैं प्रयोग



आप ऑनलाइन आसानी से वोटर आईडी-कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा आप ऑफलाइन भी कार्यालय में जाकर वोटर आईडी कार्ड के लिए आवेदन दे सकते हैं। आपको बता दें कि ऑनलाइन अप्लाई करने का प्रोसेस काफी आसान है। इसमें आप ऑनलाइन आवेदन करते हैं और वोटर आईडी-कार्ड तैयार होकर आपके घर पर आ जाता है। ऐसे में आपको वोटर आई-डी कार्ड के लिए कहीं भाग-दौड़ करने की जरूरत नहीं है।

**ईसी की तैयारी-**लोकसभा चुनाव में मतदाता पुनरीक्षण अभियान के दौरान 18 और 19 साल की उम्र वाले युवाओं को मतदाता बनाने पर जोर रहेगा। 18 साल की उम्र पूरी करने वाले भी वोटर बन सकेंगे। बता दें 80 साल से ऊपर के मतदाताओं का सत्यापन जरूर कराया जाए। चुनाव को देखते हुए आयोग ने तैयारी तेज कर दी है।

### ये है आवेदन करने का आसान तरीका

घर बैठे वोटर आईडी कार्ड बनवाने के लिए सबसे पहले आपको चुनाव आयोग की आधिकारिक वेबसाइट https://eci.gov.in/ पर जाना पड़ेगा। फिर वोटर सर्विसेस पोर्टल ऑप्शन पर क्लिक करना होगा। इसके बाद आपको नया अकाउंट बनाना होगा। उसके लिए आपको अपना नंबर दर्ज करना होगा। इसके बाद ओटीपी भरने के बाद आपको पासवर्ड बनाना होगा। जिसके बाद आपका अकाउंट बन जाएगा। इसके बाद आपको लॉगिन करना होगा न्यू अकाउंट से इसके बाद न्यू रजिस्ट्रेशन पर क्लिक करना होगा। उसके बाद आपको अपनी पर्सनल जानकारी भरनी होगी। नाम,पता, जेंडर अगर घर में और किसी का वोटर कार्ड है तो उसकी जानकारी भर दें। लगभग एक सप्ताह के अंदर वोटर कार्ड बनकर डाक द्वारा आपके घर आ जाएगा।



### दस्तावेजों मे क्या है जरूरी

वोटर कार्ड अप्लाई करते समय आपके पास हाल ही में खींची गई दो कलर फोटो होना जरूरी है। इसके साथ ही आपकी उम्र का प्रूफ और पता होना जरूरी है। बर्थ सर्टिफिकेट या फिर दसवीं की मार्कशीट दोनों का उपयोग कर सकते हैं। लेकिन इन डॉक्युमेंट में से अगर एक भी डॉक्यूमेंट आपके पास नहीं होता, तो फिर आपको अपने माता-पिता जिनका वोटर लिस्ट में नाम हो।

## एक नजर

### नेपाल की सियासी उठापटक से भारत की नीति अपरिवर्तित

**काठमांडू।** नेपाल में सियासी उठापटक के बाद भारत ने अपनी नीतियों को लेकर आश्वासत किया है। बता दें, प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने नेपाली कांग्रेस के साथ पंद्रह साल पुरानी साझेदारी खत्म करके मंत्रिमंडल में फेरबदल किया है। उनके इस कदम का वहां के सात प्रदेशों की सरकारों पर भी असर पड़ा है। प्रदेशों की सरकारों के अस्थिर होने का खतरा बढ़ गया है। भारत सरकार ने हिमालयी राष्ट्र के प्रति अपनी नीति को लेकर बड़ा आश्वासन दिया है। भारत ने शुक्रवार को नेपाल को आश्वासन दिया है कि नेपाली कांग्रेस और सीपीएन (माओवादी केंद्र) के बीच गठबंधन टूटने और नई सरकार के गठन के बाद हिमालयी राष्ट्र के प्रति उसकी नीति अपरिवर्तित रहेगी।

### चाबहार बंदरगाह पर चर्चा के लिए अफगान पहुंचा भारतीय दल

**नई दिल्ली।** ईरान में भारत की सहायता से निर्मित चाबहार बंदरगाह का अफगान लोगों के लिए उपयोग के दायरे का विस्तार करने के लिए दोनों पक्षों के बीच तौर तरीकों पर बातचीत चल रही है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि विदेश मंत्रालय में पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान के मामलों के लिए संयुक्त सचिव के नेतृत्व में एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल है। संयुक्त सचिव जे पी सिंह के नेतृत्व में यह प्रतिनिधिमंडल इस समय अफगानिस्तान के दौरे पर है।

### थाईलैंडः विश्व का दूसरा सबसे बड़ा हाइब्रिड सोलर पावर प्लांट लगा

**बैंकॉक।** थाईलैंड के खोन केन में स्थित नदी में गीन एनर्जी के टार्गेट को पूरा करने के लिए हाइड्रो-फ्लोटिंग सोलर हाइब्रिड पावर प्लांट लगाया गया है। इसे चीनी और थाई कंपनियों द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया है। यह दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट है।



### मोदी के दौरे से पहले असम में सीएए को लेकर विरोध प्रदर्शन

**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दो-दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को असम पहुंचने से पहले विपक्षी दलों ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के खिलाफ नगांव जिले के कलियाबोर में प्रदर्शन किया। यूओएफए प्रवक्ता और रैजर दल के प्रमुख अखिल गोगोई ने कहा कि पहले शनिवार को प्रदर्शन किया जाना था, लेकिन अहोम समुदाय के संगठनों के अनुरोध पर यह एक दिन पहले किया गया। गोगोई ने प्रदर्शन स्थल पर पत्रकारों से कहा, प्रधानमंत्री अहोम समुदाय के जनरल लाचित बोरफुकान की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। ऐसे में, समुदाय ने हमसे विरोध प्रदर्शन की तारीख बदलने का अनुरोध किया।

# समावेशी सुधारों को लेकर भारत ने यूएनएससी में पेश किया मॉडल

## भारत ने जी4 देशों की तरफ से कहा- परिषद में सदस्यों की संख्या 15 से बढ़ाकर 25-26 हो

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधार के लिए विस्तृत योजना का मॉडल पेश किया है। भारत ने जी4 देशों की तरफ से योजना संयुक्त राष्ट्र में रखी, जिसमें कई ऐसे सुधारों की सिफारिश की गई है, जिन्हें लागू करने पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ज्यादा लोकतांत्रिक और समावेशी बन सकेगी। भारत की तरफ से संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज 'इंटरगवर्नमेंटल नेगोसिसएशन ऑन सिक्योरिटी काउंसिल रिफॉर्म' कार्यक्रम में शामिल हुईं।



इस कार्यक्रम में रुचिरा कंबोज ने जी4 देशों ब्राजील, जर्मनी, जापान और भारत की तरफ से प्रस्ताव पेश किया। इस प्रस्ताव में सुरक्षा परिषद के सदस्यों की संख्या मौजूदा 15 से बढ़ाकर 25-26 करने की सिफारिश की गई है। साथ ही इसमें छह स्थायी सदस्यों और चार या पांच अस्थायी सदस्यों को शामिल करने की सलाह दी गई है। भारत ने सुझाव दिया है कि छह नए स्थायी सदस्यों में से दो अफ्रीकी राज्यों और एशिया प्रशांत के देशों, एक लैटिन अमेरिकी देशों और कैरेबियाई देशों और एक पश्चिमी यूरोपीय देशों और अन्य देशों की तरफ से प्रस्तावित किया जाना चाहिए।

रुचिरा कंबोज ने कहा कि सुरक्षा परिषद की मौजूदा व्यवस्था में स्थायी और अस्थायी दोनों वर्गों में प्रतिनिधित्व की कमी है। इससे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद उतनी प्रभावी नहीं है और वैश्विक स्थिरता और शांति के लिए इसमें तुरंत सुधार की जरूरत है। कंबोज ने कहा कि कोई भी सुधार प्रतिनिधित्व की कमी को नजरअंदाज करके संभव नहीं है और खासकर स्थायी कैटेगरी में भारी असंतुलन है और इसी वजह से सुरक्षा परिषद अंतर्राष्ट्रीय चुनौतियों से निपटने में अक्षम साबित हो रही है। कंबोज ने कहा कि सुधार के लिए जो सिफारिशें की गई हैं।

### फ्रांस-अमेरिका ने परिषद में शामिल करने का किया समर्थन



भारत द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव में वीटो को लेकर भी सुझाव दिए गए हैं। इसमें कहा गया है कि नए स्थायी सदस्यों के पास भी मौजूदा सदस्यों की तरह जिम्मेदारी और अधिकार होंगे, लेकिन वे किसी मुद्दे पर पूरी समीक्षा के बाद ही वीटो का फैसला कर पाएंगे। अभी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सिर्फ पांच देशों चीन, रूस, फ्रांस, ब्रिटेन और अमेरिका के पास ही वीटो पावर है। वहीं दो अन्य सदस्य अस्थायी होते हैं, जिनका दो साल के लिए चुनाव होता है और उनके पास वीटो पावर नहीं होती। फ्रांस और अमेरिका ने भी भारत को सुरक्षा परिषद में शामिल करने का समर्थन किया है।


# भारत-जापान को यूएन वही स्थान दे जिसके वो हकदार: जयशंकर

टोक्यो, एजेंसी

- जापान में विदेश मंत्री फिर बोले यूएनएससी में हो बदलाव

भारतीय विदेश मंत्री ने जापान में निक्केई फोरम बैठक में कहा-दुनिया में सबसे अधिक जनसंख्या वाले देश और कुछ बड़े संसाधन मुहैया कराने वालों को संयुक्त राष्ट्र से बाहर रखा जाता है तो यह सयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के लिए अच्छा नहीं होगा।

भारत-जापान विशेष रणनीतिक साझेदारी पर जयशंकर ने कहा कि परिषद में भारत और जापान को वैसा ही स्थान देने की जरूरत है, जिसके वे हकदार हैं। उन्होंने कहा, अगर दुनिया में सबसे अधिक जनसंख्या वाले देश और कुछ बड़े संसाधन मुहैया कराने वालों को संयुक्त राष्ट्र से बाहर रखा जाता है तो यह संगठन के लिए अच्छा नहीं होगा। इसलिए हम चाहते हैं कि इसका जल्दी अहसास हो। जयशंकर अपने जापानी समकक्ष योको कामिकावा के साथ 16वीं भारत-जापान विदेश मंत्री रणनीतिक वार्ता के लिए यहां पहुंचे हुए हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि संयुक्त राष्ट्र की जब स्थापना हुई थी, तब करीब 50 सदस्य देश थे। जबकि आज 200 सदस्य देश हैं। इसलिए अधिकतर इस बात को समझते हैं कि संयुक्त राष्ट्र में सुधार की बहुत आवश्यकता है।



जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा से भेंट करते विदेश मंत्री जयशंकर।

### ग्लोबल साउथ के 125 देश करते हैं भारत पर भरोसा

**टोक्यो।** ग्लोबल साउथ के नेतृत्व पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि इस क्षेत्र के 125 देश भारत पर विश्वास करते हैं। जबकि चीन ने 2023 में उन दो बैठकों में शामिल होना उचित नहीं समझा जिन्हें भारत ने ग्लोबल साउथ के देशों के हित में आयोजित किया था। ग्लोबल साउथ का अर्थ विश्व के दक्षिणी भाग में स्थित विकासशील और गरीब देशों के समूह से है। भारत-जापान संबंधों पर आयोजित निक्केई फोरम में जयशंकर ने कहा, ग्लोबल साउथ के देशों की बहुत सारी समस्याएं समान प्रकृति की हैं। इसका एहसास कोविड महामारी के दौरान हुआ जब उनके लिए बचाव करने वाली वैक्सीन की किल्लत थी।

# राष्ट्रपति ने वायुसेना की चार यूनिटों को किया सम्मानित



**गाजियाबाद।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एयरफोर्स की चार यूनिटों को सर्वोच्च सैन्य सम्मान से सम्मानित किया गया है। इन्हें राष्ट्रपति मानक और रंग से सम्मानित किया गया। यह सम्मान 25 वर्षों में सराहनीय सेवाओं के लिए दिया जाता है।

जिन चार यूनिटों को सम्मान दिया जाता है उसमें 45 स्क्वाड्रन, 221 स्क्वाड्रन, 11 बेस रिपेयर डिपो और 509 सिग्नल यूनिट शामिल हैं। चारों यूनिट की ओर से ग्रुप कैप्टन एम सुरेंद्रन, ग्रुप कैप्टन शुभांकन, एयर आफिसर कमांडिंग आशुतोष वैद्य और कमांडिंग आफिसर ग्रुप कैप्टन विवेक शर्मा उपस्थित रहे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु पहली बार गाजियाबाद पहुंची।

**11 से मॉरीशस दौरे पर जाएंगी राष्ट्रपति मुर्मूः** राष्ट्रपति मुर्मु सोमवार से मॉरीशस के तीन-दिवसीय राजकीय दौरे पर रहेंगी, मुर्मू द्वीप राष्ट्र के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी। दो युद्धपोतों- आईएनएस तीर और सीजीएस सारथी- के साथ भारतीय नौसेना भी इसमें हिस्सा लेगी।

# गैंगस्टर जोड़े की शादी में पुलिस बनेगी पहरेदार

नई दिल्ली, एजेंसी

- शादी स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था में स्वाट कमांडो समेत 250 पुलिसकर्मी रहेंगे तैनात

कुख्यात गैंगस्टर संदीप उर्फ काला जठेड़ी राजस्थान की हिस्ट्रीशीटर लेडी डॉन उर्फ मैडम मिंज अनुराधा चौधरी के साथ शादी के पवित्र बंधन में बंधने जा रहा है। शादी समारोह में सुरक्षा व्यवस्था के चाकचौबंद इंतजाम किए जा रहे हैं। अदालत ने काला को शादी के लिए पैरोल दी है, महज छह घंटे की जमानत पर तिहाड़ जेल से बाहर आएगा।

सूत्रों के अनुसार, द्वारका सेक्टर तीन में 'संतोष गार्डन' को काला के वकील ने 51 हजार रुपये में बुक कराया है। वहीं, गैंगस्टर जोड़े की शादी में गैंगवार की आशंका के मद्देनजर स्वाट (स्पेशल वेपन एंड टेक्निक्स) कमांडो समेत 250 पुलिसकर्मी पेहरेदार बनेंगे। इस दौरान स्पेशल सेल, क्राइम ब्रांच और



हरियाणा की सीआईए (अपराध जांच एजेंसी) की टीमें मौजूद रहेंगी। संदीप के पिछले रिकॉर्ड को देखते हुए किसी भी घटना को रोकने के लिए खास प्लान तैयार किया गया है। पुलिस ने बताया कि संदीप के परिवार ने पुलिस के 150 मेहमानों की सूची साझा की है।

उन्होंने कहा कि शादी समारोह में वेटर और अन्य कर्मचारियों को पहचान पत्र दिए जाएंगे। दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हम इस बार कोई मौका नहीं लेना चाहते। इसलिए, तिहाड़ से लेकर द्वारका में विवाह स्थल तक पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। संतोष गार्डन तिहाड़ जेल से करीब सात किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। कोर्ट के आदेश के मुताबिक, संदीप को अपनी शादी के लिए सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक की इजाजत मिली है। बता दें कि मार्च, 2021 में दोनों ने इंदौर छोड़ दिया और बिहार चले गए। दोनों विवेकानंद कॉलोनी, पूर्णिया में किराये पर रहे। 30 जून, 2021 को बिहार से निकले और लखनऊ पहुंच गए। जुलाई, 2021 के दूसरे सप्ताह में रघुनाथ रेजीडेंसी, बहारदपुर, हरिद्वार चले गए। इसी माह दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने दोनों को यमुनानगर से सहारनपुर हाईवे पर सरवासा टोल के पास पकड़ लिया। काला की गिरफ्तारी पर सात लाख का इनाम घोषित था।

# उड़ान भरते ही गिरा विमान का टायर बाल-बाल बचे यात्री

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका में गुरुवार को बड़ा हादसा टल गया। अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के साथ ही यूनाइटेड एयरलाइंस के विमान का एक टायर नीचे गिर गया।

विमान ने जापान के ओसाका जाने के लिए उड़ान भरी थी। किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। विमान में 235 यात्री सवार थे। इसके अलावा 10 फ्लाइट अटेंडेंट और चार पायलट भी मौजूद थे। कंपनी ने अपने बयान में कहा है कि बोइंग 777-200 के उड़ान भरने के बाद एक टायर गिर गया। इसकी जानकारी होते ही तुरंत लॉस एंजलिस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की ओर इसे डायवर्ट कर दिया गया, जहां इसे सुरक्षित उतार लिया गया।

## कान्हा की नगरी में बम-बम...



**मथुराः** महाशिवरात्रि के अवसर पर नंदी पर विराजमान भगवान शिव के अद्भुत स्वरूप भूत-प्रेत, नाचते-गाते पिशाच, डाकिनी, शाकिनी। इन्हें झूमते-नाचते देख कान्हा की नगरी के ब्रजवासी भी झूमने पर मजबूर हो उठे। यह अद्भुत नजारा श्रीकृष्ण नगरी में निकाली गई शिव बारात का है। भोले बाबा की अनूठी व भव्य बारात में आकर्षक झांकियों के साथ नृत्य और बैंड की मधुर ध्वनि में श्रद्धालु झूमते रहे। • एजेंसी

**विज्ञान** विज्ञान संस्थान टेक्नोलॉजी ऑस्ट्रिया के प्रो जोरिट मैथी की टीम ने नए शोध में की आश्चर्यजनक खोज

# पृथ्वी से अरबों गुना अधिक होता है क्वासर ब्लैकहोल का द्रव्यमान

नैनीताल, कार्यालय

**अमृत विचारः** ब्रह्मांड में ब्लैकहोल की ताकत का अंदाजा हम सभी जानते हैं। मगर महाशक्तिमान ब्लैकहोल की शक्ति का एहसास कम ही लोगों को पता होगा , जिनका द्रब्यमान पृथ्वी से अरबो गुना अधिक होता है और ये करीबी कोई भी वस्तु को निगलने के बाद तेजी से उगल देते हैं।

नया शोध क्वासर कहे जाने इन ब्लैकहोल के बारे में चौंकाने वाली जानकारी देता है। वैज्ञानिकों के सामने दो प्रश्न खड़े होते हैं, कुछ ब्लैक होल इतने बड़े कैसे हो जाते हैं जो किसी समय शिशु रहे होंगे। आमतौर पर यही समझते हैं कि ब्लैक-होल रोमांचकारी, बुरे सबसे हिंसक और शून्य से घिरा होता है। मगर यहां महाविशाल ब्लैक होल की बात हो रही है, जिनका द्रव्यमान सूर्य से अरबों गुना अधिक होता है। इन्हें क्वासर कहा जाता है जो आस-पास के पदार्थ को खाते हैं और अतिरिक्त पदार्थ को इतनी आक्रामक तरीके से उगलते हैं कि वे प्रकाश की अविरल धारा बनाते हैं और अपनी ही आकाशगंगा को हिलाकर रख देते हैं। यह इतनी बड़ी घटना है कि जिसके बारे में कल्पना भी नही की जा सकती है।

मगर तकनीकि सुविधाओं के विकास ने इन महाशक्तियों की पहचान करनी शुरू कर दी है। जिसमें सबसे बड़ी सुविधा जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप के आ जाने से संभव हो सकी है। गत दिवस वैज्ञानिकों ने एक अध्ययन जारी किया है। जिसमें जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप की मदद से चमकदार क्वासरों की आबादी की पहचान की है, जो काफी विशाल हैं। इस खोज के बहुत बड़े होने का कारण यह है कि बहुत लंबे समय तक वैज्ञानिक यह सुनिश्चित नहीं कर पाए हैं कि कुछ क्वासर विशाल आकार तक कैसे पहुंचते हैं। जिन क्वासर की खोज हुई है , वह समस्याग्रस्त क्वासर हैं, जो आसपास के पदार्थ को सक्रिय रूप से खाना शुरू कर देता है, तो यह अंततः एक बड़ा भयानक क्वासर बन जाता है। विज्ञान संस्थान टेक्नोलॉजी ऑस्ट्रिया के प्रो जोरिट मैथी की टीम ने यह खोज की है।



जेम्स वेब द्वारा ली गयी क्वासर यानी महा ब्लैकहोल की तस्वीर।

### तारे की मृत्यु के बाद जन्म लेता है ब्लैकहोल

जब कोई विशाल तारा अपने जीवन के अंत के करीब पहुंचता है, तो उसकी आंतरिक परमाणु संलयन प्रक्रिया के दौरान हाइड्रोजन सामग्री को हीलियम में बदल देता है, जो कि खत्म होने लगती है। अंत में आंतरिक संलयन पूरी तरह से बंद हो जाता है। तब बाहरी दबाव भी समाप्त हो जाता है और तारा अपने आप ही ढह जाता है। इस अवस्था को विस्फोटक सुपरनोवा मृत्यु कहा जाता है और तब एक ब्लैकहोल का जन्म होता है। मरते तारों के प्रतिमान बताते हैं कि यदि मूल तारा सूर्य के भार से 40-50 गुना ज्यादा हो, तो संकुचन जारी रहता है और विचित्र स्थिति बन जाती है जिसे गुरुत्व सिंग्युलैरिटी और आम बोलचाल में ब्लैकहोल कहते हैं।

# पड़ोसियों की खाद्य सुरक्षा का भी ध्यान रखता है भारत

**जिनेवा।** इंडिया वाटर फाउंडेशन के अध्यक्ष अरविंद कुमार ने गुरुवार को कहा कि भारत उन कुछ देशों में से एक है, जो न केवल अपने नागरिकों बल्कि आवश्यकता पर पड़ोसियों की खाद्य सुरक्षा का भी ध्यान रखता है।




अरविंद जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार समिति के 55वें सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने नीली क्रांति को लेकर भारत की पहल और कदमों के बारे में भी बताया। अरविंद कुमार ने कहा 'भारत उन कुछ देशों में से एक है जो न केवल अपने लोगों के लिए एक मजबूत सार्वजनिक खाद्य वितरण प्रणाली के साथ खाद्य सुरक्षा को मजबूत करता है, बल्कि जरूरत पड़ने पर अपने पड़ोसियों और वैश्विक दक्षिण के अन्य देशों के लिए भी खाद्य सुरक्षा को मजबूत करता है।

# चीन के विरुद्ध भारत से सहयोग मजबूत कर रहा अमेरिका

वाशिंगटन, एजेंसी

- बाइडन ने कहा, अमेरिका चीन के साथ प्रतिस्पर्धा चाहता है न कि टकराव



अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने गुरुवार को कहा कि भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान जैसे अपने सहयोगियों के साथ अमेरिका अपनी साझेदारी को और मजबूत कर रहा है। इसके साथ ही उनका देश अनुचित आर्थिक व्यवहार, ताइवान जलडमरूमध्य में शांति व सुरक्षा के लिए चीन के खिलाफ खड़ा है ।

स्टेट ऑफ द यूनियन संबोधन में बाइडन ने कहा कि अमेरिका, चीन के साथ प्रतिस्पर्धा चाहता है न कि टकराव। बाइडन ने गुरुवार को अमेरिकियों को बताया कि देश बीजिंग के खिलाफ 21वीं सदी में प्रतिस्पर्धा जीतने के लिए मजबूत स्थिति में है। उन्होंने कहा, 'हम चीन के अनुचित आर्थिक कदमों और ताइवान जलडमरूमध्य में शांति व सुरक्षा के लिए उसके खिलाफ खड़े हैं और साथ ही सहयोगियों और प्रशांत क्षेत्र के देशों भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान तथा दक्षिण कोरिया के साथ अपनी साझेदारी को मजबूत बना रहे हैं।

बाइडन ने कहा, 'वर्षों से, मैंने अपने रिपब्लिकन मित्रों और कई अन्य लोगों से सुना है कि चीन आगे बढ़ रहा है और अमेरिका पीछे जा रहा है लेकिन यह उल्टा है। अमेरिका आगे बढ़ रहा है। उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका की अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे अच्छी है।